# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार 16 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 296 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




जम्मू-कश्मीर के लोक भवन में आतंकवाद से पीड़ित परिजन को सरकारी नियुक्ति पत्र सौंपते उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

# प. बंगाल समेत पांच राज्यों में चुनाव का ऐलान

## तमिलनाडु में 23 अप्रैल, बंगाल में दो चरणों 23 एवं 29 और केरल, असम एवं पुडुचेरी में 9 अप्रैल को होगा मतदान | चुनाव परिणाम 4 मई को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया। तमिलनाडु में एक चरण में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। तीन राज्य केरल, असम और पुडुचेरी में एक चरण में यानी 9 अप्रैल मतदान होगा। सभी पांचों राज्यों का चुनाव परिणाम 4 मई को आएगा। इसके साथ इन राज्यों में आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पांच राज्यों- यूटी में 17.4 करोड़ मतदाता और 824 सीटें हैं। 2021 में इन सभी पांच राज्यों के चुनाव का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था। पिछली बार बंगाल में 8 चरणों में चुनाव हुए थे। असम में तीन और तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में सिंगल फ़ेज में वोटिंग हुई




थी। पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई-जून में खत्म हो रहा है। जिन पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें एसआइआर के बाद तमिलनाडु से सबसे ज्यादा वोटर्स के नाम कटे हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 को एसआइआर प्रक्रिया शुरू होने के दौरान राज्य में कुल 6,41,14,587 वोटर थे। करीब चार महीने चली एसआइआर में 74,07,207 लोगों के नाम हटाए गए हैं। राज्य में अब 5,67,07,380 मतदाता पंजीकृत हैं। वहीं पश्चिम बंगाल दूसरे नंबर पर है जहां करीब 58 लाख लोगों के नाम कटे हैं। फिर केरल में 8 लाख, असम में 2 लाख और पुडुचेरी में सबसे कम 77 हजार लोगों के नाम एसआइआर प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची से हटाए गए। असम में स्पेशल रिवीजन कराया गया था। तारीखों के ऐलान के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 326, चुनाव आयोग को यह दायित्व देता है कि वह पात्र लोगों को सूची में रखे। जो मतदाता 18 साल के हैं, भारत के नागरिक हैं। आचार संहिता लागू होने के बाद अब कोई राज्य नई घोषणाओं के ऐलान नहीं कर सकता। हिंसा को चुनाव आयोग बर्दाश्त नहीं करेगा। अभी तक जो घटनाएं हुईं वे आचार संहिता लागू करने




के पहले हुईं। आज के बाद एक्शन लिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आयोग मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और निगरानी को मजबूत करने के लिए चारों राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2026 के विधानसभा चुनावों के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर 100% वेबकास्टिंग की सुविधा प्रदान करेगा। चुनाव आयुक्त ने कहा कि तारीखों के ऐलान से पहले आचार संहिता नहीं थी लेकिन अब लागू है। आयोग ने चुनाव के फ़ेज कम करने के लिए तैयारी की है। यह हर किसी के लिए सुविधाजनक होगा। पिछले चुनावों में हिंसा का इतिहास देखते हुए चुनाव में पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। एसआइआर की सप्लिमेंट्री लिस्ट आते ही इसे मेन लिस्ट में जोड़ दिया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पिछले 12 महीने में चुनाव आयोग ने पारदर्शिता लाने के लिए कई नए प्रयोग किए। पहला था एसआइआर जिसमें यह निश्चित किया गया कि कोई भी अयोग्य व्यक्ति वोटर लिस्ट में न रहे। दूसरा- मोबाइल फोन पोलिंग स्टेशन के बाहर ही रखा जाएगा। वोट देने के बाद उसे वापस ले सकेंगे। एक पोलिंग स्टेशन में 1200 से ज्यादा वोटर्स न हों। सभी जानकारी चुनाव से जुड़ी जिनमें एपिक कार्ड, प्रत्याशियों के हलफनामे एक एप पर उपलब्ध हैं। चुनाव आयुक्त ने कहा कि मैं युवाओं और पहली बार वोट देने वाले लोगों से अपील करता हूं कि वे अपने जीवन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जरूर निभाएं। वे वोट जरूर करें। आपका वोट आपकी चॉइस है जो भविष्य का निर्माण करेगा। भारत में चुनाव लोकतंत्र का पर्व है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईद की खरीदारी से पहले युवक की हत्या

**पाकुड़ (नबिटा ब्यूरो)।** अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना प्रखंड मुख्यालय स्थित केपीएस कैंप के पास हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनाराठाढ़ी निवासी 22 वर्षीय लाल बाबू अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा की मौत

**जामताड़ा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नारायणपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की 11वीं कक्षा की छात्रा छामोली टुडू की तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद छात्रा के परिजनों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विद्यालय प्रबंधन व वार्डन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि शनिवार को छात्रा की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, लेकिन उसे अस्पताल ले जाने में काफी देर की गई।

### किशोर की संदिग्ध मौत से आक्रोश

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सुगी गांव में 14 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से गांव में आक्रोश फैल गया है। परिजनों का आरोप है कि गांव का ही एक युवक शनिवार रात उसे घर से बुलाकर मोटरसाइकिल से अपने साथ ले गया था। कुछ ही घंटे बाद ट्रैक्टर से गिरकर उसकी मौत होने की सूचना मिली। घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है। मृतक की पहचान सुगी गांव निवासी कमलेश पासवान के रूप में हुई है।

## युवाओं के दम पर नया वाम विकल्प होगा तैयार : डी राजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष मना रही है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद देश की दूसरी सबसे पुरानी पार्टी सीपीआई शताब्दी वर्ष के अवसर पर आज रांची में धूमधाम से समारोह आयोजित कर रही है। झारखंड राज्य परिषद की ओर से आयोजित सीपीआई शताब्दी वर्ष समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश सीपीआई कार्यालय भवन के नवनिर्माण की आधारशिला भी रखी गई। समारोह में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री शिवकुमार मुखर्जी, झारखंड प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। राजधानी रांची के अटल वेंडर मार्केट के चौथे तले पर बने सभागार में यह शताब्दी वर्ष समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की




अध्यक्षता कन्हाईमल पहाड़िया ने की। राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने कहा कि पार्टी ने स्थापना काल से अब तक के 100 वर्षों के इतिहास में जनसरोकार के मुद्दों पर लगातार संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी केवल चुनाव के लिए नहीं है, हम जनता की समस्याओं को लेकर जन संघर्ष के लिए हैं। डी. राजा ने झारखंड में जल, जंगल और जमीन की लड़ाई को अभी भी अधूरा बताया और कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी इसे पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि संघर्ष के दौरान कई साथियों को खोया है, फिर भी जनता के हित में जनआंदोलन नहीं छोड़ा गया। जन आंदोलन के माध्यम से जन विश्वास जीतकर झारखंड में एक मजबूत विकल्प बनने का प्रयास किया जाएगा। समारोह में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री शिवकुमार मुखर्जी, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, सीपीआई राष्ट्रीय परिषद सदस्य पीके पांडे, कन्हाईमल पहाड़िया, महादेव भंते, जैनेंद्र तथागत, देवांशु सिंह, हिमांशु सिंहराम, जिला सचिव अजय सिंह, सोनिया देवी, अर्जुन कुमार यादव, नीरज सिंह, चंदेश्वर सिंह, विकास कुमार वर्मा, संतोष कुमार रजक, अजय कुमार सिंह, धर्मवीर सिंह, अंबुज ठाकुर, अनिरुद्ध कुमार, गयानाथ पांडेय, गौरव रवानी, शंभू मोहाली, रुचिर कुमार तिवारी, मनोज ठाकुर, श्यामल चक्रवर्ती, स्वामीनारायण चक्रवर्ती, गणेश महतो, राजेंद्र यादव, नूनू चंद महतो, स्वयंवर पासवान, चुन्नू पांडे, अब्दुल्लाह अंसारी, इम्तियाज खान, अली अंसारी, कमालुद्दीन, मनोज महतो, चितरंजन महतो सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से

## एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट में चार की हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** शहर के बैरिया चौक के पास रविवार को एक एलपीजी गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया है। इस ब्लास्ट में चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया है। बाद में सभी को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जिस घर मे सिलेंडर ब्लास्ट हुआ है उसके दूसरे फ्लोर पर क्षेत्र की एक स्मॉल बैंकिंग फाइनेंस कंपनी का कार्यालय है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस एवं दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। सभी जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया, वहीं एक घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद दमकल ने आग पर काबू पाया है। जहां पर ब्लास्ट हुआ है वहां से तीन दर्जन से अधिक गैस के सिलेंडर बरामद हुए हैं। पुलिस एवं दमकल की टीम ने कुछ गैस सिलेंडर को भी बाहर निकला है, घर के अंदर धुंआ भरा हुआ है और गैस लीक कर रही है। पुलिस की शुरुआती छानबीन में पता चला है कि चला है कि पांडु के इलाके में संचालित एक गैस एजेंसी का सिलेंडर घर में रखा हुआ था। यह वैध है या अवैध है पुलिस एवं प्रशासनिक टीम इसकी विस्तृत जांच कर रही है। डीएसपी राजीव रंजन ने बताया पुलिस को सूचना मिली थी कि एक निजी फाइनेंस कंपनी के नीचे गोदाम में सिलेंडर ब्लास्ट हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी और सभी जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल में भेजा। ब्लास्ट में धर्मेंद्र सिंह, विक्रम कुमार, मुकेश कुमार सिंह एवं आलोक कुमार जख्मी हुए हैं।

## जमीन कारोबारी से पीएलएफआई नक्सली ने मांगी लेवी, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** झारखंड के खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र में पीएलएफआई नक्सली संगठन द्वारा एक जमीन कारोबारी से लेवी मांगने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पीएलएफआई के राजेश यादव नामक नक्सली द्वारा कारोबारी से लेवी की मांग की गई है। इस घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र के व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। सूत्रों के अनुसार रनिया थाना क्षेत्र के एक जमीन कारोबारी से पीएलएफआई संगठन के राजेश यादव नामक नक्सली द्वारा लेवी की मांग की गई है। कारोबारी को धमकी देकर पैसे देने के लिए कहा गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इधर जिले में हाल के दिनों में पीएलएफआई नक्सली संगठन की गतिविधियां फिर से बढ़ती नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि संगठन के सदस्य पहले से व्यवसायियों की सूची बनाकर रखते हैं और उसी आधार पर अलग-अलग क्षेत्रों में लेवी की मांग करते हैं। बताया जा रहा है कि इससे पहले खूंटी शहर में भी एक शराब व्यवसायी से लेवी मांगे जाने का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लेवी मांगने और कई घटनाओं में शामिल छह पीएलएफआई नक्सलियों को गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी स्थिति में उन्हें बढ़ने नहीं दिया जाएगा। पुलिस प्रशासन का कहना है कि नक्सली गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## रांची ट्रैफिक पुलिस ने चलाया बड़ा अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह आम लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए अब खुद जागरूकता अभियान चल रहे हैं। सड़क जागरूकता अभियान को लेकर रविवार को एक बड़ा अभियान ट्रैफिक एसपी के नेतृत्व में रांची में चलाया गया। इस अभियान के तहत ना तो लोगों का फाइन काटा गया और ना ही उनका चालान। बल्कि उन्हें यह समझाया गया कि अगर वह ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे तो उनकी जिंदगी सुरक्षित रहेगी। रांची में औसतन हर महीने 20 से 25 लोगों की जान सड़क हादसों में चली जाती है। वहीं आधा दर्जन से ज्यादा गंभीर रूप से घायल होकर अपंग हो जाते हैं। अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर हादसे ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की वजह से होते हैं। ऐसे में रांची के सीनियर एसपी के निर्देश



पर रांची ट्रैफिक एसपी ने रविवार को अपनी पूरी टीम के साथ राजधनी में घूम घूमकर ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत ट्रैफिक जागरूकता संबंधित विभिन्न तरह के जागरूकता नोट्स के बैनर बनाकर ट्रैफिक पुलिस शहर भर में घूम घूमकर लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस से बचने के लिए ट्रैफिक नियम का पालन न करें बल्कि अपनी जान बचाने के लिए नियमों का पालन करें। इस अभियान के तहत बिरसा चौक से अरगोड़ा चौक होते हुए फिरायालाल चौक तक मोटरसाइकिल रैली निकाली गई और नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर रांची नगर क्षेत्र के कई पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, स्थानीय थाना प्रभारी, ट्रैफिक प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

### एयर एंबुलेंस हादसा, जंगल में मिला विमान का दूसरा इंजन

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** सिमरिया थाना क्षेत्र स्थित कासियातू करमटांड स्थित पत्थर पनिया जंगल में 23 फरवरी को हुए एयर एंबुलेंस हादसे के बाद उसका दूसरा इंजन रविवार को मिला है। महुआ चुनने गई महिलाओं को जंगल में दूसरा इंजन दिखाई दिया और सभी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिमरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और इंजन को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि यह इंजन दुर्घटना स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल में मिला है। 23 फरवरी को इसी इलाके में एक एयर एंबुलेंस क्रैश हो गई थी, जिसमें पायलट समेत कुल सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि बरामद इंजन को पुलिस ने सुरक्षित कब्जे में ले लिया है और जांच टीम के आने का इंतजार कर रही है।

## क्षत्रिय गौरव एकता समागम में समाज की एकता एवं संगठन पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित पुराना विधानसभा मैदान में रविवार को क्षत्रिय गौरव एकता समागम 2026 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड प्रदेश क्षत्रिय गौरव एकता मंच के तत्वावधान में हुआ जिसमें झारखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों से पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। समागम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा शिवहर लोकसभा क्षेत्र की सांसद लवली आनंद, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह, पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, पूर्व सांसद सुनील सिंह तथा धनबाद के नवनिर्वाचित मेयर संजीव सिंह सहित कई प्रमुख हस्तियां कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, संगठन तथा सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई। मंच से वक्ताओं ने कहा कि समाज को




मजबूत बनाने के लिए आपसी एकजुटता जरूरी है और ऐसे कार्यक्रम इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि समाज में एकता लाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिखराव की स्थिति के कारण कई बार समाज के हक और अधिकार कमजोर पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर समाज को जोड़ने का काम करना होगा। इस समागम का उद्देश्य भी यही है कि क्षत्रिय समाज से जुड़े सभी लोग एक मंच पर आएं और समाज की मजबूती के लिए मिलकर काम करें। पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है और इस समाज ने हमेशा देशहित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि समागम में इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि समाज किस तरह आगे भी राष्ट्र निर्माण और सामाजिक विकास में अपनी भूमिका को और मजबूत कर सकता है। पूर्व सांसद सुनील सिंह ने कहा कि समाज को एकजुट करने और आपसी संवाद को बढ़ाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से आए लोग इस मंच पर अपने विचार साझा कर रहे हैं, जिससे समाज के बीच संवाद और सहयोग की भावना मजबूत होगी। धनबाद के नवनिर्वाचित मेयर संजीव सिंह ने कहा कि समाज की एकता और आपसी सहयोग से ही सामाजिक विकास संभव है और ऐसे आयोजन लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का काम करते हैं। समागम के मुख्य अतिथि बृजभूषण शरण सिंह ने अपने संबोधन में लोगों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की ताकत उसकी एकता में होती है और जब समाज संगठित होता है तो वह हर क्षेत्र में मजबूत भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का आयोजकों की ओर से स्वागत और सम्मान किया गया। समागम में झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए जिससे पूरा मैदान लोगों से खचाखच भरा नजर आया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज के बीच एकता और संवाद की प्रक्रिया लगातार जारी रह सके।






C M Y K

# चैती छठ को लेकर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने किया घाटों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह** । लोक आस्था के महापर्व चैति छठ को लेकर जिले में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्या कुमार सोनू ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान उनके साथ गिरिडीह नगर निगम की मेयर प्रमिला मेहरा, उपनगर आयुक्त प्रशांत लायक, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह, झामुमो महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार रॉकी समेत कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे बताया गया कि 22 मार्च से नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ की शुरूआत होगी।

इस दिन व्रती स्नान कर शुद्ध सात्विक भोजन कद्दू-भात का सेवन करते हैं। 23 मार्च को दूसरे दिन खरना पूजा होगी, जिसमें व्रती मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद बनाते हैं। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है। तीसरे दिन 24 मार्च को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि 25 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा घाटों के निरीक्षण के बाद मंत्री सुदिव्या कुमार सोनू ने बताया कि सभी छठ घाटों के सौंदर्यीकरण, गेट निर्माण, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था और अर्घ्य के लिए जलार्पण की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां भी कमी दिखाई दे, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो उन्होंने बताया कि घाटों की साफ-सफाई के लिए पर्याप्त संख्या में मजदूर लगाए गए हैं तथा घाटों तक पहुंचने वाली सड़कों और लाइट व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है घाटों के निरीक्षण से पूर्व नए परिषदन भवन में मंत्री सुदिव्या कुमार सोनू की अध्यक्षता में एक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें अधिकारियों को छठ महापर्व को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मेयर प्रमिला मेहरा, झामुमो जिलाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष संजय सिंह, उपनगर आयुक्त प्रशांत लायक, एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्प्यूट, एसडीपीओ जितवाहन ओराव, डीएसपी नीरज कुमार सिंह, झामुमो महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार रॉकी समेत नगर, मुफ्फसिल और पचम्बा थाना के प्रभारी उपस्थित थे प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि चैती छठ के दौरान सभी घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि श्रद्धालु पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ महापर्व मना सकें।

## बिजली चोरी में छह लोगों पर डेढ़ लाख से अधिक जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ** । बिंद थाना क्षेत्र के जमसारी गांव में शनिवार को बिजली विभाग ने विद्युत चोरी के खिलाफ सघन अभियान चलाया। इस दौरान मीटर बाईपास कर तथा खंभों से सीधे तार जोड़कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे छह लोगों को रंगे हाथ पकड़ा गया। विभाग ने सभी पर कुल 1 लाख 57 हजार 964 रुपये का आर्थिक दंड लगाया है और स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

कनीय विद्युत अभियंता कुमारी श्वेता सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गांव में यह छापेमारी की गई थी। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपित मीटर को बाईपास कर या बिजली के खंभों से सीधे तार फंसाकर बिजली की चोरी कर रहे थे। पकड़े गए लोगों में मिथलेश कुमार पर सर्वाधिक 80 हजार 557 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

# राज्यसभा और विधानसभा में उठे पत्रकारों की सुरक्षा व सम्मान का मुद्दा

■ प्रीतम भाटिया ने राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** आज ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह



भाटिया ने राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को प्रदेश कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व श्री भाटिया ने कोल्हान आयुक्त को भी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था। साथ ही ऐसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा एक सप्ताह से सोशल मीडिया कैंपेन और विधायकों को व्हाट्सएप के माध्यम से पत्रकारों के मुद्दे पर जागरूक किया जा रहा है कि वे सदन में मांग उठाएं ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने पत्रकारों को सुरक्षा कानून, फर्जी मामलों की सीआईडी जांच बीमा पेंशन एक्रिडेशन आवास पत्रकार आयोग प्रेस क्लब जमीन सहित अन्य 12 सूत्री मांगों से अवगत कराया। इस पर आदित्य साहू ने झारखंड विधानसभा और राज्यसभा में पत्रकारों की सुरक्षा व सम्मान का मुद्दा उठाने का आश्वासन दिया है।

इसके अलावा ऐसोसिएशन के जमशेदपुर जिला अध्यक्ष विनोद सिंह ने भी एक माह जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू को 11 सूत्री मांग सौंपा था। ऐसोसिएशन के संताल परगना प्रमंडल प्रभारी कुणाल सिंह राजपूत ने भी जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर को ज्ञापन सौंपकर पत्रकारों की समस्याओं से अवगत कराया था ऐसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रविंद पांडेय और दिनेश बनर्जी द्वारा भी राज्य के अन्य विधायकों को मांग पत्र सौंपा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्व त्योहार में विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर डीएम-एसपी ने की बैठक

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** ईद-उल-फितर, चिरागा मेला (चादर जुलूस), रामनवमी, चैती छठ पूजा एवं महावीर जयंती के अवसर पर विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय संबंधित पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में आगामी पर्व त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ईद-उल-फितरः 20 मार्च से 21 मार्च 2026 चैती छठ पूजाः 22 मार्च से 25 मार्च 2026 चिरागा मेला / चादर जुलूसः 23 मार्च से 02



अप्रैल 2026 रामनवमीः 27 मार्च से 28 मार्च 2026 महावीर जयंतीः 30 मार्च से 31 मार्च 2026 पर्व-त्योहारों के अवसर पर जिले के संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। ईद एवं रामनवमी के अवसर पर भीड़ नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ वाहन गश्ती दल एवं पैदल गश्ती दल भी सक्रिय रहेंगे। जुलूस एवं धार्मिक आयोजनों के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुरूप ही लाइसेंस की अनुमति प्रदान की जाएगी। बिना लाइसेंस के किसी प्रकार का जुलूस पर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे । प्रत्येक 200 व्यक्तियों पर 1 अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी। जुलूस आयोजकों से पहचान पत्र एवं आवश्यक विवरण प्राप्त किए जाएंगे। किसी भी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को जुलूस में वालंटियर्स अथवा आयोजक नहीं बनाया जाएगा। चैती छठ पूजा के अवसर पर जिले के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था इन सभी व्यवस्थाओं के लिए संबंधित नगर निकायों एवं विभागों को निर्देशित किया गया है। बिहारशरीफ, हिलसा तथा राजगीर अनुमंडल के विभिन्न घाटों पर प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकतानुसार सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी। नगर निगम बिहारशरीफ द्वारा शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर कुल 574 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिसमें 494 कैमरे स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत तथा 80 कैमरे नगर निगम द्वारा लगाए गए हैं। बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में चयनित स्थानों पर जनरेटर के माध्यम से सीसीटीवी कैमरों का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्रवाई भी की जाएगी। सभी नगर निकायों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में स्थित मंदिरों, ईदगाहों तथा अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें। नगर निगम एवं संबंधित विद्युत एजेंसियां मिलकर इन स्थानों पर पर्याप्त प्रकाश एवं बिजली व्यवस्था उपलब्ध कराएंगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। चिरागा मेला के अवसर पर भीड़ प्रबंधन एवं विधि-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच सिविल न्यायालय परिचर भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संपन्न

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** नालंदा जिले में सिविल न्यायालय के परिचर पद की नियुक्ति परीक्षा रविवार को कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। प्रशासन की सख्ती और व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। बिहारशरीफ अनुमंडल पदाधिकारी



किसलय श्रीवास्तव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के सभी 32 परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की थी। इसके तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगाई गई थी। साथ ही लाठी, गड़ासा अथवा लाइसेंसी अग्निशस्त्र सहित किसी भी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संचालित हुई। परीक्षा के लिए जिले में कुल 32 केंद्र बनाए गए थे, जहां प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए केंद्रों के 500 गज के दायरे में आने वाली सभी फोटो कॉपी दुकानें, साइबर केंद्र और प्रशिक्षण संस्थानों को सुबह 10:00 बजे से परीक्षा समाप्ति तक बंद रखने का निर्देश दिया गया था। इसके अलावा ध्वनि विस्तारक यंत्रों और लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी पूरी तरह रोक लगाई गई थी। परीक्षार्थियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि वे लेखन सामग्री के अलावा मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार का विद्युत उपकरण परीक्षा केंद्र के अंदर नहीं ले जाएंगे। हालांकि यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, शव यात्रा तथा लाठी के सहारे चलने वाले बुजुर्गों और दिव्यांग व्यक्तियों पर लागू नहीं था। प्रशासन ने चेतावनी दी थी कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गैस सिलेंडर की बढ़ती समस्या पर डीएसओ ने किया निरीक्षण, कालाबाजारी पर एफआइआर की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गैस सिलेंडर की बढ़ती समस्या को लेकर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। गिरिडीह उपायुक्त के निर्देश पर रविवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम सामदानी ने सिहोडीह स्थित झारखंड इंडेन गैस एजेंसी पहुंचकर निरीक्षण एवं जांच की निरीक्षण के दौरान डीएसओ गुलाम सामदानी ने एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार से लाभुकों के एलपीजी



गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करते हुए कोई पकड़ा गया तो उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की जाएगी।

उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए धैर्य और शांति बनाए रखें। जैसे-जैसे गैस सिलेंडर की आपूर्ति होगी, वैसे-वैसे सभी लाभुकों को सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा।जिला प्रशासन की ओर से लोगों से सहयोग की अपील की गई है। अधिकारियों ने बताया कि गैस सिलेंडर की समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही स्थिति सामान्य करने का प्रयास किया जाएगा।

# गिरिडीह में 17 मार्च को हिन्दू सम्मेलन डॉ. प्रवीण तोगड़िया करेंगे संबोधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह** । अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, राष्ट्रीय महिला परिषद एवं ओजस्विनी के संस्थापक अध्यक्ष तथा राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख नेता प्रवीण तोगड़िआ 17 मार्च को गिरिडीह पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर शहर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है यह सम्मेलन मंगलवार को दिन के 1:30 बजे गांधी चौक स्थित मोदी धर्मशाला में आयोजित होगा।



कार्यक्रम में प्रवीण तोगड़िआ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर सनातन समाज को संबोधित करेंगे आयोजकों ने बताया कि देशभर में हिन्दू समाज को जागृत और एकजुट करने के उद्देश्य से उनका प्रवास कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में वे गिरिडीह की पावन धरती पर आकर सम्मेलन को संबोधित करेंगे सम्मेलन में ह्रसशक्त हिन्दू, सुरक्षित हिन्दू और सम्मानयुक्त हिन्दूह्व के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा। आयोजकों ने सनातन समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# पर्व-त्योहारों की तैयारी को लेकर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह** । आगामी पर्व-त्योहारों को लेकर झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्या कुमार सोनू ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पर्व के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व के दौरान शहर में चलने वाले टोटो (ई-रिक्शा) के रूट को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाए, ताकि मुख्य सड़कों और पूजा स्थलों के आसपास यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही मंत्री ने संबंधित विभागों को घाटों, प्रमुख मार्गों



और पूजा स्थलों के आसपास साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं।बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। मंत्री ने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने तथा समय पर व्यवस्थाएं पूरी करने का निर्देश दिया।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश के आलोक मे रविवार को बौलिया पंचायत में ग्रामीणों के बीच मुफ्त, पक्का, और सुलभ न्याय को लेकर विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। पैनल वकील विजय कुमार पाठक ने समय समय पर लोक अदालत के माध्यम से सुलभ, सस्ता व पक्का न्याय की जानकारी दी।

लोगो को घरेलू हिंसा, महिला उत्पीडन, बाल श्रम, बच्चों, युवाओं में बढते नशे की प्रवृति के प्रति समाज को सचेत



किया। बैठक मे पारा लीगल वालेंटियर रेहाना परवीन, मुखिया जार्जिस आलम ने भी अपने विचार रखे।

# पश्चिम बंगाल की 100 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह** । राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अपने दम पर 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह जानकारी पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने दी। उन्होंने बताया कि पार्टी पश्चिम बंगाल में अपने संगठन को लगातार मजबूत कर रही है और प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ पांडे के नेतृत्व में राज्य भर में रैली और बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। राजकुमार राज ने बताया कि इसी क्रम में 29 मार्च को बांकुरा में पार्टी की ओर से एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें पार्टी के कई केंद्रीय नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वह स्वयं झारखंड से सह-प्रभारी के रूप में इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में पद्म भूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान के समर्थकों की बड़ी संख्या है, जिसका लाभ पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में मिलने की उम्मीद है। राजकुमार राज के अनुसार झारखंड से सटे पश्चिम बंगाल के कई क्षेत्रों में पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी। इनमें पुरुलिया, बांकुरा, मेदिनीपुर, खड़गपुर और आसनसोल प्रमुख रूप से शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी भारतीय जनता पार्टी के साथ है, लेकिन संगठन के विस्तार और मजबूती के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी राजकुमार राज ने दावा किया कि पार्टी ने अधिकतर सीटों पर मजबूत उम्मीदवार तैयार किए हैं और उन्हें पूरा विश्वास है कि आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी न सिर्फ अपना खाता खोलेगी बल्कि पश्चिम बंगाल की राजनीति में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराएगी।

# साहित्य सम्मेलन में 'लेख्य-मंजूषा' तथा 'अभ्युदय अंतर्राष्ट्रीय' ने आयोजित की संगोष्ठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना** । अत्यंत तीव्र गति से बदल रहे संसार में 'कृत्रिम-बौद्धिकता' एक बहुत बड़ा युगांतर उत्पन्न करने जा रही है। यद्यपि कि यह मानव-बुद्धि की ही उपज है, किंतु यदि इसे मर्यादित नहीं रखा गया तो यह कुछ ही दिनों में संसार की बुद्धि ही नहीं मानव का हृदय भी छीन लेगी। तकनीक के इस युग में इससे न तो बचा जा सकता है और न इसे टाला ही जा सकता है। यह मानव-जीवन का अपरिहार्य और अनिवार्य हिस्सा बनने जा रही है। यदि इसका सदुपयोग किया जा सका तो संसार बहुत शीघ्रता से समृद्ध हो जाएगा, और यदि दुरुपयोग हुआ तो विनाश भी शीघ्र हो सकता है।

साहित्यकारों के लिए यह विषय अत्यंत चुनौती भरा है। क्योंकि



अंततः समाज के मार्ग-दर्शन का दायित्व साहित्य समाज पर ही है। यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में साहित्यिक संस्था 'लेख्य-मंजूषा', पटना तथा 'अभ्युदय अंतर्राष्ट्रीय' बंगलुरु के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित हुए साहित्योत्सव का उद्घाटन करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि समान विचार-धारा वाली देश की संस्थाएँ संयुक्त होकर साहित्य और समाज को संतृप्त कर रही हैं, यह एक स्तुत्य और स्वागत योग्य कार्य है। साहित्यिक संस्थाएँ भी 'कृत्रिम-बौद्धिकता' जैसे तकनीकी विषयों को अपने चिंतन में ले रहीं हैं, यह भी परितोषप्रद है। डा सुलभ ने इस अवसर पर लेख्य-मंजूषा की ओर से संस्था की अध्यक्ष विभारानी श्रीवास्तव के सम्पादन में प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका 'साहित्यिक स्पंदन' तथा कोलकाता की लेखिका सविता भुवानिया के लघुकथा-संग्रह 'खिलते कुसुम' का लोकार्पण भी किया। चंदा मिश्र की वाणी-वंदना और अभ्युदय की संस्थापिका डा इन्दु झुनझुनवाला तथा कवयित्री डा कृष्णा मणिश्री द्वारा प्रस्तुत 'अभ्युदय-गान' से आरम्भ हुए इस साहित्योत्सव में उद्घाटन-सत्र के पश्चात 'कृत्रिम-बौद्धिकता' का कैसे हो सदुपयोग?' विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें बंगलुरु से पधारे 'अभ्युदय' के अध्यक्ष डा प्रेम तन्मय, अनिल वसंत मोघे, डा इन्दु झुनझुनवाला, डा ध्रुब कुमार, गाज़ियाबाद से पधारीं वरिष्ठ विदुषी कमला अग्रवाल तथा रंजना सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उद्घाटन-सत्र का संचालन रवि भूषण ने तथा गोष्ठी का संचालन मैसूर से पधारीं डा कृष्णा मणिश्री ने किया। इस अवसर पर दोनों संस्थाओं की ओर से डा अनिल सुलभ को 'डा सतीशराज पुष्करणा स्मृति सम्मान' से विभूषित किया गया। भोजनावकाश के पश्चात वरिष्ठ कवि और साहित्य सम्मेलन के साहित्यमंत्री भगवती प्रसाद द्विवेदी की अध्यक्षता में एक भव्य कवि-सम्मेलन का भी आयोजन हुआ, जिसमें नोएडा से पधारे 'मंज़िल समूह साहित्यिक मंच' के मुख्य कार्यकारी सुधीर सिंह सुधाकर, डा शशि भूषण सिंह, मधुरेश नारायण, शुभचंद्र सिन्हा, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, डा किशोर सिन्हा, डा उषा सिन्हा, डा अनीता राकेश, कमल किशोर वर्मा 'कमल', डा शालिनी पाण्डेय, मीरा प्रकाश, डा मीना कुमारी परिहार 'मान्या', डा अमृता सिन्हा, राँची से आयीं अर्पणा सिंह 'अर्पी', आशा रघुदेव, शिशिर झा, एकता कुमारी, नूतन सिन्हा, डा सुमन लता, तनुजा सिन्हा, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, अनुपमा सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव 'शुभ्र', सुनीता रंजन, खुशबू प्रिया आदि कवयित्रियों और कवियों ने अपनी रचनाओं के मधुर पाठ से कवि-सम्मेलन को चिर-स्मरणीय बना दिया।

# मुख्य चयनकर्ता असुंता लकड़ा की मौजूदगी में झारखंड टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। आगामी 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2026 के लिए झारखंड टीम के गठन को लेकर रविवार को रांची में ट्रायल आयोजित किया गया। यह ट्रायल राजधानी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में हुआ, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया।



**खिलाड़ियों ने दिखाया कौशल का प्रदर्शन**

हॉकी झारखंड की ओर से आयोजित इस चयन ट्रायल में महिला और पुरुष दोनों वर्गों को मिलाकर कुल 180 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें सिमडेगा, खूंटी, गुमला, रांची, हजारीबाग और जमशेदपुर समेत राज्य के कई जिलों के खिलाड़ी शामिल हुए। खिलाड़ियों ने अपनी खेल क्षमता और कौशल का प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया।

ट्रायल के दौरान महिला और पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों का अलग-अलग मूल्यांकन किया गया। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद महिला वर्ग से 30 खिलाड़ियों और पुरुष वर्ग से 32 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इन खिलाड़ियों को अब अगले चरण के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया जाएगा।

**बारीकी से खिलाड़ियों का मूल्यांकन**

हॉकी झारखंड के अनुसार चयनित खिलाड़ियों के लिए 18 मार्च से विशेष प्रशिक्षण शिविर (स्पेशल कैंप) आयोजित किया जाएगा। इस कैंप के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन, फिटनेस और तकनीकी क्षमता का बारीकी से मूल्यांकन किया जाएगा। कैंप के अंत में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 18 खिलाड़ियों को अंतिम रूप से झारखंड टीम में शामिल किया जाएगा, जो राष्ट्रीय चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**बिहार में होगी 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप**

गौरतलब है कि 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन 1 अप्रैल 2026 से रांची, झारखंड में किया जाएगा, जबकि 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप उसी दिन से राजगीर, बिहार में आयोजित होगी।

## झारखंड में बदल गया मौसम का मिजाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड में 15 मार्च की दोपहर के बाद से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और तेज हवा चल रही है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक, कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटा जबकि कुछ जगहों पर 60 से 70 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 15 मार्च को उत्तर-पश्चिमी हिस्से को छोड़कर राज्य के अधिकांश भागों में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इस दौरान कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। साथ ही तेज हवा और वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। 16 मार्च को मौसम और ज्यादा सक्रिय रहने की संभावना है। राज्य के उत्तर-पूर्वी और मध्य भागों में कहीं-कहीं गरज के साथ तेज हवा के झोंके चल सकते हैं। इस दौरान हवा की रफ्तार 50 से 60 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है और कुछ जगहों पर अधिकतम 70 किमी प्रति घंटे तक तेज हवाएं चलने की संभावना है।

# गाइड लाइन का पालन करते हुए मनाया जाए रामनवमी व सरहुल : लालजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। रामनवमी व सरहुल पर्व को ले सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी लालजी ने की। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में दोनों समुदायों ने शांतिपूर्ण पर्व मनाने को ले पुलिस बल की मांग की। बैठक में रामनवमी के दिन सुआ कौड़िया में चैता दुगोला कार्यक्रम व रामनवमी जुलूस को लेकर सुआ कौड़िया जेनरल अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने पुलिस प्रशासन से महिला व पुरूष बल की मांग की। पर्व के दौरान अनहोनी न हो इसके लिए फायर ब्रिगेड वाहन की मांग की गयी। सुनील उरांव ने सरहुल पर्व को लेकर जुलूस में यातायात व्यवस्था मजबूत कर रोड क्लियर कराने की मांग की। मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद को लेकर विधि व्यवस्था बेहतर रखने को कहा।



मौके पर थाना प्रभारी लालजी ने कहा कि सरकारी गाईड लाईन के तहत सभी पर्वों को मनायें। फेस बुक, व्हाटस एप पर गलत या आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करें। फेसबुक पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सदर थाना क्षेत्र में सभी पर्वों को लेकर पुलिस गश्त तेज कर दी गयी है। चौक चौराहों पर शरारती तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी। इसके पूर्व सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम ने कहा कि सदर थाना क्षेत्र में सभी जाति व समुदाय के लोग मिलजुल कर पर्व मनाते हैं। यहां की सांप्रदायिक एकता मिशाल है। कहा कि शरारती तत्वों व शांति भांग करनेवालों पर कार्रवाई की जायेगी। इनसे पुलिस सख्ती से निपटेगी। किसी भी तरह की सूचना सदर थाना को दें, पुलिस कार्रवाई करेगी। बैठक में एसआई नीरज कुमार, चियांकी मुखिया बिनको उरांव, तिलेश्वर रजक, समाल अहमद, एएसआई पंकज तिवारी, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, रविंद्र सिंह, अनिल विश्वकर्मा, शमशेर आलम, सुलेमान अंसारी, जोंड़ पंसस पति अजय तिवारी, कौड़िया सदर हासीम अंसारी, उदय उरांव, बिपिन विश्वकर्मा, शंभु ठाकुर, अविनाश गुप्ता, राजमणि देवी, हरि उरांव, जैरून निशा समेत कई लोग शामिल थे।

# कांशी राम बहुजन के थे नायक, भारतीय दलित राजनीति के सबसे प्रभावशाली चेहरों में से थे एक : अहिरवार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। बहुजन समाज पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने रविवार को कांशी राम का 92वीं जयंती मनाई गई। मेदिनीनगर के सिंगरा बजराहा में कांशी राम की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता व संचालन सुनील ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय झारखंड राज्य प्रभारी नर्मदा प्रसाद अहिरवार ने कहा कि कांशी राम बहुजन के नायक थे। वे भारतीय दलित राजनीति के सबसे प्रभावशाली चेहरों में से एक थे। उन्होंने बामसेफ, डीएस-4 व बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की थी। उन्होंने दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों को राजनीतिक रूप से जागरूक किया व वोट से लेंगे सीएम-पीएम... के नारे के साथ सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित की। यह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने बसपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को कांशी राम के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। मौके पर पूर्व विधायक कुशवाहा शिव पूजन मेहता ने कहा कि पंजाब के रोपड़ जिले में एक दलित परिवार में जन्मे कांशीराम ने बीएससी की पढ़ाई की। बाद में पुणे की गोला बारूद फैक्ट्री में क्लास वन अधिकारी के पद पर कार्य किया। वहां जातिगत भेदभाव ने उन्हें सामाजिक कार्यकर्ता बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अंबेडकरवादी विचारधारा से प्रेरित होकर 1971 में बामसेफ, 1981 में दलित शोषित संघर्ष समिति व 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। कांशीराम ने दलितों को 'चमचा' युग से बाहर निकालकर एक स्वतंत्र राजनीतिक ताकत बनाया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में मायावती को मुख्यधारा की राजनीति में स्थापित किया। आज भी उनकी दूरदर्शी राजनीति सभी को प्रेरित करता है। मौके पर प्रदेश महासचिव अभिमन्यु सिंह, पूर्व प्रदेश महासचिव शेर अली, विनोद कुमार सोनी, गोपाल राम, गिरजानंद उरांव, चंद्रशेखर दास, हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती, रमेश राम, मुनेश्वर राम, सुनीता देवी, हरि यादव, अनुज कुमार, मदन कुमार भारती, सुनेश्वर राम, ज्ञानी राम, नंदा पासवान, नागेश्वर राम, विनोद राज, आदित्य कुमार रंजन, हरदयाल सिंह, प्रकाश अंबेडकर, प्रमोद कुमार मोची, बंदे कुमार तिर्की, हरिश्चंद्र, अजय राम, प्रमोद रवि, श्यामलाल राम, सरजू राम, धर्मदेव शर्मा, दर्शन सोनी सहित बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## आने वाले त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इस महीने पड़ने वाले तीन प्रमुख पर्व-त्योहारों को लेकर विशेष सुरक्षा प्लान तैयार किया है। हजारीबाग और गिरिडीह जैसे संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त फोर्स भी तैनात की जाएगी। ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी जिलों की पुलिस अपनी तैयारियों में जुटी हुई है। पुलिस मुख्यालय और स्पेशल ब्रांच ने तीनों पर्व-त्योहारों के दौरान सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। आईजी अभियान डॉ। माइकल राज ने बताया कि सभी जिलों को आवश्यकता अनुसार फोर्स उपलब्ध कराया जाएगा।

# डाक बंगला पर भाजपा का मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

## कार्यकर्ताओं को संगठन से लेकर एआई तकनीक तक दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के डाक बंगला स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत रविवार को दोपहर 12 बजे मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह आवासीय प्रशिक्षण सत्र रविवार को प्रारंभ होकर सोमवार प्रातः समारोप के साथ संपन्न होगा। प्रशिक्षण शिविर में मंडल की मूल्य समिति, मंडल कार्य समिति, सभी मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री, विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक–सह संयोजक तथा पंचायत अध्यक्षों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण ,पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से पूर्ण वंदे मातरम का गायन हुआ। प्रशिक्षण शिविर को कुल सात सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं को भाजपा का इतिहास और विकास, पार्टी का वैचारिक अधिष्ठान, संगठन की कार्य पद्धति, कार्य विस्तार की दृष्टि, सरकार की उपलब्धियां और उनके क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया, एआई तकनीक, नमो ऐप और सरल ऐप के उपयोग, बूथ प्रबंधन, मन की बात, टिफिन बैठक तथा आगामी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। विषयवार जिला प्रशिक्षक के रूप में दीनानाथ विश्वकर्मा, सुबोध कुमार सिंह, सतीश कुमार सिंह, विजय सिन्हा, आचार्य प्रमोद मिश्रा, ई. विवेक सिंह चौहान एवं शुभम सिंह ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, ग्रामीण महामंत्री शिवनारायण साव, नगर महामंत्री बालगोविंद साहू, चन्दन कुमार, राहुल कुमार,उपेंद्र साव, रिंटु देवी समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# एसआइआर को लेकर कांग्रेस ने शुरू की जागरुकता मुहिम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। झारखंड में अप्रैल महीने से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की शुरुआत होने जा रही है, जिसे 100 दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रक्रिया के दौरान कई बार त्रुटियों के कारण लोगों का नाम मतदाता सूची से कट जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। इसी को देखते हुए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में रविवार को पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रूपन पंचायत स्थित सभागार में ब्लॉक जनसंवाद कार्यक्रम एवं एसआईआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक शामिल हुए।



इस अवसर पर एसआईआर के प्रशिक्षक डॉ। संतोष राय ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़े तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता का अधिकार सर्वोपरि है, इसलिए मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रियाओं को समझना और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना बेहद जरूरी है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। यदि किसी भी प्रकार से मतदाताओं के अधिकारों को कमजोर करने या उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जाता है, तो उसके प्रति जागरूक रहना और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

**अफवाह से बचने की अपील**

प्रखंड अध्यक्ष योगेश रजक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से लोकतांत्रिक मूल्यों और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने लोगों से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी तरह की गलत जानकारी या अफवाह से बचने की अपील की।

वहीं जिला सचिव सुदाम भंडारी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और मतदाता जागरूकता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े विभिन्न सवाल भी पूछे, जिनका विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। अंत में लोकतंत्र को मजबूत बनाने और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, एसआईआर के प्रशिक्षक डॉ। संतोष राय, जिला सचिव सुदाम भंडारी, प्रखंड अध्यक्ष योगेश रजक तथा एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी मौजूद थे। सभी अतिथियों का स्थानीय कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# 5 अप्रैल को रांची आएंगे तेजस्वी यादव

**रांची/नबिटा ब्यूरो**। झारखंड राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में रविवार को झारखंड राजद प्रदेश कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक की गई। जिसमें राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, देवघर से राजद विधायक सुरेश पासवान, विश्रामपुर से राजद विधायक नरेश प्रसाद सिंह और हेमंत सरकार में शामिल श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव के साथ-साथ सभी जिले के राजद नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में जहां राज्य में अगले महीने से शुरू होने वाले एसआईआर को लेकर रणनीति बनाई गई, वहीं बीएलए की नियुक्ति को लेकर राजद की अब तक कि एक्टिविटी की जानकारी सभी जिलाध्यक्षों से ली गई। इस दौरान अगले महीने यानी अप्रैल माह की 5 तारीख को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के रांची आगमन की जानकारी देते हुए संजय सिंह यादव ने कहा कि अपने नेता तेजस्वी यादव का राजद का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला झारखंड दौरा होगा। ऐसे में सभी राजद के जिला अध्यक्ष अभी से इस दिशा में काम करना शुरू कर दें कि जब तेजस्वी यादव रांची आएं तो उस समय पूरी राजधानी राजदमय दिखे।

# लायंस क्लब दुमका की बैठक में सामाजिक सरोकारों को नई ऊर्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका**। सामाजिक सेवा के संकल्प और जनहित के प्रति समर्पण की मिसाल पेश करते हुए लायंस क्लब दुमका सं. प. की ओर से द सिटी गार्डन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रिजन फाइव, जिला 322-A के रिजन चेयरपर्सन पीएमजेएफ लायन डॉ. अखिलेश कुमार सिन्हा का क्लब के सदस्यों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. अखिलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि रिजन फाइव में शामिल 14 क्लब भले ही भौगोलिक और संसाधनों के लिहाज से पिछड़े क्षेत्र में कार्य कर रहे हों, लेकिन समाज सेवा के क्षेत्र में इन क्लबों का योगदान पूरे जिला 322-A में सराहनीय और अनुकरणीय रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा के इन प्रयासों ने रिजन फाइव को पूरे डिस्ट्रिक्ट में अग्रणी स्थान दिलाया है। उन्होंने सभी क्लबों के सदस्यों से आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ समाज सेवा से जुड़े रहने का आह्वान किया। साथ ही समाज सेवा में रुचि रखने वाले नए लोगों को क्लब से जोड़ने और सदस्यता बढ़ाने पर विशेष बल दिया, ताकि जरूरतमंदों तक सहायता और तेजी से पहुंच सके। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सदस्यों तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में जोन चेयरपर्सन जोन-बी लायन दशरथ प्रसाद ने क्लब द्वारा स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इंटरनेशनल और डिस्ट्रिक्ट स्तर की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। क्लब के अध्यक्ष लायन सतीश कुमार ने सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज और जरूरतमंद लोगों की सेवा कर जो संतोष और खुशी मिलती है, वह किसी अन्य कार्य से संभव नहीं है। बैठक के दौरान रिजन फाइव के विभिन्न क्लबों के सचिवों ने अपने-अपने क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम को लायन प्रदीपतो मुखर्जी, लायन सुदीप गुप्ता, लायन रतन गुप्ता, लायन प्रदीप डोकनिया, लायन प्रेम पाठक और जीएमटी कोऑर्डिनेटर पीएमजेएफ लायन सुजीत कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन लायन रमण कुमार वर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार साहा ने दिया। इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार घोष, डॉ. पवन केशरी, डॉ. सुनील कुमार जायसवाल, डॉ. अमूल्य कुमार पाल, डॉ. श्वेता स्वराज, डॉ. अंजनी शरण सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि सीमित संसाधनों के बावजूद सामूहिक प्रयास और सेवा भावना से समाज में सकारात्मक बदलाव की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

## खड़े टोटो में अनियंत्रित बाइक सवार ने मारी टक्कर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र में बाइकों के साथ स्टंटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। इस स्टंटबाजी से नवयुवक अपनी जान के साथ-साथ दूसरे की जान को भी खतरे में डालते हैं। रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे ड्योढ़ी स्थित रजवरिया टोला के गोरे राजवंशी के छोटे पुत्र सन्नी कुमार बाइक पर स्टंटबाजी करते हुए कन्या मध्य विद्यालय के समीप सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा युवक बाइक को लहरिया कट से नचा रहा था, इसी बीच बाइक का संतुलन बिगड़ा और सड़क किनारे खड़े टोटो में जा टकराया। इस सड़क दुर्घटना में युवक के सिर और पैर में गम्भीर चोटें आई है,जबकि आम जनमानस बाल-बाल बच गए।

# डिजिटल पेमेंट को लेकर जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर चल रहे डिजिटल पेमेंट अवेयरनेस वीक 2026 के छठे दिन रफीगंज प्रखंड के पंचायत ढोसीला अंतर्गत गांव फेसरा में लोगों को डिजिटल भुगतान के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। शनिवार को रफीगंज सीएफएल की टीम द्वारा गांव में जाकर लोगों के बीच सर्वे किया गया तथा डिजिटल लेन–देन के प्रति जागरुकता फैलायी गयी। इस कार्यक्रम में मनीष कुमार सिंह एवं शोभित कुमार ने लोगों के बीच जाकर सर्वे की प्रक्रिया पूरी की। अभियान के दौरान ग्रामीणों को यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, एईपीएस और क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान करने की जानकारी दी गई। इस वर्ष अभियान की थीम "थोड़ा ध्यान से" रखी गई है, जिसके तहत सुरक्षित डिजिटल लेन-देन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सर्वे के दौरान लोगों को डिजिटल भुगतान के फायदे बताए गए तथा उन्हें सुरक्षित तरीके से लेन-देन करने के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, पिन या बैंक खाते से जुड़ी कोई भी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। इस मौके पर गांव में रंगोली प्रतियोगिता और स्वधार मेला का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया।



# दहेज के लिए मारपीट, पति समेत सास-ससुर नामजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाते हुए एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार रफीगंज प्रखंड के गोठानी गांव निवासी समृद्धि कुमारी ने आवेदन देकर बताया कि उनकी शादी 28 जून 2023 को गया जिला के चाकन थाना क्षेत्र के बिखनपुर गांव निवासी अभय कुमार सिंह के पुत्र नीतीश कुमार उर्फ भानु के साथ हुई थी। शादी के समय उनके पिता ललन कुमार सिंह द्वारा करीब 11 लाख रुपये नगद तथा सात लाख रुपये से अधिक की सामग्री दी गई थी। आरोप है कि इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग एक बुलेट बाइक और पांच लाख रुपये नगद की अतिरिक्त मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर उनके साथ मारपीट की गई और प्रताड़ित किया गया। पीड़िता ने आवेदन में कहा है कि 23 दिसंबर 2025 को ससुर अभय कुमार सिंह, पति नीतीश कुमार उर्फ भानु, सास प्रभा देवी, भैसुर राहुल कुमार उर्फ रॉकी, गौतनी मेघा कुमारी, गया जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गेरे गांव निवासी नंदोषी प्रिय रंजन कुमार तथा ननद खुशबू कुमारी ने मिलकर उनके जेवर व कीमती सामान छीन लिया और घर से निकाल दिया। इसके बाद वह किसी तरह अपने मायके पहुंची। इस संबंध में रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है।




## मारपीट में युवक व उसकी मां घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। रफीगंज थाना क्षेत्र के तेलथुआ गांव में गाली-गलौज के विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक युवक एवं उसकी मां घायल हो गए। घायलों की पहचान तेलथुआ गांव निवासी तरुण कुमार एवं उनकी मां विमला देवी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार 13 मार्च 2026 की सुबह करीब 6 बजे गांव के ही अनुरूद्ध विश्वकर्मा ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। इस दौरान तरुण कुमार और उनकी मां विमला देवी घायल हो गईं। घटना के बाद परिजनों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# इंकलाबी नौजवान सभा का तीसरा प्रखंड सम्मेलन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा स्थित सिटी उत्सव हॉल में इंकलाबी नौजवान सभा का तीसरा प्रखंड सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से संजय पासवान को अध्यक्ष तथा ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद को सचिव चुना गया। कार्यक्रम में पार्टी के जिला सचिव कॉमरेड श्रीनिवास शर्मा सहित बड़ी संख्या में नौजवान एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन में इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य सचिव एवं पूर्व विधायक कॉमरेड शिव प्रकाश राजन, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष धनंजय कुमार तथा संगठन के राज्य कार्यालय सचिव विनय कुमार भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा ने किया। इस दौरान संगठन के पर्यवेक्षक और नौजवान संगठन के जिला सचिव शत्रुघ्न कुमार भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में देश और राज्य के संकटपूर्ण हालात में युवाओं को लोकतांत्रिक अधिकारों और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाना होगा। सम्मेलन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के लिए प्रभावी रूप से 65 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग उठाई गई। साथ ही यूजीसी और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए युवाओं से इस लड़ाई में आगे आने की अपील की गई। विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में बढ़ रहे जातीय भेदभाव की भी निंदा की गई तथा अविलंब यूजीसी रेगुलेशन लागू करने की मांग की गई।सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी रेगुलेशन पर लगाए गए रोक की भी आलोचना की गई और सामाजिक न्याय एवं समानता की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए 18 मार्च 2026 को पटना के समता मैदान में होने वाले महाजुटान में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई। कार्यक्रम का समापन सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।



# गिरफ्तार गांजा तस्कर की निशानदेही पर चार और गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** दरभंगा एयरपोर्ट से गांजा के साथ गिरफ्तार तस्कर की निशानदेही पर की गई छापेमारी में सदर थाने की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। समस्तीपुर जिले के तीन सहित चार तस्करों को गिरफ्तार कर 11 लाख 53 हजार 750 रुपये के साथ चार केजी 830 ग्राम गांजा, 39 बोतलें विदेशी शराब जब्त की गई है।

गिरफ्तार तस्करों में समस्तीपुर जिले के सिंघिया थानाक्षेत्र के लगमा निवासी प्रितम कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह और उनके पुत्र राजू कुमार सिंह सहित दरभंगा के बिरौल थानाक्षेत्र के बलहा निवासी नरेश यादव शामिल हैं।

एसएसपी जगुनार्थ रेड्डी जलारेड्डी ने बताया कि बिरौल थानाक्षेत्र के बलहा निवासी मोहन यादव को शुक्रवार को दरभंगा एयरपोर्ट से 470 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था। जिससे ख्यती पूछताछ की गई।

बताया कि वह अपने ग्रामीण तस्कर नरेश से सात हजार रुपये गांजा खरीदकर ले जा रहे थे। पेटीएम से किए भुगतान का साक्ष्य भी दिखाया। इसके बाद उसके निशानदेही पर छापेमारी कर नरेश को दबोच लिया गया।

पूछताछ में वह आपूर्ति करने वाले तस्करों का नाम व पता बताया। इसके बाद समस्तीपुर के सिंघिया थानाक्षेत्र के लगमा गांव में छापेमारी की गई। जहां सबसे पहले प्रितम को दबोच गया। उसके घर से दो केजी 940 ग्रामी गांजा और एक लाख रुपये नकदी बरामद हुआ। साथ 180 एकएल की 39 विदेशी शराब की बोतलें भी जब्त की गई। इसके बाद उसके पड़ोसी रविंद्र और उसके पुत्र राजू को दबोचा गया।

जहां दोनों के कमरे से दस लाख 53 हजार 750 रुपये के साथ एक केजी 890 ग्राम गांजा को जब्त किया गया। समस्तीपुर के तीनों तस्करों और जब्त 11 लाख 53 हजार 750 रुपये के साथ चार केजी 830 ग्राम गांजा, 39 बोतलें विदेशी शराब को स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

# पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्या का किया खुलासा

## आरोपित की पत्नी से संबंध बना हत्या का कारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** जिले के मोहनपुर गांव में गुरुवार रात चाकू से गोदकर की गई युवक रवि मोहन कुमार की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है।

उदाकिशुनगंज के एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक रवि मोहन कुमार का मुख्य आरोपी विक्रम ऋषिदेव की पत्नी के साथ करीब ढाई साल से कथित अवैध संबंध था। विक्रम कई बार दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख चुका था। बताया गया कि 26 फरवरी को अपनी बहन की शादी के दिन भी विक्रम ने

### पेड़ की मिट्टी के नीचे दबी मिली थी लाश

दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। उसी समय उसने रवि मोहन की हत्या करने की ठान ली और इसकी योजना बनाने लगा। किसी को शक न हो, इसके लिए उसने होली से ठीक पहले अपनी पत्नी को मायके भेज दिया ताकि घटना के समय वह गांव में मौजूद न रहे। इसके बाद वह हत्या का मौका तलाशने लगा।

इसी बीच 11 मार्च को पड़ोसी चंद्रमोहन मेहता की बेटी की शादी थी, जिसमें पुरैनी थाना क्षेत्र से बारात आई थी। बारात के दौरान पटाखा फोड़ने को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें रवि मोहन भी शामिल था।

पुलिस के अनुसार आरोपी विक्रम ने इसी घटना का फायदा उठाते हुए अपने चचेरे भाई सतीश कुमार के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से हत्या की साजिश रची। दोनों ने दिन में ही हत्या में इस्तेमाल होने वाले हथियार घटनास्थल के पास छिपा दिए थे।रात में विक्रम और सतीश ने बहाने से फोन कर रवि मोहन को अपने साथ बुलाया और ड्रेनेज के किनारे मक्का के खेत में ले जाकर चाकू और गड़ासा से हमला कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। विरोध करने के दौरान आरोपी विक्रम को भी हल्की चोट लगी।

हत्या के बाद दोनों ने हथियार ड्रेनेज के किनारे छिपा दिए, जबकि मृतक का मोबाइल फोन मक्का के खेत में एक पेड़ के नीचे जमीन में गाड़ दिया। घटना को दूसरी दिशा देने के लिए आरोपी गांव लौटकर यह अफवाह फैलाने लगा कि बारात पक्ष के 10-12 अपराधियों ने छह बाइक से आकर हमला कर हत्या कर दी। इससे गांव के लोगों और पुलिस को भ्रमित करने की कोशिश की गई।हालांकि शुक्रवार सुबह पुलिस और पत्रकारों द्वारा पूछताछ के दौरान दोनों युवकों के बयान अलग-अलग पाए गए। साथ ही उनके कपड़ों पर काफी मात्रा में खून के धब्बे मिलने से पुलिस का शक और गहरा गया।

# मिड डे मील के चावल की कालाबाजारी

## परिवहन अभिकर्ता सहित चार प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** विद्यालयों में वितरित होने वाले मिड डे मील के चावल की कालाबाजारी और गबन के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर बेनीबाद थाना में डोर स्टेप डिलीवरी (डीएसडी) के परिवहन अभिकर्ता समेत चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

इस मामले में अशोक इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अशोक कुमार, वाहन चालक धर्मेंद्र कुमार तथा मजदूर संजीव कुमार और राजा कुमार को नामजद किया गया है। इन सभी पर सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी और गबन का आरोप लगाया गया है। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के निर्देश पर राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक से पूरे मामले की जांच कराई गई थी। जांच रिपोर्ट में आरोप सही पाए जाने के बाद बेनीबाद थाना में केस दर्ज कराया गया।

जांच में पाया गया कि टीपीडीएस गोदाम गायघाट से मध्याह्न भोजन योजना के तहत प्रखंड के सात विद्यालयों में वितरण के लिए 35.50 क्विंटल चावल भेजा गया था। इसके लिए सात विद्यालयों के नाम से चालान भी निर्गत किए गए थे।

हालांकि जांच के दौरान सामने आया कि चावल केवल चार विद्यालयों तक ही पहुंचाया गया। शेष विद्यालयों तक खाद्यान्न नहीं पहुंचा। इस तरह कुल 15 क्विंटल (30 बैग) चावल ही वितरित किया गया। जबकि वाहन पर कुल 50 बैग चावल मौजूद था। शेष चावल की कालाबाजारी कर गबन किए जाने की पुष्टि हुई है।

# घर में रखे गैस सिलेंडरों में विस्फोट से दहला इलाका

- चार लोग झुलसे, भर्ती
- इलाके को सील किया गया
- जमाखोरी का लग रहा कयास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** शहर के बैरिया चौक के पास रविवार को एक घर में रखे एलपीजी सिलिंडरों में अचानक विस्फोट हो गया।

धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। इस हादसे में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

घायलों की पहचान पलामू के पांडू निवासी धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, विक्रम सिंह और आलोक कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सभी युवक किसी काम से उस घर में मौजूद थे, तभी अचानक सिलिंडर में विस्फोट हो गया और वे इसकी चपेट में आ गए।

स्थानीय लोगों के अनुसार जिस घर में विस्फोट हुआ, वहां बड़ी संख्या में गैस सिलिंडर रखे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि घर में अवैध रूप से गैस सिलिंडरों का डंप बनाया गया था।

बताया जाता है कि पांडू स्थित एक गैस एजेंसी के मालिक का यह घर है, जहां सिलिंडर रखे गए थे। इसी दौरान किसी कारण से सिलिंडर में विस्फोट हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। विस्फोट के बाद घर के अंदर और लोगों के फंसे होने की भी आशंका जताई जा रही है, जिसके मद्देनजर रेस्क्यू की कार्रवाई जारी है।

टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सिलिंडर ब्लास्ट में चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रारंभिक जांच में यहां गैस एजेंसी का डंप होने की बात सामने आई है। फिलहाल इलाके को सील कर दिया गया है और आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नशे में धुत्त पूर्व सांसद का भतीजा गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत औद्योगिक थाना पुलिस ने शनिवार की रात महाराजगंज के पूर्व राजद सांसद प्रभुनाथ सिंह के भतीजे सुधीर सिंह को शराब के नशे में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस के आदेश का उल्लंघन करने और धौंस जमाने के आरोप में उसके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

औद्योगिक थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि शनिवार की रात गंगा पुल के पास वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। इसी दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से आ रही काले रंग की इनोवा कार को रोककर जांच की कोशिश की गई। जांच के दौरान वाहन में सवार व्यक्ति के मुंह से शराब की तेज गंध आने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के भतीजे सुधीर सिंह के रूप में बताते हुए पुलिस पर रौब जमाने का प्रयास किया।

# यूपीएससी के सफल छात्रों की सफलता पर सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय शिवाजीनगर के सभागार में रविवार को डॉक्टर कलाम फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट की पहल पर संस्था के अध्यक्ष पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह की अध्यक्षता में यूपीएससी के सफल छात्र अंकित रौशन एवं अभिषेक सिंह को कामयाबी हासिल करने पर संस्था की ओर से सम्मानित किया गया।

यूपीएससी के अंकित रौशन को पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह के द्वारा पाग, चादर ,माला एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। और अभिषेक सिंह को भवन निर्माण सचिव पटना के ललित कुमार सिंह के द्वारा पाग ,चादर ,माला ,बुके देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित कलम फाउंडेशन के विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा के तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को बीपीएससी एवं यूपीएससी की तैयारी के बारे में सफल दोनों छात्रों ने टिप्स दिया और गुड़ सिखाए। कहां सफलता के लिए स्वच्छ वातावरण में सतत मेहनत अभ्यास करनी पड़ती है। दोनों यूपीएससी के छात्रों ने सफलता की श्रय अपने कोचिंग के



शिक्षक, माता-पिता, मामा मामी ,चाचा चाची को दिया।

यूपीएससी के सफल छात्र अंकित रौशन शिवाजीनगर प्रखंड के सीमावर्ती बहेरी प्रखंड के कोठरा गांव निवासी हैं। वहीं अभिषेक सिंह की पैतृक गांव सहरसा जिला है। इस अवसर पर संस्था की ओर से अंकित के पिता रामकुमार, माता कुमारी भारती ,चाचा सुरेश कुमार ,राजेश कुमार, संजू कुमारी को पाग चादर माला बुके देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन पूर्व प्रधानाध्यापक राज नारायण सिंह ने की मौके पर विकेश कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, राजन कुमार ,कमलदेव पासवान ,सुरेश कुमार सिंह ,राजकुमार सहनी सहित उपस्थित थे।

# गायत्री परिवार ने मनाया भगवती देवी शर्मा का अवतरण दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** रविवार को देव प्रखंड मुख्यालय स्थित रामजानकी गायत्री मंदिर में गायत्री परिवार की ओर से माता भगवती देवी शर्मा के अवतरण दिवस के अवसर पर मानसिक जाप का आयोजन किया गया। जिसमें भ्रष्टाचार निवारण हेतु प्रार्थना किया गया। इस दौरान भगवती देवी शर्मा से संबंधित प्रसंगों एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि वे एक आदर्श गृहिणी, वात्सल्यमयी मां, उत्कृष्ट तपस्विनी, आध्यात्मिक शक्तियों का दिव्य स्त्रोत, ओजस्वी वक्ता एवं कुशल व्यवस्थापिका थीं। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों में अध्यक्ष रामसेवक अग्रवाल, व्यवस्थापक गीता देवी, महिला मंडल के सरिता अग्रवाल, ललिता शर्मा , सचिव अपिश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष श्यामता प्रसाद यादव, शांति देवी, अनिता देवीं, अमरेन्द्र चौरसिया के अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था का आलम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** किसी शहर की पहचान को विस्तार देने में वहां के एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस पड़ाव की अहम भूमिका होती है। बक्सर शहर की बात करें, तो यहां का रेलवे स्टेशन काफी महत्वपूर्ण है। यहां दिल्ली-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर उत्तर प्रदेश से बिहार में प्रवेश करने पर पड़ने वाला पहला प्रमुख पड़ाव है, जो चौसा के बाद पड़ता है। यहां प्रतिदिन हजारों यात्री ट्रेन पकड़ने और अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए आते-जाते हैं। खासकर उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से निरंतर आवागमन होने के कारण स्टेशन परिसर और उसके आसपास 24 घंटे भीड़ बनी रहती है।

हालांकि यात्रियों की बढ़ती संख्या के अनुपात में बुनियादी सुविधाओं का विकास नहीं हो पाया है, जिससे कई गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। यह दानापुर रेल मंडल ही नहीं, बल्कि पूरे पूर्व मध्य रेल में सबसे अधिक राजस्व देने वाले रेलवे स्टेशन की सूची में शुरूआती काल से ही लगातार बना हुआ है।

स्टेशन के बाहर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग, जर्जर सड़कें तथा अधूरा ओवरब्रिज यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए रोजमर्रा की चुनौती बन गए हैं। ट्रेनों के आने-जाने के समय जाम और भीड़ के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

## अव्यवस्थित पार्किंग से बनी रहती है जाम की स्थिति

स्थानीय लोग और यात्री मानते हैं कि यदि पार्किंग, सड़क निर्माण और ओवरब्रिज को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, तो स्थिति में सुधार संभव है। फिलहाल इन मुद्दों के कारण लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे और स्थानीय प्रशासन से संयुक्त प्रयास की मांग तेज हो गई है ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर आटो, ई-रिक्शा, टेंपो और अन्य छोटे वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। पार्किंग की कोई सख्त व्यवस्था नहीं होने से वाहन सड़क किनारे या बीच में खड़े हो जाते हैं। इससे मुख्य मार्ग पर अक्सर जाम लग जाता है, खासकर ट्रेन आने-जाने के समय।

यात्रियों को सामान सहित भीड़भाड़ में निकलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्याप्त पार्किंग क्षेत्र चिह्नित कर सख्ती बरती जाए तो यह समस्या काफी हद तक नियंत्रित हो सकती है।

इटाढ़ी रोड की ओर जाने वाला माल गोदाम रोड बेहद खराब हालत में है। जगह-जगह गड्ढे, धूल और बरसात में जलजमाव की समस्या आम है। रात में यह रास्ता और खतरनाक हो जाता है, जबकि वर्षा ऋतु में छोटे वाहन पानी में फंस जाते हैं। कई बार यात्रियों को बीच रास्ते में पैदल चलना पड़ता है।

रेलवे की ओर से इस सड़क के सुधार का प्रस्ताव तैयार है, लेकिन कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। स्थानीय नागरिक विक्रम यादव और अजय कुमार जैसे लोगों ने जल्द निर्माण शुरू करने की मांग की है।

इटाढ़ी रोड स्थित रेलवे क्रासिंग पर जाम की समस्या से निपटने के लिए पूरब दिशा में ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। मुख्य ढांचा कई महीने पहले तैयार हो चुका है, लेकिन संपर्क पथ अभी अधूरा है। इससे ओवरब्रिज का उपयोग नहीं हो पा रहा और क्रासिंग पर जाम की स्थिति बनी हुई है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से संपर्क पथ का शीघ्र निर्माण पूरा कर ओवरब्रिज चालू करने की मांग की है, ताकि यातायात सुचारू हो सके। एक बार यह ओवरब्रिज बनकर चालू हो जाए, तो इटाढ़ी रोड स्थित समपार फाटक भी हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। ऐसी स्थिति में ट्रेनों के परिचालन में भी काफी सहूलियत हो जाएगी।

# स्पा सेंटर के नाम पर अन्य राज्यों से बुलायी जा रही युवतियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** दरभंगा में एयरपोर्ट शुरू होने के बाद जहां लोगों को यात्रा की सुविधा मिली है, वहीं इसका फायदा कुछ संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े लोग भी उठा रहे हैं।

शहर में दर्जन से अधिक स्पा सेंटर संचालित हैं, जिनमें किसी के पास वैध लाइसेंस और परमिशन तक नहीं है।

इन सेंटरों में काम कराने के लिए युवतियों को दूसरे राज्यों से हवाई जहाज से बुलाया जाता है।

गुजरात, पश्चिम बंगाल, दिल्ली समेत अन्य राज्यों से युवतियां आती हैं। कमाई होने के बाद उन्हें कुछ ही समय में वापस भेज दिया जाता है। बताया जाता है कि कई सेंटर प्रशासन की जानकारी के बिना ही संचालित हो रहे हैं।

दरभंगा एयरपोर्ट से लेकर बेंता, मिजार्पुर, दरभंगा टावर, दिल्ली मोड़, अल्लपट्टी, सिंहवाड़ा आदि जगहों पर गुप्त रूप से यह धंधा चल रहा है।

नगर निगम के बाजार प्रभारी राजा राम ने बताया कि उनके यहां एक भी स्पा सेंटर का लाइसेंस निर्गत नहीं है। अगर सूचना मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।

ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए आनलाइन बुकिंग की सुविधा दी जाती है। इंटरनेट पर लिंक के माध्यम से बाडी मसाज के वीडियो दिखाए जाते हैं, जिनमें कुछ क्षणों के लिए मोबाइल नंबर दिखाई देता है।

इसी नंबर पर संपर्क कर ग्राहक बुकिंग कराते हैं। इन स्पा सेंटरों में 15 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक की मेंबरशिप ली जाती है।

मालिश, फेशियल, बाडी रैप्स, स्वीडिश, डीप टिश्यू, हाट स्टोन और अरोमाथेरेपी जैसे नामों पर घंटों के हिसाब से हजारों रुपये वसूले जाते हैं।

बताया जाता है कि जो ग्राहक दरभंगा में सेवा नहीं लेना चाहते, उन्हें मुजफ्फरपुर और पटना में भी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन इन स्पा सेंटरों की जांच करे तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। कई संचालकों पर तो आपराधिक मामले भी दर्ज हैं।

# दो युवकों के लापता होने से क्षेत्र में सनसनी

- अनहोनी की आशंका से सहमे परिजन
- क्षेत्र में सनसनी, पुलिस तफ्तीश में जुटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के गोपालगंज जिले के जादोपुर थाना क्षेत्र स्थित हीरापाकड़ गांव में दो युवकों के गायब होने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजन अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस के अनुसार दोनों युवकों की पहचान हीरापाकड़ गांव निवासी विकाश सिंह (पिता- चिंटू सिंह) और राजकुमार सिंह (पिता- धर्मसागर सिंह) के रूप में हुई है। दोनों युवक गांव के ही रहने वाले हैं। घटन के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन और ग्रामीण युवकों की बरामदगी की मांग कर रहे हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही गोपालगंज पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। टीम फॉरेंसिक की मदद से साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों युवकों की तलाश जारी है। हर एंगल पर पुलिस जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि दोनों युवकों को आखिरी बार किसके साथ देखा गया था?

इधर, घटना के बाद हीरापाकड़ गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। फिलहाल गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि स्थिति पर पूरी तरह नजर रखी जा रही है और जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

## गैस की किल्लत से लोग हलकान

**अरवल।** रसोई गैस की बुकिंग में तकनीकी बाधा के चलते जिले के कई गांवों में महिलाओं को लकड़ी-गोइठा पर खाना पकाना पड़ रहा है। शुक्रवार को कई घरों में यही स्थिति देखने को मिली। सर्वर डाउन होने से गैस की बुकिंग नहीं हो पा रही है तो कहीं निबंधित मोबाइल काम नहीं करने से लोग परेशान हैं। सदर प्रखंड के परासी बाजार के सिद्धेश्वर प्रसाद ने बताया कि गैस की बुकिंग नहीं होने से लकड़ी और गोइठा पर खाना पकना शुरू हो गया है।

उन्होंने कहा कि मेरा बीपीएल कनेक्शन है, बुकिंग के लिए जब भी नंबर लगाते हैं, प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती है। फिरोज आलम, शशिकांत कुमार ने कहा कि नंबर लगने के बाद ओटीपी नहीं आ रहा है। नूरैशा खातून, रेहाना खातून ने बताया कि हम लोग गरीब परिवार से हैं बीपीएल का 5 लीटर वाला टंकी से खाना बनाते थे।

# जमीन विवाद में हुई हिंसक झड़प, सात जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले के भदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत जनदी नगर गांव में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों से कुल सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसके बाद दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

घटना के संबंध में भदौर थाना अध्यक्ष शत्रुघ्न साह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी। उन्होंने बताया कि एक पक्ष की ओर से पुलिस को एक कट्टा सौंपा गया है। फिलहाल उसकी जब्ती सूची तैयार की जा रही है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि बरामद कट्टा किसका है और घटना के दौरान उसका कोई इस्तेमाल हुआ था या नहीं।

वहीं दूसरे पक्ष के घायल लोगों ने आरोप लगाया है कि उन्हें जानबूझकर झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की जा रही है। उनका कहना है कि मारपीट उनके साथ हुई है, लेकिन उल्टा उन्हें ही आरोपी बनाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पुलिस को जो कट्टा दिया गया है, वह उन्हें फंसाने के इरादे से सौंपा गया है।

# जख्मी पिता-पुत्र के सिर में डाक्टर ने लगाया सर्जिकल स्टेपलर पीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र स्थित कुटरी पंचायत के नारोमुरार गांव में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक ग्रामीण चिकित्सक ने जख्मी पिता-पुत्र के चोटिल सिर में सर्जिकल स्टेपलर पिन से टांके लगा दिए। पुत्र के सिर में स्टेपलर पिन लगा देख लोगों को कौतूहल हुआ। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो काफी प्रसारित होने लगा। मामला नारोमुरार गांव के गणेश नगर व शंकर बिगहा अनुसूचित टोले का है। बीते दो मार्च को टोले में आपसी कहासुनी के बाद लड़ाई-झगड़ा हो गया। जिसमें टोला निवासी अर्जुन पासवान और उनके दो बेटे हरेन्द्र पासवान और ललन पासवान के सिर में चोटें आई और सिर फट गया।

मोहल्लेवासियों के सहयोग से तीनों को एक ग्रामीण चिकित्सक के क्लीनिक पर ले जाया गया। जहां पिता अर्जुन पासवान के सिर में एक, बेटे ललन के सिर में दो और हरेन्द्र पासवान के सिर में तीन सर्जिकल स्टेपलर पिन लगा दिए। इसी बीच किसी ने हरेन्द्र के सिर में स्टेपलर पिन लगा देखा, तो उसकी वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया।

शनिवार को वारिसलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरती अर्चना को

## वीडियो हुआ वायरल

मामले की जानकारी हुई, तो उन्होंने एक मेडिकल जांच टीम गांव भेजा। जांच में इन जख्मी व्यक्तियों को सर्जिकल स्टेपलर पिन से सिर में टांका देने की बात सामने आई।

हालांकि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण चिकित्सक सर्जिकल स्टेपलर पिन का उपयोग करने के लिए अधिकृत नहीं है। मामले की जांच करके ग्रामीण चिकित्सक के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इधर, पिता और उनके दोनों पुत्र ने बताया कि उनके सिर के जख्म भर गए हैं और उन्हें किसी भी तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी नहीं है।

## जनगणना की तैयारी जोरों पर

**भभुआ।** जिले में जनगणना 2027 के सफल और बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए 12 से 17 मार्च तक समाहरणालय स्थित मां मुंडेश्वरी सभागार में जिलास्तरीय, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों और चार्ज पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद 23 से 28 मार्च तक फील्ड प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

# गांधी मैदान में एग्रो बिहार का समापन, जमकर कृषि यंत्रों की खरीद

## कृषि यंत्रों की बिक्री पर 1.85 करोड़ रूपये का अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** गांधी मैदान, पटना में कृषि विभाग एवं सीआईआई के सहयोग से आयोजित 12 मार्च से 15 मार्च, 2026 तक चार दिवसीय राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार, 2026) का समापन कृषि मंत्री राम कृपाल यादव द्वारा किया गया। साथ ही समारोह में सभी कृषि यंत्र निर्माता कम्पनियों एवं विभागीय पदाधिकारियों के बीच प्रमाण-पत्र एवं मोमेन्टो प्रदान किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए बिरला टायर्स को प्रथम पुरस्कार, हेवेल्स इण्डिया को द्वितीय पुरस्कार एवं शक्तिमान को तृतीय पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि यह मेला केवल एक प्रदर्शनी नहीं रहा, बल्कि खेती को आधुनिक, आसान, कम खर्चीली और ज्यादा लाभकारी बनाने का सशक्त मंच बनकर उभरा है। मैं विशेष रूप से बिहार सहित कई राज्यों से आए कृषि यंत्र निर्माताओं और प्रदर्शकों का हृदय से धन्यवाद करता हूं जिन्होंने अपने आधुनिक कृषि यंत्रों, तकनीकों और नवाचारों के माध्यम से हमारे किसानों को नई दिशा दिखाने का काम किया है। आपके सहयोग से हमारे किसान भाइयों को यह समझने का अवसर मिला कि अब खेती परंपरा के साथ-साथ तकनीक के सहारे भी आगे बढ़ सकती है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, नवाचार, ड्रोन, मशीनीकरण और किसान सशक्तिकरण को नई गति मिली है। वहीं बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में कृषि रोड मैप, सिंचाई, बीज, बागवानी, यांत्रिकरण और किसान हित की कई योजनाओं के जरिए खेती को लगातार मजबूत किया जा रहा है। हमारी सरकार की स्पष्ट सोच है खेती में लागत कम हो, मेहनत कम हो, समय बचे, उत्पादन बढ़े और किसान की आमदनी मजबूत हो। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि यांत्रीकरण आज समय की मांग है क्योंकि मशीन से काम तेज होता है, मजदूरी का दबाव घटता है और खेती अधिक वैज्ञानिक एवं लाभकारी बनती है। मैं कृषि विभाग, सभी आयोजकों, वैज्ञानिकों, कृषि यंत्र निर्माताओं, प्रदर्शकों और इस मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे किसान भाइयों-बहनों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। मैं अपने किसान भाइयों एवं बहनों से कहना चाहता हूं कि नई तकनीक अपनाइए, सरकार की योजनाओं का लाभ उठाइए और खेती को मजबूरी नहीं, मजबूत कमाई का जरिया बनाइए। प्रधान कृषि सचिव नर्मदेश्वर लाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि विभाग द्वारा सी.आई.आई. पटना के सहयोग से गांधी मैदान, पटना में आयोजित यह चार दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला एग्रो बिहार, 2026, पूर्वी भारत का सबसे बड़ा यांत्रिकरण मेला है। कृषि विभाग के द्वारा वर्ष 2011 से इस मेले का लगातार सफल आयोजन किया जा रहा है। मेले में विभिन्न कृषि यंत्र निर्माता कम्पनियों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि स्टार्टअप, ड्रोन आधारित कृषि सेवाओं तथा फसल प्रबंधन से जुड़े उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। राज्य में कृषि यांत्रिकरण में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इस मेले में उभरती कृषि तकनीकों जैसे-मखाना प्रोसेसिंग मशीन, इलेक्ट्रीक ट्रेक्टर, रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमता, इंटरनेट ऑफ थींग्स, फसल अवशेष प्रबंधन एवं पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन हेतु संबंधित कृषि यंत्रों का प्रदर्शन भी किया गया।

## बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ की बैठक संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ, पटना के वृहद परिषद की बैठक दो सत्रों में महासंघ के अध्यक्ष श्री वेंकटेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्जलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन सकारात्मक पहल करेगा और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में टी पी एस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. तपन कुमार शांडिल्य और एम एम कॉलेज विक्रम की प्राचार्या डॉ. सुनीता राय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत से पूर्व सभी अतिथियों ने डॉ. ए के सेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मंच संचालन महासंघ के संरक्षक ब्रज किशोर प्रसाद सिंह ने किया जबकि मुख्य संरक्षक गंगा प्रसाद झा ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को विस्तार से सभा के समक्ष रखा। उन्होंने कर्मचारियों की सेवा शर्तों, सुविधाओं और लंबित समस्याओं के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया।

## सीपेट हाजीपुर में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

### दसवीं और स्नातक पास के लिए प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने का सुनहरा मौका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), हाजीपुर में नए सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। संस्थान द्वारा संचालित तीन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए कुल 300 सीटों पर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। इन पाठ्यक्रमों में दसवीं और स्नातक के बाद प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला लिया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी वेवसाइट लॉग इन कर आगामी 28 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपए हैं और आरक्षित वर्ग के लिए मात्र 250 रूपये हैं। संस्थान में तीन दीर्घकालीन पाठयक्रम संचालित किए जाते हैं-पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एंड टेस्टिंग अवधिः 2 वर्ष, प्रवेश योग्यताः विज्ञान में 3 वर्ष की डिग्री। डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी- अवधिः 3 वर्ष, प्रवेश योग्यताः 10 वीं कक्षा पास। डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी - अवधिः 3 वर्ष, प्रवेश योग्यताः 10 वीं कक्षा पास। यहां के सभी प्रशिक्षुओं के लिए शत प्रतिशत प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान की जाती है। सिपेट, हाजीपुर के निदेशक डॉ उपेन्दर पाल सिंह ने बताया कि सीएसटीएस-हाजीपुर आईएसओ 9001: 2015 प्रमाणित प्रशिक्षण संस्थान है जिसे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एवं राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। इसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से मानव संसाधन का विकास व कंसल्टेंसी सेवाएं प्रदान करना है। यह संस्थान केंद्रीय रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन है।

करीब 5.65 एकड़ में फैले सिपेट, हाजीपुर में सीएडी/सीएएम, सीएनसी टूलिंग, प्लास्टिक प्रसंस्करण और उद्योगों के लिए प्लास्टिक के परीक्षण के क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## प.बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा स्वागत योग्य : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के वरीय नेता व पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पाण्डेय ने मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा रविवार को पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल की जटिल स्थितियों को ध्यान में रखकर ही चुनाव आयोग ने वहां दो चरणों में चुनाव कराने का निर्णय लिया है। इस बार बंगाल में जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। वहां भाजपा की जीत तय है। पश्चिम बंगाल में कुल 294 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से पहले चरण में 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा जबकि दूसरे चरण में 142 सीटों पर 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इन सभी सीटों के परिणाम जब 4 मई को अन्य राज्यों के साथ घोषित होंगे तो वहां का जनादेश भाजपा के पक्ष में होगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी के नेता चुनाव में जबरदस्त हिंसा करते हैं। मगर मुझे पूरी उम्मीद है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करेंगे। भाजपा इस चुनाव में मजबूत स्थिति में है और पार्टी को बंगाल में जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है।

## राजकीय पक्षी गौरैया पर संगीत का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हमारी गौरैया एवं एनवायरमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में पटना के होटल अमाल्फी ग्रैंड में एक ओपन माइक संगीत संध्या का आयोजन शनिवार को देर शाम में किया गया जिसमें बिहार की राजकीय पक्षी गौरैया पर एक विशेष गीत 'गौरैया अब वापस आ जाओ' का लोकार्पण किया। इस गीत को निश्चल कुमार ने लिखा है जबकि स्वर दी है अदिति रॉय, अध्यक्ष एनवायरमेंट वॉरियर्स ने। संगीत निर्माण का कार्य अमन वैभव तथा राजा कुमार के द्वारा किया गया है। मौके पर मुख्यातिथि राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय भूजल बोर्ड तथा प्रसिद्ध कवि ने कहा कि बचपन में गौरैया की आवाज से हमारी नींद खुलती थी, लेकिन आज इसके दीदार के लिए भी हमें तरसना पड़ता है, ऐसे में उसको संगीत से जोड़ कर लोगों को संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना, बहुत ही शानदार कार्य है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ ध्रुव कुमार ने बताया कि पहले हमारे पाठ्यक्रम में रक्षा में हत्या, नादान दोस्त जैसे कहानियां सम्मिलित होती थी जो बाल मस्तिष्क को इन बेजुबानों से जोड़ने का कार्य करता था, लेकिन आज के मोबाइल के दौर में इसकी स्थिति है, ऐसे में नई तकनीकों से इसे जोड़ कर संगीत के माध्यम से संरक्षण को बढ़ावा देने का प्रयास बहुत प्रेरक है। मौके पर हमारी गौरैया के संयोजक संजय कुमार ने कहा कि गौरैया का उल्लेख साहित्य के हर विधा में मौजूद है जो इससे आमलोगों को जोड़ने सबूत है, लेकिन संगीत का क्षेत्र थोड़ा अछूत था जो आज पूरा होते दिख रहा है। सभी का प्रयास प्रशंसनीय है। इस अवसर पर आशा प्रसाद, शिप्रा सोनी, रश्मि रानी, हर्षा श्रीवास्तव आदि ने अपनी स्वलिखित कविताओं का पाठ किया। मौके पर निशांत रंजन, दिग्विजय कुमार, शिप्रा सोनी, सभ्यता कुमारी, रजनीश कुमार, मासूम राजन, भूमिका भारद्वाज, आकाश राज, प्रिंस कुमार आदि उपस्थित थे।

## अत्याधुनिक प्रयोगशाला की स्थापना से बना आईजीआईएमएस देश का अग्रणी संस्थान : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में शनिवार को विश्व किडनी दिवस -2026 (जो 12 मार्च को था) के उपलक्ष्य पर 'किडनी ट्रांसप्लांट मीट-2026' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने आईजीआईएमएस परिसर में एनेस्थीसिया सिमुलेशन लेबोरेट्री की सुविधाओं और रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम की सुविधाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक और आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था से मरीजों को बेहतर और सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है तथा लोगों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान दीघा के विधायक संजीव चौरसिया भी मौजूद रहे। श्री पांडेय ने कहा कि एनेस्थीसिया सिमुलेशन लेबोरेट्री की स्थापना इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में की गई है। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला एलीवेट हेल्थकेयर इंक, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा निर्मित उपकरणों से सुसज्जित है। यह लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित की गई है जिसमें 10 वर्षों की व्यापक वार्षिक अनुरक्षण सेवा भी शामिल है।

## कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में जॉब कैंप आयोजित, महिला अभ्यर्थियों का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा / वैशाली।** क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में एक विशेष जॉब कैंप एवं इंटरव्यू सत्र का सफल आयोजन किया गया।

संस्थान द्वारा आयोजित इस रोजगार कैंप के अंतर्गत 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थियों ने नौकरी के लिए अपना बायोडाटा जमा किया था। प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के उपरांत योग्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार (इंटरव्यू) के लिए आमंत्रित किया गया जिसमें कई महिला अभ्यर्थियों ने भाग लिया। आयोजित इंटरव्यू प्रक्रिया के उपरांत कई महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में काफी उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। वहीं जिन अभ्यर्थियों का इस बार चयन नहीं हो सका, उन्हें आगामी इंटरव्यू सत्र में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा, ताकि वे अपनी तैयारी को और बेहतर बनाकर भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी का उद्देश्य केवल कम्प्यूटर एवं कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना ही नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है। इसी उद्देश्य से संस्थान समय-समय पर रोजगार कैंप, कैरियर काउंसलिंग एवं इंटरव्यू सत्र का आयोजन करता रहता है। संस्थान ने यह भी जानकारी दी कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के रोजगार कैंप एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे स्थानीय युवाओं, विशेषकर महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें और वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक-सह-संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि संस्थान में नए प्रशिक्षण बैच का नामांकन प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने इच्छुक युवाओं से नामांकन लेकर कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने का आग्रह किया।

## ए इयर ऑफ वंडर्स थीम पर बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** वार्षिक समारोह की थीम ए इयर ऑफ वंडर्स पर बच्चों ने पूरे वर्ष के दौरान विद्यालय में सीखी गई गतिविधियों, अवधारणाओं और संस्कारों को रंगारंग प्रस्तुतियों द्वारा मंच पर जीवंत कर दिया। बच्चों ने आकर्षक नृत्यों और रोचक नाटिकाओं के माध्यम से कक्षा शिक्षण, साप्ताहिक गतिविधियों और विद्यालय जीवन की आनंदमयी झलक प्रस्तुत की। मौका था फ्रेजर रोड स्थित भारतीय नृत्य कला मंदिर में आयोजित ऑर्किड पेटल्स प्ले स्कूल के वार्षिक समारोह का जिसमें बोरिंग पाटलिपुत्र रोड शाखा, राजेंद्र नगर और पटना सिटी शाखा के लगभग 200 से अधिक बच्चों ने अपनी प्रतिभा कौशल का प्रदर्शन किया।

## विदुषी कवयित्री सरोज पाटनी जैन के नवीन काव्य संग्रहों का लोकार्पण

### हृदय को छूती है सरोज पाटनी जैन की कविताएं : पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अध्यात्म, अहिंसा और शाकाहार को समर्पित संस्था आशा बिहार द्वारा स्थानीय बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स सभागार, पटना में विदुषी कवयित्री सरोज पाटनी जैन के काव्य संग्रहों का भव्य लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उनकी काव्य-श्रृंखला अहसासों की श्रृंखला के अंतर्गत प्रकाशित नवीन काव्य संग्रह अहसासों के स्पर्श एवं अहसासों के रतजगे का लोकार्पण किया गया। काव्य संग्रहों का लोकार्पण कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता सिक्कम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, मुख्य अतिथि प्रो. किरण घई सिन्हा, अंतरराष्ट्रीय काव्य मंच के अध्यक्ष सुजीत मुखर्जी, पद्मश्री विमल जैन, डॉ. अनिल सुलभ, डॉ. शंकर प्रसाद, आईएएस शशांक शेखर, डॉ. प्रो. वीणा अमृत, उषा झा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय काव्य मंच के अध्यक्ष सुजीत मुखर्जी की अंग्रेजी काव्य कृति ड्यूड्रोप्स का सरोज पाटनी जैन द्वारा किया गया भावपूर्ण हिंदी रूपांतरण के भी दो पुस्तकों - हर लम्हा कुछ कहता है एवं ओस की पंखुड़ियां के रूप में लोकार्पित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उद्घाटनकर्ता पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि सरोज पाटनी जैन एक बेहतरीन लेखिका हैं और उनकी कविताएं हृदय को छूती है। अपने संबोधन में अतिथियों ने सरोज पाटनी जैन की साहित्य साधना, समाज सेवा और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी कविताओं में मानवीय संवेदनाओं, जीवन के अनुभवों और आध्यात्मिक चेतना का सुंदर समन्वय दिखाई देता है।

## 24 घंटे में काम पर लौटने वाले अधिकारियों पर नहीं होगी कार्रवाई: विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया है कि 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने वाले अंचलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाएगी। जो इस निर्धारित समय सीमा में काम पर लौट आयेंगे उनकी दोनों हड़ताल अवधि का समायोजन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्च का महीना राजस्व विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और कई जनहितकारी अभियान इस समय चल रहे हैं।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती मनी, प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा सभागार में छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज समिति द्वारा किया गया, जो पिछले दस वर्षों से बिहार में शिवाजी महाराज की जयंती मनाते हुए समाज सेवा के विविध कार्यों में सक्रिय रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री सम्मानित चिकित्सक डॉ. एस. एन. आर्या, समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधीर पटेल, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी ई. सतीश पटेल, आईएएस अधिकारी श्रीकांत शास्त्री (डीएम, बेगूसराय), आईआरटीएस अधिकारी शिव कुमार प्रसाद, आईएएस सी. जे. पटेल, प्रोफेसर अरविंद कुमार (दिल्ली विश्वविद्यालय) सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिवाजी महाराज के जीवन और उनके पराक्रम पर आधारित नाटकीय प्रस्तुति भी की गई जिसने दर्शकों को उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति से प्रेरित किया। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रतिभा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिवाजी महाराज ने 'हिन्दवी स्वराज' की स्थापना कर भारत के पश्चिमी क्षेत्र को आक्रमणकारियों से सुरक्षित रखा और अपने साहस, रणनीति तथा गोरिल्ला युद्धकला के कारण विश्वभर में प्रसिद्ध हुए।

## अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में एक सौ पचास लोगों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में सौ से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 27 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 95 मरीजों के आंखों की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा किया गया। इनमें 21 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 26 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर डॉ रचना जैन ने 18 महिला मरीजों की जांच की। डॉ सुभाष कुमार ने मधुमेह के 30 मरीजों को देखा। डॉ कन्हैया अग्रवाल ने 24 मरीज को होमियोपैथिक की दवा दी। डॉ नितिन मैतिन ने 18 मरीजों के दांतों की जांच की।

## एआई से तेज और पारदर्शी होंगे भूमि सर्वेक्षण व बंदोबस्त कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के उपयोग से राज्य में भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों को अधिक पारदर्शी, तेज और विश्वसनीय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक को अपनाकर राजस्व प्रशासन को मजबूत किया जा रहा है जिससे आम नागरिकों को जमीन से जुड़े मामलों में सरल, त्वरित और बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एआई आधारित कार्यप्रणाली से विभाग की दक्षता बढ़ेगी और सर्वे के कार्य को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा। राज्य में राजस्व प्रशासन को आधुनिक, अधिक प्रभावी और समय सीमा में पूरा करने की दिशा में अब विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय ने राज्य के सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## जुम्बा, योग और खेलों के संग फिटनेस का उत्सव, फिट इंडिया कार्निवल में दिखा जोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) द्वारा फिट इंडिया कार्निवल, 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों में फिटनेस, खेल एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में विभिन्न खेल संघों, खिलाड़ियों, फिटनेस प्रेमियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर राज्य की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनका स्वागत स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, पटना के केंद्र प्रभारी सोमेश्वर राव चव्हाण द्वारा बुके एवं शॉल प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में एम. रामचंद्रुडु, आईएएस, निदेशक जनगणना, अजय कुमार, अध्यक्ष बिहार ओलंपिक एसोसिएशन तथा हरिद्वार से आए राकेश आचार्य जी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में खेल मंत्री ने सभी को दैनिक जीवन में बुनियादी फिटनेस गतिविधियों को अपनाने की अपील की और कहा कि स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन के लिए नियमित शारीरिक गतिविधि अत्यंत आवश्यक है।

## संपादकीय

# क्या पश्चिम एशिया का युद्ध खत्म कर देगा घर की गैस?

पश्चिम एशिया में संघर्ष की वजह से जैसे हालात बन गए हैं और जैसे-जैसे दिन लंबे खिंचते जा रहे हैं, उसके असर का दायरा भी बढ़ने लगा है। युद्ध में दोनों पक्षों की ओर से जिस तरह की रणनीतियां अपनाई जा रही हैं, उसके कारण वैसे देश भी बुरी तरह प्रभावित हो हैं, जो टकराव से दूर हैं। दरअसल, ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद समूचा पश्चिम एशिया प्रभावित है और इसका खाड़ी देशों में तेल उत्पादन पर खासा असर पड़ा है।इस बीच ईरान ने जिस तरह होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित कर दिया है, उसके बाद उस मार्ग से होकर दुनिया के कई देशों में तेल की आपूर्ति भी रुक गई है। खासतौर पर भारत में तेल और गैस की दिक्कत जिस रूप में देखी जा रही है, वह कई स्तर पर चिंता पैदा करती है। हालांकि सरकार की ओर से यह कहा गया है कि देश के पास रणनीतिक और व्यावसायिक भंडार की पर्याप्त मात्रा मौजूद है और घरों तथा वाहनों के लिए इसमें कोई कटौती नहीं की गई है।सरकार ने उपभोक्ताओं से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की गैरजरूरी जमाखोरी से बचने की अपील की है। विडंबना यह है कि एक ओर सरकार ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुरक्षित बता रही है, दूसरी ओर देश के कई हिस्सों से बाजार में रसोई गैस के लिए अफरा-तफरी की खबरें आ रही हैं। सवाल है कि जब सरकार सब कुछ ठीक होने का आश्वासन दे रही है, जमाखोरी न करने की हिदायत दे रही है, तब भी लोगों के बीच रसोई गैस की कमी होने की आशंका कैसे फैल गई।असल में जब ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को रोक दिया और उसका असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ने लगा, तब सरकार ने न केवल खाना पकाने के गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी, बल्कि पच्चीस दिन के बाद ही नया सिलेंडर मिलने की शर्त लगा दी। शायद यही वजह है कि लोगों के बीच यह धारणा बनी कि आने वाले दिनों में रसोई गैस की किल्लत होने वाली है।इसी के बाद एहतियातन रसोई गैस के सिलेंडर लेने की एक तरह से होड़ मच गई, जिसका फायदा कालाबाजारी करने वालों ने उठाया और कई जगहों से ऊंची कीमतों पर सिलेंडर बेचे जाने की खबरें आईं। इसी तरह, बिजली से चलने वाले चूल्हों की बिक्री में खासा इजाफा देखा गया। उपजने वाली स्थिति का अनुमान लगाने तथा उसी मुताबिक संकट का सामना करने की तैयारी करने के मामले में सरकार ने उदासीनता क्यों बरती।अब सरकार आवश्यक वस्तु अधिनियम लगाने, जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने की बात कह रही है, लेकिन हकीकत यह है कि रसोई गैस सिलेंडरों की कमी को लेकर लोग आशंकित हैं।

**बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और पश्चिम एशिया के युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को एक बार फिर अस्थिर कर दिया है। तेल और गैस की आपूर्ति से जुड़े समुद्री मार्गों पर खतरा बढ़ने लगा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव तेज हो गया है। ऐसी स्थिति में भारत जैसे ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर देश के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय है। भारत की आर्थिक गतिविधियां, उद्योग, परिवहन व्यवस्था और आम लोगों का दैनिक जीवन काफी हद तक पेट्रोलियम उत्पादों और गैस पर निर्भर करता है। इसलिए मध्य-पूर्व में किसी भी प्रकार का सैन्य संघर्ष भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सीधे प्रभावित करता है। इस परिस्थिति में भारत सरकार को न केवल ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करनी होगी, बल्कि अफवाहों और बाजार में पैदा होने वाली अनिश्चितता पर भी नियंत्रण रखना होगा। मध्य-पूर्व लंबे समय से दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा आपूर्ति क्षेत्रों में शामिल रहा है।**

# पश्चिम एशिया का संकट-भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए कितनी बड़ी चुनौती?

(जयदेव राठी)

खाड़ी क्षेत्र से दुनिया के अनेक देशों को कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति होती है। इस क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले किसी भी संघर्ष का सीधा प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। वर्तमान परिस्थितियों में सबसे अधिक चिंता समुद्री मार्गों को लेकर है, क्योंकि खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाले अधिकांश तेल टैंकर महत्त्वपूर्ण समुद्री रास्तों से होकर गुजरते हैं।

अगर युद्ध के कारण इन मार्गों पर अवरोध उत्पन्न होता है, तो तेल की आपूर्ति में गंभीर बाधा आ सकती है। साथ ही जहाजों की सुरक्षा, बीमा लागत और परिवहन खर्च भी बढ़ जाता है, जिसका प्रभाव आखिर तेल की कीमतों पर दिखाई देता है। भारत की ऊर्जा संरचना को देखें, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि देश की अर्थव्यवस्था अभी भी बड़े पैमाने पर आयातित तेल और गैस पर निर्भर है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल जरूरत का लगभग अस्सी फीसद से अधिक आयात करता है।

इनमें से एक बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व के देशों से आता है। यही कारण है कि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ते ही भारत में ऊर्जा बाजार को लेकर चिंता बढ़ जाती है। अगर युद्ध के कारण तेल की आपूर्ति बाधित होती है या कीमतों में तेज वृद्धि होती है तो इसका प्रभाव सीधे भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर केवल पेट्रोल और डीजल की कीमतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका व्यापक आर्थिक प्रभाव होता है। परिवहन महंगा होने से वस्तुओं की ढुलाई की लागत बढ़ती है, जिससे बाजार में कई वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं।

कृषि क्षेत्र भी इससे प्रभावित होता है, क्योंकि खेती से जुड़े कई उपकरण और परिवहन व्यवस्थाएं पेट्रोलियम उत्पादों पर आधारित हैं। इसी तरह, उद्योगों में उत्पादन लागत बढ़ जाती है, जिससे उत्पादों की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ने की संभावना बनती है और आम लोगों की क्रय शक्ति पर असर पड़ता है। प्राकृतिक गैस की स्थिति भी भारत के लिए उतनी ही महत्त्वपूर्ण है। देश के कई उर्वरक संयंत्र, बिजली उत्पादन इकाइयां और औद्योगिक इकाइयां गैस पर निर्भर हैं।

भारत अपनी गैस जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है और इसका बड़ा भाग भी मध्य-पूर्व से आता है। अगर युद्ध के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो उर्वरक और बिजली उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। इससे कृषि और उद्योग, दोनों क्षेत्रों पर दबाव बढ़ सकता है। ऊर्जा संकट का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि यह केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि रणनीतिक चुनौती भी है। ऊर्जा संसाधनों की कमी या कीमतों में अत्यधिक



वृद्धि से किसी भी देश की विकास गति प्रभावित हो सकती है।

भारत जैसे तेजी से विकसित हो रहे देश के लिए ऊर्जा की निरंतर उपलब्धता बेहद जरूरी है। अगर तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं, तो इससे देश का आयात खर्च बढ़ने के साथ-साथ व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। इसका असर मुद्रा विनिमय दर और वित्तीय संतुलन पर भी पड़ेगा। इन चुनौतियों को देखते हुए भारत सरकार के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए बहुस्तरीय रणनीति अपनाए।

सबसे पहले सरकार को विभिन्न देशों से तेल और गैस की खरीद के विकल्पों को मजबूत करना होगा, ताकि किसी एक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कम की जा सके। इसके साथ ही रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का उपयोग भी संकट के समय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक तेल भंडार तैयार किए हैं, जिनका उद्देश्य आपात स्थिति में देश की ऊर्जा जरूरतों को कुछ समय तक पूरा करना है। हालांकि केवल भंडार बनाना ही पर्याप्त नहीं है।

सरकार को ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण पर भी ध्यान देना होगा। रूस, अमेरिका, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों से ऊर्जा आयात बढ़ाने की दिशा में पहले ही प्रयास किए जा चुके हैं। इस नीति को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में किसी एक क्षेत्र में संकट उत्पन्न होने पर देश की ऊर्जा व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित न हो। ऊर्जा संकट की स्थिति में एक और महत्त्वपूर्ण पहलू समाज में फैलने वाली अफवाहें होती हैं। कई बार सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से ऐसी खबरें फैल जाती हैं कि देश में ईंधन की कमी होने वाली है या पेट्रोल-डीजल की कीमतें अचानक बहुत बढ़ने वाली हैं। ऐसी अफवाहों के कारण लोग घबराहट में ईंधन का अनावश्यक भंडारण करने लगते हैं, जिससे बाजार में कृत्रिम संकट पैदा हो सकता है। इसलिए सरकार और प्रशासन के लिए यह आवश्यक है कि वे समय-समय पर स्पष्ट और प्रामाणिक जानकारी जनता तक पहुंचाते रहें। मीडिया की भूमिका भी इस संदर्भ में अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाती है। ऊर्जा संकट जैसे संवेदनशील विषयों पर अतिरंजना या अपुष्ट जानकारी समाज में अनावश्यक भय और भ्रम पैदा कर सकती है। दीर्घकालिक दृष्टि से देखें तो यह संकट भारत के लिए एक चेतावनी भी है कि ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में और अधिक प्रयास किए जाएं। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जैव ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा के विकास से भविष्य में तेल और गैस पर निर्भरता को कम किया जा सकता है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में इस दिशा में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन अभी भी काफी संभावनाएं शेष हैं। मध्य-पूर्व का वर्तमान संकट यह स्पष्ट संकेत देता है कि वैश्विक राजनीति और ऊर्जा बाजार एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष का प्रभाव पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। भारत के लिए यह समय सतर्कता, संतुलन और दूरदर्शिता के साथ नीति बनाने का है। सरकार को ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बाजार में स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान देना होगा। साथ ही अफवाहों और भ्रम की स्थिति से बचने के लिए पारदर्शी सूचना प्रणाली और जिम्मेदार संवाद भी जरूरी है। अगर भारत इस चुनौतीपूर्ण समय में संयम के साथ कदम उठाता है, तो वह न केवल इस संभावित ऊर्जा संकट से सुरक्षित रह सकता है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी मजबूत आधार तैयार कर सकता है। ऐसी परिस्थितियां कठिन जरूर होती हैं, लेकिन सही नीति और दूरदर्शिता के माध्यम से इन्हें अवसर में भी बदला जा सकता है। यही समय है जब भारत को अपनी ऊर्जा नीति को और अधिक मजबूत, संतुलित और भविष्योन्मुखी बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाने होंगे।

# 'कुछ मीठा हो जाए' या 'कुछ बीमार हो जाए'? विज्ञापनों के पीछे छिपी कड़वी सच्चाई

(प्रभात कुमार)

आहार का स्वाद बनाए रखने के लिए चीनी और नमक बहुत जरूरी है। दुनिया के मशहूर बावर्ची खास और महंगे व्यंजन पकाते हुए नमक की बारी आने पर कहते हैं- स्वादानुसार। नमक तो ज्यादा खाना वैसे भी संभव नहीं होता। मीठा कम खाने के बारे कोई नहीं कहता, इसलिए मीठा रुकने का नाम नहीं लेता।

यह खूब खाया जाता है। इसके असर के बारे में जानते हुए भी लोग इससे बचना जरूरी नहीं समझते। हालांकि मोटापा, मधुमेह और दूसरे कारणों से जब शरीर परेशान होने लगता है, तब मीठा कम करना पड़ता है। हमारी जीवन शैली ही ऐसी है कि चीनी दुखी करने लगे, तब भी किसी न किसी बहाने मीठा खाना छूटता नहीं है।

कितने ही लोग सुबह उठकर गोली खा लेते हैं और दिन में गुलाब जामुन पेश किए जाएं, तो उन्हें मुस्कुराकर स्वीकार कर लेते हैं। कोई खुशखबरी जिंदगी में इठलाती हुई प्रवेश कर जाए और जल्दी से कोई मिठाई न मिल सके, तो चीनी को ही मिठाई मान कर मुंह मीठा करा दिया जाता है। वैसे हर मिठाई में चीनी की ही महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।

लगभग हर प्रसाद में मिष्ठान खिलाया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि ज्यादा मीठा खाते रहना सेहत के लिए दिन पर दिन खतरनाक हुआ जा रहा है। खुशी मनाने और मनवाने के लिए मुंह मीठा करवाना हमारी ऐतिहासिक परंपरा है और परंपराओं से मुंह मोड़ना हमारे यहां सांस्कृतिक गुस्ताखी मानी जाती है। मीठा खाकर आराम से बैठने के कारण राष्ट्रीय सेहत बिगड़ रही है।

यह पढ़कर और जानकर कसैला अनुभव होता है कि हमारा देश दुनिया की मीठी राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। आशंका है कि वास्तविकता में यह हो भी चुका हो, क्योंकि सच अब बेचारा हो चुका है। पता नहीं वक्त के किस कोने में सिर झुकाए बैठा होगा। 'कुछ मीठा हो जाए' जैसे विज्ञापनों ने प्यार तो बहुत पाया, तभी सामान भी खूब बिकवाया, लेकिन जितना नुकसान मीठा खाते रहने वालों का हुआ, उतना मीठा खाने वाले नहीं समझते।

मिठास के पीछे दुनिया इतनी दीवानी है कि उत्सव और खुशियों की पारंपरिक मिठाई, यानी गुड़ को भी नहीं बख्शा गया। उसे ज्यादा मीठा, कुरकुरा और स्वाद बनाने के लिए उसमें चीनी मिलाना कब से हो रहा है। दर्जनों प्रसिद्ध ब्रांडों की गजक चीनी के सहारे बिक रही है। कितनी ही चीजों में असली चीनी की जगह जो नकली चीनी खिलाई जा रही है, वह असली चीनी से ज्यादा खतरनाक बताई जाती है।

अच्छी सेहत के बारे में समझाने वाले उचित ही कहते हैं कि जब बीमारियां दस्तक देना शुरू कर रही हों तो भोजन में चीनी और नमक कम कर देना चाहिए। इस बारे में वाकई संजीदा विचार करना चाहिए और स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए कोई विज्ञापन प्रेरित करे या न करे, खुद ही अपने आप से कहा जाए कि मीठा ज्यादा नहीं, अब नमकीन भी कम हो जाए। यह दोनों शरीर में कम प्रवेश करेंगे, तो जिंदगी की असली सेहत सलामत रहेगी और तबीयत भी बार-बार खराब होने से बचा करेगी।

यह बिल्कुल सही कहा गया है कि डाक्टर के पास जाकर दवाई खाकर स्वस्थ रहना, स्वस्थ रहना नहीं है, बल्कि डाक्टर के पास न जाकर, स्वानुशासन अपनाकर स्वस्थ रहना ही वास्तव में स्वस्थ रहना है। यह बात दीगर है कि विषाणु, दुर्घटना, प्रदूषण और गरीबी के पड़ोस में तो कोई भी बीमार हो सकता है। खुशी मनाने के लिए 'कड़वा हो जाए' कहने का प्रचलन भी हमेशा रहा है और बढ़ता ही जा रहा है। मिठाई खाने से ज्यादा स्वाद तो लोग सोमरस पीने और पिलाने में लेते हैं।

यह पेय मिठाई खिलाने से कम रसीला नहीं माना जाता। यही माना जाता है कि खुशी की पार्टी तो तभी पूरी होती है, जब मदिरापान हो। एक बार मिली जिंदगी का पूरा लुत्फ लेने के लिए पीना पिलाना बढ़ रहा है। हमारे देश को इस तरह के स्वाद रस की खपत में दुनिया भर में काफी बढ़त मिली है। खुशी के अवसरों पर बच्चों, युवाओं और महिलाओं से बच बचाकर, 'आज शाम को पार्टी हो जाए' भी खुलकर कहा जा रहा है।

# सवालों के घेरे में नीतीश कुमार की विदाई

**राजनीति का एक चरित्र है। अपने कदमों को लिए वह जिन कारणों को गिनाती है, हकीकत में वे कारण होते ही नहीं। नीतीश ने भी कहा है कि वे चाहते थे कि संसद के दोनों सदनों और विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्य बनें। विधानमंडल और लोकसभा के वे सदस्य रह लिए हैं, लेकिन राज्य सभा के वे सदस्य कभी रहे नहीं। दो दशकों से बिहार की सत्ता की धुरी रहे नीतीश कुमार की विदाई को लेकर सियासी गलियारों में जितनी हैरत जताई जा रही है, सवाल भी उतने ही उठ रहे हैं। बीस साल से कुछ ज्यादा वक्त से लगातार बिहार की सत्ता में बने रहे नीतीश का सियासी स्वभाव ही सवालों और आश्चर्य की वजह बना है। नीतीश ने जब से सत्ता संभाली है, उन्होंने कभी ऐसा जाहिर नहीं किया कि वे सत्ता से दूर हो सकते हैं।**

(उमेश चतुर्वेदी)

बीच में जीतन राम मांझी को नौ महीने के लिए सत्ता सौंपकर संन्यासी और बीतरागी जैसा दिखने की कोशिश उन्होंने जरूर की, लेकिन वह सिर्फ दिखावा था। सत्ता का असल सूत्र उनके ही हाथ था। जब लगा कि मांझी उस सूत्र को काट कर स्वाधीन पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उस धागे को काट सत्ता खुद थाम ली थी। नीतीश सत्ता को इतनी आसानी से छोड़ देंगे, इस पर आसानी से भरोसा ना करने की वजह उनका अतीत रहा है। कभी जीन विवाद तो कभी किसी दूसरी वजह से उन्होंने अपनी पुरानी सहयोगी बीजेपी को छोड़ उस लालू का हाथ दो-दो बार थाम लिया, जिनके विरोध की बुनियाद पर ही उनकी राजनीति परवान चढ़ी। फिर जब उन्हें लगा कि लालू का साथ उनकी सियासी नैया को डुबो देगा तो फिर बीजेपी की ओर लौटने में भी उन्होंने देर नहीं लगाई। यह सियासी आवाजाही हर हाल में सत्ता पर पकड़ बनाए रखने की उनकी चाहत का ही प्रतीक लगती है। इसी वजह से उनकी विदाई को सहजता से स्वीकार करना कठिन हो रहा है।

राजनीति का एक चरित्र है। अपने कदमों को लिए वह जिन कारणों को गिनाती है, हकीकत में वे कारण होते ही नहीं। नीतीश ने भी कहा है कि वे चाहते थे कि संसद के दोनों सदनों और विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्य बनें। विधानमंडल और लोकसभा के वे सदस्य रह लिए हैं, लेकिन राज्य सभा के वे सदस्य कभी रहे नहीं। इसलिए वे बिहार की राजनीति छोड़ राज्यसभा का सदस्य बनने जा रहे हैं। हो सकता है कि नीतीश की यह चाहत रही हो, लेकिन उनके बिहार को छोड़ने के पीछे का यह सच अधूरा है। विगत दो साल में नीतीश कुमार की जुबान कई बार फिसली है। उनकी हरकतें भी कई बार हास्यास्पद रही हैं। नीतीश की छवि ऐसे गंभीर शख्सियत की रही है, जो नाप-तोलकर बोलता है। इसी छवि ने गाहे-बगाहे फिसलती रही जुबान और उल-जलूल हरकतों के बावजूद उनके प्रति लोगों का सम्मान कम नहीं होने दिया है। इसी छवि के चलते विगत के बिहार चुनाव में एनडीए को भारी जीत भी मिली। लेकिन इसके साथ ही यह भी मान लिया गया कि इन चुनावों के बाद नीतीश की विदाई भी हो सकती है। यह कहना मुश्किल है कि बीजेपी और जनता दल यू ने तय किया हो कि चुनाव बाद नीतीश हट जाएंगे या हटा दिए जाएंगे। लेकिन जिस तरह से नीतीश ने खुद को बिहार से दूर किया है, उससे लगता है कि दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच ऐसी समझ विकसित हो चुकी थी। चूंकि इसकी भनक बाहर नहीं लग पाई थी, इसलिए यह बदलाव लोगों को आसानी से पच नहीं रहा।

नीतीश ने जिस जनता दल यू को सींचा-खड़ा किया है, उसका भी चरित्र कुछ-कुछ कांग्रेस की तरह हो गया है। जिस तरह नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस को एक रखने का चुंबक है, नीतीश ही जनता दल यू के लिए उसी तरह के चुंबक हैं। बेशक राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन, संजय झा, विजय चौधरी और अशोक चौधरी, नीतीश के बेहद करीब हैं। लेकिन इन चारों की समूचे जनता दल यू में स्वीकार्यता नहीं है। जदयू को एक नीतीश रख सकते हैं या उनके बेटे निशांत। जदयू को एक रखने के लिए निशांत का राजनीति में आना जरूरी है। राजनीति में उनके प्रवेश की अटकलें करीब दो वर्षों से लगाई जा रही हैं। नीतीश की छवि परिवारवाद विरोधी नेता की भी है। बिहार की राजनीति के केंद्र में उन्हें लाने के पीछे लालू के परिवारवाद पर उनका तीखा हमला भी रहा है। ऐसे में नीतीश के बाद सीधे निशांत की ताजपोशी उनकी छवि को नुकसान पहुंचा सकती थी, लिहाजा निशांत को उत्तराधिकार सौंपने के लिए ऐसी राह चुनी गई है, जिससे नीतीश को कम से कम नुकसान हो। इसलिए वे दिल्ली में राज्यसभा की शोभा बढ़ाने जा रहे हैं, जबकि नीतीश बिहार की सत्ता में नंबर दो की पोजिशन संभालने जा रहे हैं। इस कदम से निशांत को सीधे बिहार की सत्ता मिल भी नहीं रही और जदयू पर पकड़ के लिए मजबूत रस्सी भी थमाई जा रही है।

बिहार इन दिनों आर्थिक संकट से गुजर रहा है। जीविका दीदियों के खाते में अब तक 18 हजार एक सौ करोड़ दिए जा चुके हैं। दो साल में करीब दो लाख



कर्मचारियों की भर्ती के बाद राज्य का वेतन खर्च 70 हजार करोड़ से ज्यादा हो चुका है। पेंशन खर्च पैंतीस हजार करोड़ हो चुका है। राज्य का बजट तीन लाख 67 हजार करोड़ का है। इसमें से पैंसठ फीसद खर्च प्रतिबद्ध खर्च है यानी विकास और योजना पर। राज्य की आर्थिक स्थिति की गड़बड़ी के चलते लालू राज के बाद पहली बार वित्त विभाग को आदेश देना पड़ा है कि कर्मचारियों के वेतन खर्च के अलावा कोई भुगतान ना किया जाए। नीतीश को यह कठिनाई पता है। माना जा रहा है कि बीजेपी को सत्ता सौंपने के पीछे उनका मकसद यह भी माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में राज्य के इस आर्थिक संकट को सत्ता के केंद्र में होने के चलते उसे भुगतना पड़ेगा। हो सकता है कि अपने लोगों के हाथ सत्ता होने के चलते बिहार को मोदी सरकार की ओर से केंद्रीय मदद मिल जाए।

1967 में आठ राज्यों में बनी संविद सरकारों में बीजेपी की पूर्ववर्ती पार्टी जनसंघ ने समाजवादी दलों का साथ दिया था। मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल को छोड़ दें तो हर राज्य में समाजवादी दलों की वह सहयोगी रही। समाजवाद के साथ शुरू बीजेपी की यात्रा में धीरे-धीरे समाजवादी दलों का जनाधार छीजता चला गया। इस तरह उनका अस्तित्व ही खत्म हो गया। बीजेपी की इस वर्चस्ववादी यात्रा की राह में नीतीश का जनता दल यू और नवीन पटनायक का बीजू जनता दल रोड़ा रहा है। उड़ीसा के पिछले चुनाव में बीजेपी पटनायक को पटखनी दे चुकी है और अब नीतीश कुमार ने खुद ही कुर्सी खाली कर दी है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि बिहार में बीजेपी का अगुआ बनने का सपना पूरा होने जा रहा है। नीतीश अब बिहार की सत्ता का अतीत हैं। उनकी उपलब्धियां भी कम नहीं हैं। पहले दो कार्यकाल तक यानी 2015 तक उन्होंने बिहार को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम किया है। नीतीश की एक और उपलब्धि यह है कि लगातार बीजेपी का साथ होने के बावजूद उन्होंने अपनी सरकार का समाजवादी स्वरूप बचाए रखा। सुशासन और सरकार के समाजवादी स्वरूप के चलते नीतीश की राष्ट्रव्यापी छवि बनी। नीतीश की छवि तो बनी, लेकिन उन्होंने बिहार से बाहर अपना संगठन खड़ा नहीं किया। एक बार अरूणाचल में जदयू के 11 विधायक चुने गए, लेकिन उन्हें सहेजने में नीतीश की दिलचस्पी नहीं रही। इससे दुखी विधायक एक-एक कर पार्टी छोड़ गए। 2023 में इसी छवि के चलते उन्होंने इंडिया गठबंधन बनाने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस का अहं उनकी राह में आड़े आ गया। अगर कांग्रेस ने अपने नेतृत्व को आगे रखने की चाहत का बलिदान किया होता और नीतीश को संयोजक बना दिया होता, शायद इतिहास अलग होता। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** मेरा युवा भारत कटिहार की ओर से दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हवाई अड्डा खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माय भारत कटिहार के महानिदेशक नामित सदस्य बबन कुमार झा एवं अभिषेक कुमार तथा सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ मालाकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी जनक राज मीना ने की गई।अपने संबोधन में जिला युवा अधिकारी जनक राज मीना ने खेलों को युवाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक बताया।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे डिजिटल दुनिया के खेलों से बाहर निकलकर मैदान में खेलों के माध्यम से अपने शारीरिक और मानसिक विकास को मजबूत करें। बबन कुमार झा ने युवाओं को खेलों के माध्यम से हार और जीत से ऊपर उठकर जीवन जीने का संदेश दिया। वहीं अभिषेक कुमार ने खेल को शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस,अनुशासन और टीम भावना के निर्माण का सबसे बेहतरीन माध्यम बताया। सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ मालाकार ने जिले में महिलाओं की खेलों में बढ़ती भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेल महिलाओं के विकास और समाज में उनके सम्मान को बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में सीवी रमन टीम विजेता तथा एपी जे अब्दुल कलाम टीम उपविजेता रही। इसके अतिरिक्त महिला वर्ग में 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान कुमकुम कुमारी, द्वितीय रेशमी कुमारी, तृतीय स्थान प्रीति कुमारी एवं महिला लंबी कूद में प्रथम स्थान अंशिका कुमारी, द्वितीय सिमरन कुमारी, तृतीय आंचल कुमारी तथा पुरुष वर्ग में 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान अमरजीत कुमार, द्वितीय अमर कुमार, तृतीय चंदन कुमार एवं पुरुष लंबी कूद में प्रथम स्थान निखिल कुमार, द्वितीय विशाल शर्मा, तृतीय राहुल कुमार ने प्राप्त किया । जिनमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को शिल्ड एवं मेंडल दे कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान कबड्डी प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में रेफरी दीपू पाल,आशीष कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर मेरा युवा भारत के कार्यालय सहायक बिक्रम कुमार मंडल, युवा विकास संगठन के अध्यक्ष आतिश कुमार दीपांकर, माय भारत युवा स्वयंसेवक अंजली कुमारी, स्वाति कुमारी,पूजा कुमारी, नीलू कुमारी, कृति भारती, आनंद कुमार, मिथलेश कुमार, गोकुल कुमार सिंह, महेश कुमार यादव,विशाल शर्मा तथा युवा क्लब से जुड़े युवा स्वयंसेवक आशुतोष कुमार मंडल, आशीष कुमार साह, विनोद कुमार चौधरी सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।




## मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर जायेंगे रेल कर्मचारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** एनएफ रेलवे इम्प्लाइज यूनियन कटिहार मंडल की ओर से रेल कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं मांगों के समाधान को लेकर सोमवार, 16 मार्च से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की जा रही है। यह भूख हड़ताल सुबह 9 बजे से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रेल परिसर कटिहार में प्रारंभ होगी।इस संबंध में एनएफ रेलवे इंप्लाइज यूनियन के मंडल सचिव रजनीश कुमार और इंप्लॉईज यूनियन के केंद्रीय संगठन मंत्री प्रेमशंकर ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं, जिनके समाधान की मांग इंप्लॉई यूनियन द्वारा लगातार उठाई जाती रही है। लेकिन अब तक रेल प्रशासन द्वारा ठोस पहल नहीं होने के कारण अंत में संगठन को यह कदम उठाना पड़ रहा है। यूनियन की प्रमुख मांगों में रेलवे बोर्ड के नियम 126/2018 एवं 212/2019 के अंतर्गत सभी विभागों में लंबित वेतन निर्धारण को शीघ्र अंतिम रूप देना, पदोन्नति पर मिलने वाले अतिरिक्त इंक्रीमेंट से कटिहार मंडल के सीनियर ट्रेन मैनेजरों को वंचित रखने के कारणों का जवाब, पदों के पुनर्वितरण के नाम पर वर्तमान बीओएस में की जा रही कटौती को रोकना शामिल है। जबकि इसके अलावा रेल स्टाफ कैंटीन को पुनः चालू करने, सभी कार्यस्थलों पर महिला कर्मचारियों के लिए समुचित शौचालय की व्यवस्था, मेडिकल डी-कैटेगराइज्ड कर्मचारियों की उचित पदस्थापना, गैंग हाटों पर बिजली और शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग शामिल है।

मंडल सचिव रजनीश कुमार ने बताया कि यूनियन ने इंजीनियरिंग विभाग के ट्रैक मेंटेनर्स को समय पर पदोन्नति देने, मंडल के रेलवे अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी दूर करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति सुधारने, तथा रेल कर्मियों को मिलने वाले सीईए एवं हॉस्टल भत्तों के भुगतान में हो रहे अनावश्यक विलंब को समाप्त करने की मांग भी की है। संगठन ने तकनीकी त्यागपत्र की स्वीकृति में देरी, टीटीई एवं रनिंग रूम में रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार सुविधाओं की बहाली, रेलवे आवासों एवं नालों की जर्जर स्थिति के सुधार, तथा सभी विभागों में 12 घंटे के स्थान पर 8 घंटे का ड्यूटी रोस्टर सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई है। यूनियन के केंद्रीय संगठन मंत्री प्रेमशंकर ने कहा कि जब तक इन मांगों पर रेल प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगी।

उन्होंने रेल प्रशासन से कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान करने की अपील की है। वही एन एफ रेलवे इम्पलाई यूनियन द्वारा रविवार को कटिहार रेलवे स्टेशन परिसर, लंगड़ा बगान ,जीआरपी चौक, ओ टी पारा सहित अन्य जगहों पर अलग अलग नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र और मंडल के नेतागण के साथ तकनीकी शाखा , सामान्य शाखा एवं महिला शाखा के सैकड़ों पदाधिकारी और प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी के निधन पर शोक

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मध्य विद्यालय घासी टोला के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह समाजसेवी धीरेंद्र पासवान (68) का निधन उनके पैतृक गांव हफलागंज में हो गया। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। शिक्षा जगत में उनके द्वारा किए गए कार्य और सामाजिक कार्य को याद करते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने उनके घर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया और अपनी संवेदना व्यक्ति की। स्वर्गीय पासवान अपने पीछे पत्नी,पुत्र,पुत्री,एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर सांसद तारिक अनवर, विधायक तार किशोर प्रसाद, एमएलसी अशोक अग्रवाल, मुखिया मुकेश पासवान सरपंच नित्यानंद पासवान,पंचायत समिति सदस्य गुलाम मुस्तफा,पैक्स अध्यक्ष सुनील साह आदि जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रबुद्ध लोगों ने अपनी अपनी शोक संवेदना व्यक्त की हैं ।



### लखनपुर में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

**अमदाबाद/कटिहार (नबिटासं)।** माह -ए - रमजान के मुबारक अवसर पर लखनपुर पंचायत की मुखिया श्वेता राय की ओर से कार्यालय परिसर में भव्य दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस मौके पर रोजेदारों के लिए विशेष इफ्तार की व्यवस्था की गई। हजारों की संख्या में लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य फूल कुमार, परवेज, शेख सद्दाम, मोईन, जुबेर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुखिया श्वेता राय ने कहा कि इफ्तार का असली मतलब मोहब्बत और भाईचारा है। रमजान का पवित्र महीना लोगों को आपसी प्रेम, सद्भाव और इंसानियत का संदेश देता है।उन्होंने कहा कि जब लोग एक साथ बैठकर रोजा खोलते हैं,तो समाज में एकता और सौहार्द की भावना और मजबूत होती है। इफ्तार के दौरान खजूर, फल, शरबत और अन्य पारंपरिक व्यंजनों के साथ रोजेदारों ने रोजा खोला।



### शराबी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनिहारी नगर पंचायत के पूर्व उप मुख्य पार्षद मुस्तफा अंसारी ऊर्फ पप्पु अंसारी शराब पीकर हुडदंग करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब के नशे में गाली गलौज व हुरदंग की शिकायत पर मनिहारी थाने मे कांड संख्या 74/2026 दर्ज कर मद्य निषेध की सुसंगत धाराओं मे जेल भेज दिया गया है। यह भी जानकारी दी कि इसके पूर्व भी श्री अंसारी को उत्पाद विभाग द्वारा शराब सेवन के आरोप मे 2022 मे जेल गया था।

### गुरु बाजार काली मंदिर में नई कमिटी गठित

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** गुरु बाजार स्थित मनोकामना सिद्ध काली मंदिर परिसर में शाम को एक बैठक आयोजित कर मंदिर प्रबंधन के लिए नई कमिटी का गठन किया गया। आयोजित इस बैठक में स्थानीय श्रद्धालुओं और मंदिर से जुड़े लोगों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।बैठक में अवधेश साह को कमिटी का अध्यक्ष, सावन कुमार चौरसिया को सचिव, अंकित आर्या को उपाध्यक्ष तथा उत्सव प्रकाश को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं सदस्य के रूप में परविंदर सिंह बॉबी, अमित यादव उर्फ नीरू यादव, राज कुमार मेहता, राजेश गुप्ता और दिलीप कुमार महतो को मनोनीत किया गया।बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने मंदिर के धार्मिक आयोजनों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की। नई कमिटी के सदस्यों ने मंदिर के विकास और धार्मिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। नवनियुक्त सचिव सावन कुमार चौरसिया ने सभी सदस्यों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कमिटी के सभी पदाधिकारी आपसी सहयोग और समन्वय के साथ मंदिर के विकास कार्यों को गति देने का प्रयास करेंगे।



### रामजानकी मंदिर में नौ दिवसीय रामकथा यज्ञ की तैयारी तेज, 501 कन्याएं करेंगी नगर भ्रमण

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** नगर पंचायत क्षेत्र के गुरुबाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले नौ दिवसीय रामकथा ज्ञान यज्ञ को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। रामनवमी के अवसर पर आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर कृष्ण सेवा संस्थान सह श्याम परिवार के सदस्य व्यापक स्तर पर तैयारी में जुटे हुए हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।संस्थान के सदस्यों ने बताया कि 19 मार्च को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में आराध्य पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी रथ पर सवार होकर निकलेगी। जिसे कलकत्ता के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में रामध्वज लेकर शामिल होंगे।वहीं 501 कन्याएं गंगाजल से भरे कलश लेकर नगर भ्रमण करेंगी। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः रामजानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न होगी।इसके उपरांत झांसी की कथावाचक साध्वी दीदी पुष्पांजलि गिरी द्वारा नौ दिवसीय रामकथा का प्रवचन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

## जबरन फसल बर्बाद करने के आरोपित पगला यादव गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र के दक्षिणी काटांकोश पंचायत के दो किसानों मोती लाल यादव एवं रामगोपाल यादव ने अलग अलग लिखित शिकायत कर रामनगर मौजे की तकरीबन दौ सौ बीघा जमीन में लगी फसल को 09 मार्च की रात में रामनिवास उर्फ पगला यादव अपने आधा दर्जन से अधिक सहयोगियों के साथ हरवे हथियार से लेश होकर ट्रैक्टर से उनकी फसल को रौंदकर नष्ट करने का आरोप लगाया था।

साथ ही कट्टे का भय दिखाकर बोला कि थाने में शिकायत करोगे तो जान से मार देंगें। इन किसानों की शिकायत है कि इनका तकरीबन पांच लाख मूल्य का फसल तबाह हुआ है। थानाध्यक्ष पंकज आनंद ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय अधिकारी के दिशा निर्देश के आलोक में मनिहारी थाना में कांड संख्या दर्ज 73/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 190, 191(2), 191(3), 324(6), 308(4), 351(2), 352, एवं 35 के तहत आरोपी पगला यादव को जेल भेज दिया है। वही पगला यादव ने अपने उपर लगे आरोपों को राजनीति से प्रेरित और षडयंत्रकारी झूठे मुकदमे मे फंसानेवाला बताया है।



## सड़क हादसे में पूर्व सरपंच का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार) ।** प्रखंड क्षेत्र के बड़झल्ला पंचायत का पूर्व सरपंच 55 वर्षीय गजेंद्र प्रसाद सिंह बुधनगर निवासी का सड़क हादसे में अज्ञात वाहन से ठोकर लगने के कारण निधन हो गया। प्राणपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा। जदयू प्रखंड अध्यक्ष लड्डू सिंह ने बताया कि घर से बुद्धनगर चौक बाइक से जाने के क्रम में कटिहार की ओर से तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मारकर चलते बना। ग्रामीणों ने सड़क पर बुरी तरह घायल की पहचान पूर्व सरपंच के रूप में की तथा आनन- फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल कटिहार ले गया। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित किया। निधन की खबर सुनकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

बुधनगर गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित चार बेटी एवं तीन बेटा छोड़कर चल बसे। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो ने बताया कि सड़क हादसे में पंचायत के पूर्व सरपंच का निधन हो गया।शव का पोस्टमार्टम करा कर परियोजनों को सौंप दिया गया है।परिजनों द्वारा लिखित आवेदन अज्ञात वाहन के खिलाफ प्राप्त हुआ है। जिस पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संगीता कुमारी चयनित हुई टीचर ऑफ द् मंथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** डंडखोरा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय मोहनी पिपरा में कार्यरत शिक्षिका संगीता कुमारी टीचर्स ऑफ द मंथ अवार्ड के लिये चयनित हुई हैं।अपर मुख्य सचिव व प्राथमिक शिक्षा निदेशक के संयुक्त हस्ताक्षर से निर्गत इस आशय का प्रशस्ति पत्र उन्हें जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पीएम पोषण योजना कटिहार नीशीथ प्रवीण सिंह ने प्रदान किया।

संगीता कुमारी का उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में चयनित होने पर उनके सहयोगियों सहित संकुल क्षेत्र शिक्षकों एवं दर्जनों अन्य ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। संगीता कुमारी नवाचार शिक्षा व तकनीक के माध्यम से बच्चों में शैक्षणिक सुधार तथा विद्यालय के वातावरण में सुधार को लेकर चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रहती हैं।जिसे विभाग द्वारा सराहा गया है। विभाग के इस कार्य से जहां शिक्षकों का मनोबल ऊंचा होता है,वहीं बेहतर करने की जिज्ञासा होती है। उत्कृष्ट शिक्षक का पुरस्कार मिलने पर श्रीमति संगीता कुमारी ने बताया कि यह सम्मान उनके द्वारा किये गये कार्य को मिला है।उन्होंने बताया कि टीचर ऑफ द मंथ का पुरस्कार पाना उनके लिये गौरव की बात है।इससे उसे और बेहतर करने की प्रेरणा मिली है।उनकी उपलब्धि पर उन्हें बधाई देने वालों में विद्यालय प्रधान लुतिका कुमारी, सहयोगी राम कुमार गुप्ता,सोनी कुमारी, किरण कुमारी, विधान चन्द्र झा, सुरज कुमार, सविता कुमारी, खुशबू कुमारी, कोमल कटियार, बीआरसी लेखापाल सपना कुमारी, अविनाश कुमार, देवेश कुमार बंटी, शंभू प्रसाद शर्मा, मुन्नी कुमारी, राजेश कुमार, रंजु कुमारी आदि दर्जनों अन्य शिक्षक शामिल हैं।




## जनगणना को लेकर पदाधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भारतीय जनगणना 2027 को लेकर जिलास्तरीय जनगणना समन्वय समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ।जिला पदाधिकारी सह प्रधान जनगणना पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने प्रशिक्षण का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा जनगणना डिजीटल एप के माध्यम से होगी। इसे सभी इसे बारीकी से समझ लें। ताकि प्रगणकों की समस्याओं के समाधान में चूक नहीं हो सके।प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक राज्य स्तरीय प्रशिक्षक राहुल श्रीवास्तव एवं सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय सुनील कुमार ने बताया कि पहले चरण में होने वाले मकान की गणना एवं परिवार का सूचीकरण डिजिटल एप से होगा।

उन्होंने डीएलसीसी सदस्यों को डिजिटल एप के माध्यम से होने जनगणना कार्यो के बारे में विस्तार से बताया। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने प्रशिक्षण का संचालन किया। प्रशिक्षण में नगर आयुक्त संतोष कुमार, अपर समाहर्ता डा.विनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार, डीएलसीसी सदस्य एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज आफिसर प्रखंड एवं कार्यपालक पदाधिकारी चार्ज आफिसर नगर पंचायत शामिल रहे।




## इफ्तार पार्टी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मनसाही प्रखंड क्षेत्र के चितौड़िया पंचायत के छोटी बथना में छोटी बथना नौजवान कमिटी की ओर से मदरसा गौसिया तालेमुल कुरान के प्रांगण में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस इफ्तार पार्टी में सैकड़ों रोजेदारों के अलावे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इफ्तार पार्टी में शामिल होने आए क्षेत्र के मुखिया दीपनारायण पासवान ने कहा कि हमारा पंचायत हमेशा से हिन्दू मुस्लिम एकता का मिशाल रहा हैं। यहां दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे के पर्व त्यौहार में शामिल हो भाईचारा और एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि छोटी बथना नौजवानों ने इस तरह का आयोजन कर गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल पेश की हैं।



# सात समंदर पार अपनों के लिए ढाल बना मारवाड़ी युवा मंच

**सेवा और समर्पण की मिसाल, यूएई संकट के बीच 3000 चेहरों पर लौटाई मुस्कान**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास खंडेलिया ने जानकारी दिया कि जब आपदा की घड़ियाँ मानवता की परीक्षा लेती हैं, तब निस्वार्थ सेवा ही आशा की किरण बनकर उभरती है। खाड़ी देशों दुबई, अबू धाबी, कतर, बहरीन, ओमान में उत्पन्न हालिया चुनौतीपूर्ण और अनिश्चित परिस्थितियों के बीच मारवाड़ी युवा मंच एआईएमवाईएम टीम यूएई ने थके और डरे हुए समाज बंधुओं के लिए एक रक्षक की भूमिका निभाई है। सशक्त युवा - सशक्त राष्ट्र के अपने संकल्प को चरितार्थ करते हुए टीम ने अब तक 3000 से अधिक लोगों तक सीधी सहायता पहुँचाई है। संकट में साथ केवल सहायता नहीं, एक भरोसा -यह अभियान मात्र कागजी आँकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन हजारों परिवारों की दुआओं से जुड़ा है जो परदेश में स्वयं को असहाय महसूस कर रहे थे।

टीम यूएई के सदस्यों ने दिन-रात एक कर जरूरतमंदों को उचित मार्गदर्शन, समन्वय और हर संभव मानवीय मदद प्रदान की। ताकि इस कठिन समय में कोई भी समाज बंधु स्वयं को अकेला न समझे। घर वापसी का सपना हुआ साकार - यूएई में फंसे उन लोगों के लिए, जिनकी आँखें अपने वतन की मिट्टी और अपने परिवार को देखने के लिए तरस रही थीं, टीम ने विशेष चार्टर्ड फ्लाइट की व्यवस्था की। इस संवेदनशील पहल के माध्यम से सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की गई। जिसके अंतर्गत 158 प्रवासियों का जत्था दुबई से मुंबई पहुँच चुका है। अपनों से मिलने की वह खुशी और राहत उन सभी स्वयंसेवकों के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है जिन्होंने इस कार्य में अपना सर्वस्व झोंक दिया। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक अंतर्राष्ट्रीय मामले उमेश गर्ग ने भावुक होते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में समाज के लिए संगठित होकर सेवा करना ही हमारे सच्चे सामाजिक दायित्व की पहचान है।l उन्होंने टीम यूएई के अटूट समर्पण और सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास पूरे मारवाड़ी समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

उन्होंने पूरी टीम को इस उत्कृष्ट कार्य और निस्वार्थ सेवा भावना के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मानवीय मिशन को धरातल पर उतारने में समर्पित सदस्यों ने मुख्य भूमिका निभाई जिसमें दुबई के रविन्द्र अग्रवाल एवं हिमांशु अग्रवाल, अबू धाबी के आनन्द अग्रवाल, के ओमान बसंत बगडिया एवं अनुराग अग्रवाल ,सऊदी अरबिया के लक्ष्मण सिंह परमार, बहरीन के विनीत मारू, कुवैत के आदित्य, कतर के शेखर अग्रवाल आदि शामिल रहे।





ईरान युद्ध की मार, नहीं बनेगी कार!

# हिंडाल्को ने रोकी एल्युमिनियम प्रोडक्ट्स की बिक्री




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध का असर अब एल्युमिनियम पर भी दिखने लगा है। इसके कारण मेटल की ग्लोबल सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हुई है इस बीच हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने एक्सट्रूडेड एल्युमिनियम प्रोडक्ट्स की बिक्री रोक दी है।
अमेरिका/ईरान और इजरायल के बीच चल रही लड़ाई के कारण होर्मुज की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इसके कारण पश्चिम एशिया में कुछ एल्युमिनियम स्मेल्टर्स ने बिक्री रोक दी है। भारत में भी मैन्युफैक्चरर्स और इंडस्ट्रियल बिजनेसेज को गैस की सप्लाई बाधित हुई है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि सप्लाई चेन में दिक्कतों को देखते हुए हिंडाल्को ने बायर्स के साथ सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट्स में फोर्स मेज्योर क्लॉज लगा दिया है। एक्सट्रूडेड एल्युमिनियम प्रोडक्ट्स के मामले में ऐसा किया गया है। इनका इस्तेमाल कार बनाने और कंस्ट्रक्शन समेत कई तरह के कामों में होता है। एक्सट्रूडेड एल्युमिनियम एक वर्सेटाइल और हल्का मेटल प्रोडक्ट उत्पाद है। इसे गर्म एल्युमिनियम मिश्र धातु के बिलेट्स को एक विशेष आकार वाली स्टील डाई से गुजारकर बनाया जाता है। हिंडाल्को के प्रवक्ता ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। सूत्रों ने बताया कि हिंडाल्को कमोडिटी ग्रेड मेटल से एक्सट्रूडेड प्रोडक्ट्स बनाता है। इसकी सप्लाई घरेलू स्मेल्टर करते हैं जो सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। एल्युमिनियम इंगॉट्स को स्मेल्ट करने में काफी बिजली की जरूरत होती है लेकिन उसे एंड-यूज प्रोडक्ट्स में बदलने के लिए गैस की सप्लाई बहुत जरूरी है।
हिंडाल्को ने एक्सट्रूडेड एल्युमिनियम प्रोडक्ट्स की बिक्री ऐसे समय रोकी है जब एनालिस्ट्स का कहना है कि अगर होर्मुज की खाडडी से शिपिंग एक्टिविटीज जल्दी शुरू नहीं हुई तो दुनिया में एल्युमिनियम की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। पश्चिम एशिया की कुछ कंपनियों ने पहले ही फोर्स मेज्योर लगा दिया है। अगर होर्मुज की खाड़ी के जरिए कच्चे माल की सप्लाई शुरू नहीं हुई तो उन्हें उत्पादन में कटौती करनी पड़ सकती है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद एल्युमिनियम की कीमत में काफी तेजी आई है। लंदन मेटल एक्सचेंज में इसकी वायदा कीमत गुरुवार को चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एशिया से अमेरिका तक कंपनियां स्पॉट सप्लाई हासिल करने के लिए मोटा प्रीमियम दे रही हैं।

# युद्ध ने दुनिया की इकॉनमी को हिलाकर रखा

● 15 दिन में हो गया दुनिया का बुरा हाल, इस युद्ध ने दुनिया की इकॉनमी को हिलाकर रख दिया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध को आधा महीना हो चुका है और दूर-दूर तक इसके समाप्त होने की उम्मीद नहीं दिख रही है। इस युद्ध ने दुनिया की इकॉनमी को हिलाकर रख दिया है। होर्मुज की खाड़ी से जहाजों का आवाजाही बंद होने के कारण 20 फीसदी तेल सप्लाई प्रभावित हुई है। मार्च में केवल 77 जहाज होर्मुज की खाड़ी से गुजर पाए हैं। इससे कच्चे तेल की कीमत में भारी तेजी आई है और भारत समेत एशिया के कई देशों में गैस की किल्लत हो गई है। साथ ही कई एयरलाइन ने फ्यूल सरचार्ज लगा दिया है जिससे हवाई सफर महंगा हो गया है। दुनिया के कई देशों में फर्टिलाइजर की भी दिक्कत हो गई है जबकि एल्युमिनियम की सप्लाई चेन भी बाधित हुई है।



अमेरिका जैसे देश को वेनेजुएला से फर्टिलाइजर आयात करना पड़ रहा है क्योंकि ईरान युद्ध के कारण इसकी कीमत में काफी तेजी आई है। अमेरिका ने वेनेजुएला से तेल और गैस के साथ-साथ यूरिया और फॉस्फेट जैसे फर्टिलाइजर्स आयात करने के लिए नए लाइसेंस जारी किए है। यह दक्षिण अमेरिका का वही देश है जिसके नेता को जनवरी में पकड़कर अमेरिका लाया गया था।

कच्चे तेल की कीमत में पिछले हफ्ते 11 फीसदी तेजी आई और ब्रेंट क्रूड शुक्रवार को 103.14 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। होर्मुज की खाड़ी के बंद होने के कारण पश्चिम एशिया के कई देशों ने कच्चे तेल के उत्पादन में कमी की है। मेरिटाइम डेटा देने वाली कंपनी लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस के मुताबिक मार्च में अब तक केवल 77 जहाज ही होर्मुज की खाड़ी को पार कर पाए हैं। इनमें से अधिकांश शेडो फ्लीट का हिस्सा हैं जिनका यूज पश्चिमी पाबंदियों को बाइपास करने के लिए किया जाता है। पिछले साल मार्च के पहले 12 दिनों में करीब 1,229 जहाज होर्मुज की खाड़ी के रास्ते गुजरे थे। सर्बिया की सरकार ने फ्यूल पर टैक्स में 20 फीसदी की अस्थाई कटौती करने की घोषणा की है। पेट्रोल और डीजल पर यह कटौती शुक्रवार से लागू हो चुकी है और 15 अप्रैल तक रहेगी।

# उद्योगों को बड़ी राहत: सरकार ने बदले कैप्टिव पावर जनरेशन के नियम

## ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मिलेगी रफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के ऊर्जा क्षेत्र और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा नीतिगत कदम उठाया है। इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) रूल्स, 2026 को अधिसूचित करते हुए ऊर्जा मंत्रालय ने कैप्टिव पावर जनरेशन के नियमों में अहम बदलाव किए हैं। हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य उद्योगों के लिए नियामक अस्पष्टता को खत्म करना और भारत के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों को हासिल करना है।

नए नियमों के तहत कैप्टिव पावर प्लांट्स के स्वामित्व की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। अब इसमें उस इकाई की सहायक कंपनियों, होल्डिंग कंपनियों और होल्डिंग कंपनी की अन्य सहायक कंपनियों को भी शामिल किया गया है, जो कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट स्थापित करती हैं। यह स्पष्टीकरण आधुनिक कॉर्पोरेट संरचनाओं को मान्यता देता है, जहां बिजली संपत्तियों को अक्सर समूह संस्थाओं या स्पेशल पर्पस व्हीकल के माध्यम से विकसित किया जाता है। इस नीतिगत बदलाव



से यह सुनिश्चित होगा कि कॉरपोरेट समूहों के वैध कैप्टिव निवेश को केवल उनकी संगठनात्मक संरचना के कारण कैप्टिव दर्जे से वंचित न किया जाए। इसके अलावा, नियमों के अनुपालन को आसान बनाने के लिए कई प्रावधानों को सरल किया गया है।

कैप्टिव पावर जेनरेशन का मतलब है किसी उद्योग या व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वयं का बिजली संयंत्र स्थापित करना। यह बिजली ग्रिड से खरीदने के बजाय, साइट पर ही (कोयला, गैस, या नवीकरणीय ऊर्जा से) पैदा की जाती है, जो निरंतर और सस्ती बिजली सुनिश्चित करती है। उद्योगों के लिए अनुपालन और वित्तीय मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण नियम तय किए गए हैं:

एक नया प्रावधान जोड़ा गया है जिससे कैप्टिव स्थिति के सत्यापन के दौरान डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंसधारियों द्वारा उपभोक्ताओं पर शुल्क लगाने से बचा जा सकेगा। यदि कैप्टिव उपयोगकर्ता एनएलडीसी (अंतर-राज्यीय मामलों के लिए) या राज्य नोडल एजेंसी (अंतर-राज्यीय मामलों के लिए) की प्रक्रियाओं के अनुसार निर्धारित घोषणा जमा करते हैं, तो उन पर क्रॉस-सब्सिडी सरचार्ज (सीएसएस) और अतिरिक्त सरचार्ज (एस) नहीं लगाया जाएगा। यदि कोई प्लांट सत्यापन में कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट के रूप में विफल रहता है, तो लागू सीएसएस और एएस, कैरिंग कॉस्ट के साथ देय होंगे।

## कच्चे तेल की कीमतों की वजह से शेयर बाजार में लगेगी अभी और आग

नईदिल्ली, एजेंसी। कच्चे तेल की कीमतों में इस समय उबाल साफ देखा जा सकता है। जोकि घरेलू शेयर बाजारों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। कच्चे तेल की कीमतों में बीते 4 साल के रिकॉर्ड को पहले ही तोड़ दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के पीछे की वजह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का रास्ता बाधित होना है। एक्सपर्ट्स आने वाले दिनों में कच्चे तेल का भाव 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने की बात कर रहे हैं। आइए समझते हैं कि इस असर घरेलू शेयर बाजार से लेकर सोना-चांदी तक क्या पड़ेगा ब्रेंट क्रूड ऑयल प्राइस 100 डॉलर के ऊपर बना हुआ है। ईरान-अमेरिका युद्ध के 14वें दिन में प्रवेश करने का साफ असर कच्चे तेल की कीमतों पर देखा जा सकता है। क्रूड फ्यूचर्स की कीमतों में भी 6 प्रतिशत की तेजी आई है। यह 96 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। पिछले हफ्ते के शुरुआत में क्रूड ऑयल का रेट 120 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया था। हालांकि, इसके बाद इसमें नरमी देखने को मिली।
हालांकि, एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर मिडिल ईस्ट में तनाव कम नहीं हुआ तब की स्थिति में यह 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है। कोटक सिक्योरिटीज से जुड़े अनिंद्या बनर्जी कहते हैं कि टेक्निकल आधार पर क्रूड ऑयल 125 डॉलर प्रति बैरल पर रेसिस्टेंस दिखा रहा है। अगर यह इस स्तर के पार पहुंचता है। ऐसी स्थिति में क्रूड ऑयल का रेट 145 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध की वजह से शेयर बाजार में इस समय हाहाकार मचा हुआ है। मार्च के महीने में निफ्टी50 इंडेक्स पहले ही 8 प्रतिशत क्रैश कर चुका है। डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड लो लेवल पर है। एफआईआई की बिक्री भी बाजार पर दबाव बनाए हुए है। सोने और चांदी की कीमतों पर कच्चे तेल का कोई विशेष प्रभाव शायद ही पड़े।

## दिल्ली की सबसे ऊंची रिहायशी बिल्डिंग में रहेंगे सरकारी कर्मचारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विकास प्राधिकरण कड़कड़डूमा में अपना पहला ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट बना रही है। 48 मंजिला इस प्रोजेक्ट में अब सरकारी विभागों और पीएसयू को भी फ्लैट ऑफर किए जा रहे हैं। दिल्ली सरकार के लॉ डिपार्टमेंट ने 107 फ्लैट खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी जबकि हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड ने भी 10 यूनिट खरीदने की इच्छा जताई है। टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक डीडीए के एक सीनियर अधिकारी ने यह जानकारी दी ।कहा कि कड़कड़डूमा प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीदने में दिलचस्पी रखने वाले सरकारी विभागों और पीएसयू को प्रिंसिपल कमिनश्नर (हाउसिंग) को अप्रोच करना चाहिए। 12 फरवरी के फैसले के मुताबिक पार्किंग कॉस्ट को डिस्पोजल प्राइस से हटा दिया गया है। इस कवायद का मकसद अलॉटमेंट की प्रक्रिया को तेज करना है। अधिकारियों का कहना है कि जो विभाग फ्लैट खरीदना चाहते हैं, उन्हें कम से कम 10 फ्लैट बुक करने होंगे और इसके लिए कुल डिस्पोजल प्राइस का 10 फीसदी डिपॉजिट करना होगा। डीडीए ने टावरिंग हाइट्स हाउसिंग स्कीम, 2026 के तहत 393 फ्लैट्स ऑफर किए हैं। इससे पहले दिसंबर में प्राधिकरण ने इसी प्रोजेक्ट में दो बेडरूम वाले 1026 फ्लैट ई-ऑक्शन के लिए रखे थे लेकिन इनमें से केवल 178 फ्लैट ही बिक पाए। जानकारों का कहना है कि इस स्कीम में आम लोगों का ज्यादा दिलचस्पी नहीं है क्योंकि इसमें फ्लैट्स का बेस रिजर्व प्राइस बहुत ज्यादा है। एरिया के हिसाब से यह 1.8 करोड़ रुपये से लेकर 3.1 करोड़ रुपये तक है।



## जियो, एनएसई आईपीओ का रास्ता हुआ आसान, सरकार ने बदल दिए नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार की तरफ से आईपीओ लाने की तैयारी में जुटी बड़ी कंपनियों को राहत दी गई है। केंद्र सरकार ने नियमों में ढील दी है। सरकार की तरफ से बदले गए नियम जैसी दिग्गज कंपनियों के गुड न्यूज है। सरकार की तरफ से आईपीओ लाने की तैयारी में जुटी बड़ी कंपनियों को राहत दी गई है। केंद्र सरकार ने नियमों में ढील दी है। सरकार की तरफ से बदले गए नियम जैसी दिग्गज कंपनियों के गुड न्यूज है। आइए जानते हैं कि सरकार ने कहां और कौन से नियमों में बदलाव किया है।

अगर कोई कंपनी जिसका इश्यू के बाद मार्केट कैप 1600 करोड़ रुपये तक रहता है तो उन्हें कम से कम 25 प्रतिशत पब्लिक होल्डिंग को रखना होगा। छोटी कंपनियों के लिए लागू इस नियम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

ऐसी कंपनियां जिनका मार्केट कैप इश्यू के बाद 1600 करोड़ रुपये से 4000 करोड़ तक रहता है उन्हें पब्लिक के लिए 400 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर करने होंगे। जिन कंपनियों का मार्केट कैप 4000 करोड़ रुपये से अधिक और 50,000 करोड़ रुपये तक रहेगा उन्हें लिस्टिंग के टाइम पर कम से कम 10 प्रतिशत हिस्सेदारी पब्लिक को ऑफर करनी होगी। ऐसी कंपनियों को 25 प्रतिशत पब्लिक शेयरहोल्डिंग के लिए तीन साल का समय मिलेगा।

ऐसी कंपनियां जिनका मार्केट कैप 50,000 करोड़ रुपये से अधिक रहेगा और एक लाख करोड़ रुपये तक होगा, उन्हें आईपीओ के समय पर 1000 करोड़ रुपये बराबर का हिस्सा पब्लिक को ऑफर करना होगा। ऐसी कंपनियों को 25 प्रतिशत पब्लिक शेयरहोल्डिंग के लिए कम से कम 5 साल का समय मिलेगा।

सरकार ने बड़ी कंपनियों के लिए नियमों में बड़ी ढील दी है। जिन कंपनियों का मार्केट कैप लिस्टिंग के बाद 1 लाख करोड़ रुपये से 5 लाख करोड़ रुपये तक रहेगा उन्हें अब 6250 करोड़ रुपये की कीमत के शेयर पब्लिक को ऑफर करने होंगे। जिसके बाद कंपनी में पब्लिक की शेयरहोल्डिंग 2.75 प्रतिशत के बराबर होगी। ऐसी कंपनियों को पब्लिक की शेयरहोल्डिंग 25 प्रतिशत करने के लिए 5 साल का समय मिलेगा।

वहीं, 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के मार्केट कैप वाली कंपनियों को 15000 करोड़ रुपये के शेयर आईपीओ के वक्त ऑफर करने होंगे। इन कंपनियो को लिस्टिंग के समय पर कम से कम 1 प्रतिशत पब्लिक शेयरहोल्डिंग को रखना होगा।

# चीनी निवेश के मुद्दे पर भारत को अमेरिका से सीखने की जरूरत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने प्रेस नोट 3 को लचीला बना दिया है। यह ऐसा एक्जीक्यूटिव डेवाइस था जिसे सुरक्षा जांच के जरिए चीन की निवेश प्रस्तावों को खत्म करने के लिए लाया गया था। लेकिन इसमें अब भी ऐसी बाधाएं बनी हुई हैं जो चीन के एफडीआई को बहुत कम रखेंगे। यह इकॉनमी और सिक्योरिटी दोनों ही मामलों में उलझी हुई सोच दिखाता है। आज चीन के पास दुनिया में सेविंग्स का सबसे बड़ा पूल है और कई क्षेत्रों में सबसे बेहतरीन तकनीक मौजूद है। इनमें सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी, इलेक्ट्रिक वीकल तथा बैटरीज से जुड़ी हुई तकनीक शामिल है। ऐसे अहम स्रोत से निवेश को दूर रखना एक इकनॉमिक सेल्फ गोल है।

2020 तक अधिकांश एफडीआई आसानी से भारत आ सकता था। उसी साल अप्रैल में प्रेस नोट 3 जारी किया गया। इसका मकसद भारत के पड़ोसियों (खासकर चीन) को कोरोना काल में फैले पैनिक का फायदा उठाने से रोकना था। कहा गया कि भारतीय कंपनियों पर कब्जा किया जा सकता है। हालांकि ऐसा कोशिश कभी नहीं की गई। जून में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गलवान घाटी में झड़प हुई। इसमें कई भारतीय सैनिक मारे गए। इससे देश में रोष पैदा हो गया




और चीन को सजा देने की मांग उठी। टिकटॉक समेत दो सौ चीनी ऐप्स को बैन कर दिया गया। ऐसी स्थिति में प्रेस नोट 3 चीन के निवेश को रोकने का एक हथियार बन गया। चीनी निवेश को देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया। लेकिन इसका कोई मतलब नहीं था। अमेरिका में बाइडन के सामने भी ऐसी ही समस्या थी लेकिन उसने हाई फेंस, स्मॉल यार्ड की नीति अपनाई। इसका मतलब है कि जहां सुरक्षा से जुड़ी चिंता थी, वहां हाई फेंस लगाकर सुरक्षित किया गया। लेकिन बाकी मामलों को पाबंदियों से मुक्त रखा गया क्योंकि इसमें दोनों पक्षों का फायदा था। भारत को भी इसी तरह की नीति अपनानी चाहिए थी। लेकिन इसके बजाय प्रेस नोट 3 ने हाई फेंस, एवरी यार्ड का रूप ले लिया। चीन की ऑटो कंपनी ग्रेट वॉल मोटर ने भारत में एक अरब डॉलर के निवेश का प्रस्ताव दिया था। अगर किसी दूसरे देश में ऐसा होता तो इस प्रस्ताव का खुले दिल से स्वागत किया जाता। लेकिन भारत ने इसे खारिज कर दिया। दुनिया की सबसे बड़ी ई-वीकल कंपनी और बैटरी बनाने वाली दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बीवायडी के निवेश प्रस्ताव का भी यही हाल हुआ। चीन की इस कंपनी ने भी भारत में एक अरब डॉलर का निवेश प्रस्ताव दिया था। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने दो साल पहले कहा था कि चीन की अत्यधिक मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी के कारण भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है। उन्होंने सुझाव दिया था कि भारत को चीन से सामान खरीदने के बजाय चीनी कंपनियों को भारत में ही उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

प्रेस नोट को लचीला बनाए जाने के बाद अब उन कंपनियों को ऑटोमैटिक रूट से भारत में एंट्री मिलेगी जिनमें चीना का निवेश 10 से कम होगा। इससे भी बड़ी बात यह है कि यह कैपिटल गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कैपिटल गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, पॉलीसिलिकॉन और इंगॉट-वेफर प्रोडक्शन जैसे क्षेत्रों में निवेश प्रस्तावों को 60 दिन में मंजूरी की बात करता है।

यह एक तरह से चीनी निवेश का स्वागत करता है। हालांकि सारा निवेश संयुक्त उद्यमों के जरिए होना चाहिए।

# पिता ने सड़क किनारे से शुरू किया काम, बेटों ने ऐसा दौड़ाया कि अब हर दिन 27 लाख रुपये की कमाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के सोनीपत जिले में मुरथल काफी जानी-पहचानी जगह है। अमरीक सुखदेव ढाबा ने इस जगह की पहचान बनाने में खास भूमिका निभाई है। बिना किसी विज्ञापन के यह ढाबा 100 करोड़ रुपये का साम्राज्य बन चुका है। इसके मालिक हैं अमरीक सिंह और सुखदेव सिंह। 1956 में सड़क किनारे एक छोटे से तंबू में अमरीक और सुखदेव के पिता सरदार प्रकाश सिंह ने इसकी नींव रखी थी। 1990 के दशक में उनके बेटों अमरीक और सुखदेव के बागडोर संभालने के बाद इस ढाबे ने जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की। 'मुरथल के पराठे' अमरीक सुखदेव का पर्याय बन गए। दिल्ली-एनसीआर समेत दूर-दूर से लोग यहां खाने के लिए



पहुंचते हैं। इसकी हर दिन की कमाई 27 लाख रुपये है। आइए, यहां अमरीक और सुखदेव की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। सरदार प्रकाश सिंह ने अपने बेटों अमरीक और सुखदेव के नाम पर 1956 में ढाबा शुरू किया था। अपनी शुरुआत में यह मुख्य रूप से ट्रक ड्राइवरों के लिए खुला था। हालांकि, धीरे-धीरे अपने स्वाद, खासकर सफेद मक्खन के साथ मिलने वाले तंदूरी पराठों की वजह से यह खासा मशहूर हो गया। इतना मशहूर कि दिल्ली-चंडीगढ़ रूट पर चलने वाले परिवारों और पर्यटकों की यह पहली पसंद बन गया। 1990 के दशक में सरदार प्रकाश सिंह के बेटों अमरीक और सुखदेव ने इस ढाबे की बागडोर संभाली। इसके बाद इसे बंपर लोकप्रियता मिली। उन्होंने इस साधारण सी जगह को मॉडर्न फूड स्टॉप में बदल दिया। आज की तारीख में वहां कई ब्लॉक हैं। 150 से ज्यादा टेबलें हैं। सर्विस बेहद तेज है और खाने की क्वालिटी बेजोड़ है। तभी तो कभी ट्रक ड्राइवरों के लिए सड़क किनारे खुला ढाबा आज अमरीक सुखदेव रेस्टोरेंट बन चुका है। इस ढाबे में आप किसी भी समय चले जाइए। वहां कम से कम 600 लोग 150 से ज्यादा टेबलों पर बैठकर खाना खा रहे होते हैं। अगर हर टेबल पर ग्राहक के रुकने का समय (टर्नअराउंड टाइम) लगभग 45 मिनट मान लिया जाए और दिन में 15 बार टेबल खाली होकर भरी जाती हैं तो यह ढाबा हर दिन लगभग 9,000 लोगों को खाना खिलाता है। वहां, हर ग्राहक औसतन 300 रुपये से ज्यादा खर्च करता है। इसका मतलब है कि किसी भी एक दिन में 27 लाख रुपये की कमाई होती है। इस हिसाब से महीने की कमाई लगभग 8 करोड़ रुपये बैठती है और सालाना कमाई आसानी से 100 करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाती है।

## युद्ध के बावजूद नहीं बढ़ रहे हैं सोने का भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** युद्ध के बावजूद भी सोने की कीमतों में कोई बहुत हलचल नहीं देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ दिनों के दौरान गोल्ड की कीमतों में गिरावट ही आई है। आखिर शेयर बाजार और सोना दोनों गिरावट क्यों देखा जा रहा है युद्ध के बावजूद भी सोने की कीमतों में कोई बहुत हलचल नहीं देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ दिनों के दौरान गोल्ड की कीमतों में गिरावट ही आई है। आखिर शेयर बाजार और सोना दोनों गिरावट क्यों देखा जा रहा है क्या युद्ध का कोई असर सोने की कीमतों पर नहीं पड़ रहा। आइए समझते हैं... कल शुक्रवार की शाम को सर्राफा बाजार में गोल्ड का रेट 158399 रुपये प्रति 10 ग्राम था। ईरान-अमेरिका के बीच 28 फरवरी को युध्द शुरू हुआ था। उससे पहले 27 फरवरी को गोल्ड का रेट 159097 रुपये था। यानी इस दौरान मामूली तेजी देखने को ही मिली है। जब से युध्द शुरू हुआ



है तब से सोना एक रेंज में भी ट्रेड कर रहा है। इंटरनेशनल मार्केट में 300 डॉलर प्रति आउंस के रेंज में कारोबार कर रहा है। वहीं, एमसीएक्स फ्यचूर में यह 10,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेंज में ट्रेड कर रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने जाने की वजह से क्रूड ऑयल की कीमतों में तूफानी तेजी देखने को मिली है। क्रूड ऑयल का रेट 60 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। जिसकी वजह से दुनिया भर में महंगाई बढ़ने का खतरा मंडराने लगा है। इसके अलावा दुनिया भर के निवेश इस समय सुरक्षित निवेश के तौर पर 'डॉलर' की तरफ रुख कर रहे हैं। बीते कुछ हफ्तों में डॉलर मजबूत भी हुआ है। यही वजह है कि गोल्ड की कीमतों में कोई खात तेजी देखने को नहीं मिल रही है। गोल्ड का रेट कहां तक जाएगा यह बहुत हद तक सेंटीमेंट और परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार बिकवाली अगर देखने को मिलती है तब की स्थिति में 5 से 20 प्रतिशत सस्ता हो सकता है।

# छापेमारी में वाहन पर लदा 70 घरेलू सिलेंडर जब्त

## ऊंचे दामों और कालाबाजारी में बेचा जा रहा था गैस सिलेंडर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** रसोई गैस संकट के बीच झारखंड के गढ़वा में सिलिंडर की कालाबाजारी का खुलासा हुआ है। सदर एसडीएम संजय कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे छापामारी अभियान के तहत रविवार को बड़ी कार्रवाई हुई।

अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रखंड के हूर गांव में छापेमारी कर 70 एलपीजी सिलेंडर लदा एक पिकअप वाहन जब्त किया गया है। इनमें से 17 सिलेंडर भरे हुए, जब कि 53 सिलेंडर खाली थे।

बड़ी मात्रा में खाली सिलेंडर मिलने से ग्रामीणों के उस आरोप की पुष्टि हुई कि गांव में इस व्यक्ति द्वारा सिलिंडर बेचने का काम किया जा रहा था।

एसडीएम संजय कुमार को व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से हूर गांव में इस व्यक्ति के द्वारा ऊंचे दाम पर गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री और कालाबाजारी की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।

सूचना के सत्यापन के पश्चात एसडीएम ने ग्राम हूर स्थित सचिन चौबे के ठिकाने पर औचक छापेमारी की, तो घर के बाहर ही अहाते में सिलेंडरों से भरा हुआ वाहन खड़ा मिल गया।



मौके पर मौजूद सचिन चौबे इन भरे और खाली सिलेंडरों के स्रोत और वितरण के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज या संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने में विफल रहे। मामला संदिग्ध पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया।

एसडीएम ने अंचलाधिकारी सफी आलम और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राहुल मिंज के साथ ग्राम हूर स्थित सचिन चौबे के पास से मिले इन सिलेंडरों की गिनती करवायी।

अधिकारियों ने जब्त किए गए इस स्टॉक को जनहित और सुरक्षा की दृष्टि से कल्याणपुर स्थित भारद्वाज भारत गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दे दिया।

एसडीएम ने अंचलाधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दोषी व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

एसडीएम ने बताया कि उन्होंने इस घटनाक्रम की जानकारी भारत गैस के स्थानीय सेल्स ऑफिसर अनिर्बान गांगुली को भी दी है। साथ ही उनसे कहा गया गया है कि वे गढ़वा में भारत गैस द्वारा आपूर्ति की जाने वाली एलपीजी गैस की सप्लाई चैन पर स्वयं निगरानी रखेंगे, ताकि आम जनता को असुविधा न हो।

# वर्ष 1904 के चीनी मिल को पुनर्जीवित करने की तैयारी

## तामिलनाडु के निवेशकों ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के सारण जिले में वर्षों से बंद पड़ी मढ़ौरा चीनी मिल को फिर से चालू करने की दिशा में राज्य सरकार की पहल अब जमीन पर दिखाई देने लगी है। इसी कड़ी में तमिलनाडु के निवेशकों ने रविवार को मढ़ौरा स्थित बंद चीनी मिल का निरीक्षण किया और वहां की आधारभूत संरचनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निवेशकों के प्रतिनिधिमंडल ने मिल परिसर की वर्तमान स्थिति का आकलन किया और क्षेत्र के गन्ना किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और गन्ना उत्पादन से जुड़े मुद्दों की जानकारी ली।

राज्य सरकार सात निश्चय-3 के तहत समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य में बंद पड़ी चीनी मिलों को फिर से चालू कराने के साथ ही 25 नई चीनी मिलों की स्थापना की दिशा में काम कर रही है। इसी क्रम में गन्ना उद्योग विभाग सक्रिय होकर निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रयास कर रहा है। बताया गया कि तमिलनाडु के एसएनजे ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एस. एन. जयमुरुगन, अध्यक्ष सेल्वा कुमार, उपाध्यक्ष कृष्ण और ग्रुप ऑडिटर बिमलेंद्र मिश्रा ने गन्ना विभाग के अधिकारियों के साथ मढ़ौरा चीनी मिल का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आसपास के क्षेत्रों में जाकर किसानों से मुलाकात की और खेतों में गन्ना फसल की स्थिति का भी अवलोकन किया।

सारण जिले की मढ़ौरा चीनी मिल ऐतिहासिक महत्व रखती है। इसकी स्थापना वर्ष 1904 में ब्रिटिश शासनकाल के दौरान हुई थी और इसे देश व बिहार की शुरूआती चीनी मिलों में गिना जाता है। बताया जाता है कि 1990 के दशक में यह मिल बंद हो गई थी। समय के साथ मिल के अधिकांश उपकरण खराब हो गए और परिसर जर्जर हो गया।

राज्य सरकार की पहल के बाद अब एक बार फिर मढ़ौरा चीनी मिल के दोबारा शुरू होने की उम्मीद जगी है। निरीक्षण के दौरान सहायक ईखायुक्त वेदव्रत कुमार और ईख पदाधिकारी कोमर कानन भी मौजूद रहे। सरकार का मानना है कि इस मिल के दोबारा शुरू होने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और गन्ना किसानों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

# छत का छज्जा गिरने से दो की मौत, 10 घायल



## जयमाला देखने को चढ़े थे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान शनिवार रात बड़ा हादसा हो गया। रात करीब 11 बजे तेजपुरा पंचायत के मझियावा गांव में जयमाला के दौरान अचानक छत का छज्जा गिर जाने से कई लोग घायल हो गए। गांव के ही सत्यनारायण सिंह और अखिलेश्वर यादव की मौत हो गई है। हादसे में करीब 15 लोग घायल हुए हैं जिनमें बाराती और गांव के ग्रामीण भी शामिल हैं। हादसे के बाद खुशी का माहौल पल भर में चीख-पुकार और अफरातफरी में बदल गया। जानकारी के अनुसार गोह प्रखंड के चापुक पंचायत अंतर्गत पकरी गांव से बारात मझियावा गांव पहुंची थी। दरवाजा लगने और जयमाला की रस्म चल रही थी। इसी दौरान कुछ लोग छत पर खड़े होकर कार्यक्रम देख रहे थे, जबकि नीचे भी काफी संख्या में बाराती और ग्रामीण मौजूद थे। तभी अचानक छत का छज्जा भरभरा कर गिर गई। छत गिरते ही ऊपर और नीचे मौजूद कई लोग मलबे में दब गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और लोग चीखने-चिल्लाने लगे।

ग्रामीणों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद नंबर 112 पर पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन काफी देर तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

इससे नाराज ग्रामीणों और बारातियों ने खुद ही मलबा हटाकर दबे हुए लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद सभी घायलों को बाहर निकाला गया। मलबे से निकाले गए घायलों को ग्रामीणों और स्वजनों ने निजी वाहनों की मदद से तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में सभी का इलाज चल रहा है। कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में दहशत और दुख का माहौल है। ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। करीब 10 लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

# आद्रा रेल मंडल की छह ट्रेनें हुई रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** आद्रा रेल मंडल में 17 से 22 मार्च के बीच रेल प्रशासन रोलिंग ब्लॉक लेकर रेल लाइन को दुरूस्त करने का कार्य करेगी। इस वजह से दक्षिण पूर्व रेलवे ने 6 ट्रेनों का परिचालन विभिन्न तिथियों में रद करने की घोषणा कर दी है।

इसके अलावा रेलवे ने 2 ट्रेनों को उनके गंतव्य से पहले ही शोर्ट टर्मिनेशन और शोर्ट ओरिजिनेशन कर चलाएगी। 18 मार्च को टाटानगर से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 18601 टाटानगर - हटिया एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडाबिहार, मुरी होते हुए हटिया तक चलाया जाएगा।

रेलवे के इस फैसले का असर झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के हजारों यात्रियों पर पड़ेगा। रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा करने से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति जरूर जांच लें।

# टोटो-बाइक की टक्कर ने लिया सांप्रदायिक रुप

## पांच घायल, पुलिस तैनात



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर के बरमसिया चिल्ड्रन पार्क के पास शनिवार रात दो समुदाय में हुई झड़प और मारपीट में एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। जख्मी में सभी एक समुदाय के हैं। वे किसी को नहीं पहचान पाए। उनका कहना है कि दुकानों से निकलकर उन पर हमला किया गया। पुलिस अस्पताल में जख्मी से फर्द बयान के रही है। घटना में झिंझरी मोहल्ला का भी नाम पुलिस का सामने आया है। पुलिस जांच कर रही है।

घायलों में चंबा थाना क्षेत्र के बिशनपुर मोहल्ला निवासी मोहम्मद आदिल ,मोहम्मद चांद, मोहम्मद जावेद, मो. फिरोज और मोहम्मद मेहताब शेख शामिल हैं । इनमें से मोहम्मद आदिल और मोहम्मद मेहताब शेख को गंभीर चोट आई है।

मारपीट के बाद स्थिति तनाव पूर्ण हो गई है। वहीं मौके पर पहुंचकर थाना प्रभारी रतन कुमार सिंह पुलिस की टीम के साथ स्थिति को नियंत्रित करने में लगे हैं।

थाना प्रभारी झड़प और मारपीट के कारणों की जानकारी लेते हुए मारपीट करने वालों को चिह्नित करने में जुटे हैं। घायलों को सादर अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहां उनका इलाज जारी है।

सदर अस्पताल में भी घायलों के स्वजन पहुंचे और मारपीट करने वालों को चिह्नित करते हुए गिरफ्तार करने की मांग करते हुए थाना प्रभारी के समक्ष हंगामा करने लगे। थानेदार ने गिरफ्तारी का भरोसा दिया। बताया जाता है कि बरमसिया पार्क के पास टोटो और बाइक वाले के बीच में टक्कर होने के बाद विवाद बढ़ा था।

इसके बाद बिशनपुर से कुछ युवा वहां बाइक लेने पहुंचे थे। इसी क्रम में दूसरे पक्ष के युवकों ने इनपर हमला करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।

# छात्रवृति और मईंया सम्मान योजना को ले भाजपा का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति भुगतान में देरी तथा मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना की राशि महिलाओं तक नहीं पहुंचने के मुद्दे को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने सदन के अंदर और बाहर दोनों जगह विरोध दर्ज कराते हुए राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार जनता को धोखा देने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब और जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति की राशि समय पर नहीं मिल रही है। उनके अनुसार कई वर्षों से छात्रवृत्ति का भुगतान लंबित है, जिसके कारण आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।बाबूलाल मरांडी ने इस दौरान कहा कि राज्य में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत को लेकर कांग्रेस अनावश्यक राजनीतिक नौटंकी कर रही है और जनता के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए और योजनाओं का लाभ सही तरीके से लोगों तक पहुंचाना चाहिए।भाजपा विधायक पूर्णिमा दास और नीर यादव ने भी राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार में कई योजनाएं प्रभावी तरीके से लागू नहीं हो पा रही हैं, जिससे आम लोगों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है।

भाजपा विधायकों का कहना है कि राज्य की कई विकास योजनाओं का लाभ आम जनता तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति राशि का जल्द भुगतान किया जाए तथा मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना की राशि सभी पात्र महिलाओं तक समय पर पहुंचाई जाए।

# प्रेमिका के न्याय की गुहार से पुलिस ने करायी मंदिर में शादी



## पिछले आठ वर्षों से चल रहा था प्रेम संबंध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रेमी की शादी दूसरी जगह तय होने की जानकारी मिलने पर प्रेमिका रामगढ़ थाना पहुंच गई और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। कई घंटे तक चली बातचीत और समझौते के बाद युवक शादी के लिए तैयार हुआ। इसके बाद ग्रामीणों की पहल पर दोनों की रामगढ़ स्थित शिव मंदिर में शादी करा दी गई।

शादी के बाद युवती अपने पति के साथ उसके घर चली गई। यह पूरा घटनाक्रम शुक्रवार सुबह से शुरू होकर रात करीब नौ बजे तक चलता रहा। शनिवार को रामगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश शाह ने मामले की पुष्टि की।

जानकारी के अनुसार, रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाघी गांव के धोबी टोला निवासी अमित सिंह और काचन गुरियाही टोला की अंजू कुमारी के बीच पिछले आठ वर्षों से प्रेम संबंध था। इसी बीच अमित की शादी दूसरी जगह तय कर दी गई।


इसकी जानकारी मिलने पर अंजू रामगढ़ थाना पहुंची और पुलिस से शिकायत कर न्याय की मांग की। इसके बाद पुलिस ने युवक और उसके परिजनों को थाने बुलाकर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया। शुरू में युवक शादी के लिए तैयार नहीं था, लेकिन बाद में उसने सहमति दे दी।

इसके बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों की पहल पर रात करीब आठ बजे रामगढ़ के शिव मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई।

बताया जाता है कि युवती खरवार जाति से है, जबकि युवक चेरो समुदाय से है। इसी कारण शादी को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी।

हालांकि युवती के अड़े रहने और ग्रामीणों के प्रयास से अंततः दोनों का विवाह संपन्न हो गया। शादी के दौरान युवक की मां मौके से चली गई, जबकि युवती की मां और भाई वहां मौजूद थे। इस अनोखी शादी की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है।

# खड़ी ट्रेन की बोगी में नाबालिग से दुष्कर्म



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर में रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन की बोगी में वहीं की एक 14 वर्षीय बच्ची के साथ नया टोला के परमेश महतो ने दुष्कर्म किया। युवक नाबालिग को झांसा देकर स्टेशन पर ले गया और खड़ी ट्रेन की बोगी में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि वह अपने घर के पास अपने जीजा की चाय दुकान में झाड़ू लगा रही थी।

इसी दौरान बगल का रहने वाला युवक परमेश उसे बुलाया और झांसा देकर स्टेशन पर लेकर चला गया। वहां पर 10 से 15 मिनट तक शादी का झांसा देकर बरगलाया और दबाव बनाने लगा।

इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या एक के सेंटरिंग में खड़ी ट्रेन की बोगी में ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद परमेश भाग गया। वह वहां से किसी तरह घर पहुंची और पूरी घटना की जानकारी अपने स्वजनों को दी।

स्वजनों ने जीआरपी थाना पहुंचकर जीआरपी पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी और मामला दर्ज करवाया। थाना प्रभारी कैलाश महतो ने बताया कि पीड़ित परिवार ने आपबीती सुनाई है।

प्राथमिकी दर्ज की जा रही हैं। पीड़िता की मेडिकल जांच करा ली गयी है। आरोपित युवक की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सुजीत सिन्हा गिरोह का गुर्गा सहयोगियों के साथ गिरफ्तार

## मंडल कारा पर चलायी थी कई चक्र गोलियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। चाईबासा पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गिरोह के सक्रिय सदस्य समीर अंसारी उर्फ नसरू को गिरफ्तार कर लिया है। समीर पर अक्टूबर 2024 में चाईबासा मंडल कारा (जेल) के गेट पर फायरिंग कर दहशत फैलाने का आरोप है। घटना 6 अक्टूबर 2024 की है, जब चाईबासा मंडल कारा के मुख्य द्वार पर अज्ञात अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी।

उस वक्त कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू इसी जेल में बंद था। पुलिस के अनुसार, जेल के भीतर और बाहर अमन साहू के नाम का खौफ पैदा करने और सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने के उद्देश्य से इस वारदात को अंजाम दिया गया था।



पुलिस अधीक्षक अमित रेनू के निर्देश पर गठित टीम ने तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के जरिए अपराधियों का सुराग लगाया। सदर थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी समीर अंसारी पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान समीर ने जेल गेट फायरिंग में शामिल अपने तीन अन्य साथियों के नामों का भी खुलासा किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।जल्द ही वे भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इस छापेमारी टीम में उपेन्द्र नारायण सिंह और श्रीकांत कुमार समेत सदर थाना के अन्य जवान शामिल थे।

# दिल्ली से भागी किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बिहार के मोतिहारी में मुफस्सिल थाना के जमला गांव स्थित एक सुनसान जगह पर बने मकान में अगवा कर रखे गए एक किशोरी व एक किशोर को पुलिस ने सकुशल मुक्त करा लिया।

मौके से दो बदमाश भी पकड़े गए, लेकिन एक बदमाश बंजरिया थाना परिसर से पुलिस को चमका देकर फरार हो गया।

किशोरी दिल्ली की रहने वाली है। वह अपने प्रेमी के साथ भाग कर मोतिहारी पहुंची थी। बापूधाम रेलवे स्टेशन से दोनों प्रेमी युगल को बदमाश कमरा दिलाने के बहाने बुलाकर जमला ले गए।

उसके प्रेमी को वहां से आधार कार्ड व पैसा लाने के लिए भेजा, उसके बाद बदमाशों ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर कमरे में बंद कर दिया।

पुलिस ने किशोरी की बरामदगी को लेकर छापेमारी की तो जिले के मधुबन थाना के गढ़िया गांव से किशोर को भी मुक्त कर लिया गया। अपहरणकांड का भी खुलासा हुआ। बदमाशों ने किशोर को उसी मकान के बाथरूम में बंधक बना रखा था।

मोतिहारी सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। बताया कि गिरफ्तार अब्बास शहर के महमूद नगर का रहने वाला है, जबकि फरार तुफैल भी उसी मोहल्ले का है। तुफैल की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। बताया कि दिल्ली के जनकपुरी डाबरी की रहने वाली पीड़िता अपने प्रेमी के साथ भाग कर मोतिहारी पहुंची। शनिवार सुबह करीब दो बजे दोनों बापूधाम स्टेशन पर ट्रेन से उतरे।

दोनों को बैठा देख बदमाशों ने उनसे पूछा कि कहा जाना है। दोनों ने सीतामढ़ी जाने की बात कही। इस पर बदमाशों ने कहा कि चलो कमरा दिलवा देते हैं। कमरा दिलवाने के बहाने बदमाश दोनों को जमला ले गए।

# भुगतान का चकमा देकर भागे दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा

## लोगों ने पेड़ बांधकर की पिटाई, पुलिस ने बचायी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड के गुमला में पालकोट थाना क्षेत्र के नाथपुर गांव में यूपीआई पेमेंट के नाम पर ठगी करने वाले दो युवकों को ग्रामीणों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। जिनकी पहचान रांची के पिठौरिया निवासी मो. एजाज और मो. शोएब के रुप में हुई।

ग्रामीणों ने दोनों को पेड़ से बांध दिया और हल्की पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार दो युवक नाथपुर गांव में ठेला-खोमचा संचालक गिरीश कुमार के पास पहुंचे।

दोनों ने पहले नाश्ता किया और इसके बाद भुगतान करने के लिए यूपीआई स्कैनर से पेमेंट करने की बात कही।

युवकों ने दुकानदार से यह भी कहा कि वे दो हजार रुपये नगद देंगे और बाकी राशि यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर देंगे।

दुकानदार उनकी बातों में आ गया और भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार करने लगा। बताया जाता है कि युवकों ने स्कैनर को स्कैन कर पेमेंट हो जाने की बात कही और वहां से बाइक लेकर निकल गए।

कुछ देर बाद जब गिरीश कुमार ने अपना बैंक खाता चेक किया तो उसमें कोई पैसा जमा नहीं हुआ था। तब उसे एहसास हुआ कि उसके साथ ठगी हो गई है। इसके बाद उसने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी।

ग्रामीणों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए भाग रहे दोनों युवकों का पीछा किया। कुछ दूरी पर बागेंसरा गांव के पास ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें एक पेड़ से बांध दिया गया और हल्की पिटाई भी की गई।

घटना की सूचना मिलने पर पालकोट पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर थाना ले आई। इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और युवकों से पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गंभीर ने बताई दोनों भारतीय ओपनरर्स को प्लेइंग-11 में लेने की वजह






## अभिषेक पर हमेशा भरोसा रहा पावरप्ले में मैच छीन लेते हैं संजू

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बताया है कि लगातार रन बनाने के लिए जूझ रहे अभिषेक शर्मा पर किस तरह भरोसा कायम रहा। वहीं, कोच ने संजू सैमसन को प्लेइंग- 11 में शामिल करने की वजह का खुलासा भी किया। अभिषेक टूर्नामेंट के पहले तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन उन्होंने इसके बाद दो अर्धशतक लगाए जिनमें फाइनल में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। अभिषेक की खराब फॉर्म को देखकर यह चर्चा भी उठने लगी थी कि क्या इस सलामी बल्लेबाज को प्लेइंग- 11 से बाहर बैठाया जाएगा? लेकिन टीम प्रबंधन ने अभिषेक पर भरोसा कायम रखा और फाइनल में उन्होंने अपना दिखाया जिससे टीम न्यूजीलैंड को हराकर खिताब बरकरार रखने में सफल रही। गंभीर ने अभिषेक का समर्थन करने पर कहा, आईपीएल 2014 में मेरा अनुभव उससे भी बदतर रहा था जब मैं लगातार चार मैचों में शून्य पर आउट हुआ। मैंने उससे बस इतना कहा था कि लोग आपके स्कोर देखेंगे और आपकी फॉर्म के बारे में बात करेंगे, लेकिन असल में आप खराब फॉर्म नहीं हो, बस रन नहीं बना पा रहे हैं। आपकी फॉर्म का सही आकलन तभी हो सकता है जब आप 20 से 30 गेंदें खेल चुके हों और उसने अभी तक 20 गेंदें भी नहीं खेली हैं। मैं बस यही चाहता था कि वह हर अगले मैच में पिछले मैच की तुलना में अधिक आक्रामक होकर खेले। अभिषेक को लेकर कोई संदेह नहीं था। सच कहूं तो हम सभी को टी20 विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए प्रत्येक खिलाड़ी पर पूरा भरोसा था।गंभीर ने सैमसन की भी जमकर तारीफ की। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। गंभीर ने कहा, हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था।

## जय शाह ने पाकिस्तान-बांग्लादेश ड्रामे पर तोड़ी चुप्पी, दोनों टीमों को दिखाया आईना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने टी20 विश्व कप 2026 से पहले हुए विवाद पर पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है। शाह ने कहा है कि कोई भी देश या टीम संगठन से बड़ी नहीं होती। आईसीसी सभी सदस्य टीमों के सामूहिक प्रयास से चलता है। एक अवॉर्ड समारोह में जय शाह ने कहा, 'विश्व कप से पहले काफी अटकलें लगाई जा रही थीं कि कुछ टीमें हिस्सा लेंगी या नहीं। आईसीसी अध्यक्ष के तौर पर मैं इतना जरूर कह सकता हूं कि कोई भी टीम संगठन से बड़ी नहीं होती। कोई एक टीम मिलकर संगठन नहीं बनाती, बल्कि सभी टीमों के साथ मिलकर ही संगठन चलता है।' जय शाह ने बताया कि इस विश्व कप ने दर्शकों के मामले में इतिहास रच दिया। कुल व्यूअरशिप के सभी पुराने रिकॉर्ड टूट गए। एसोसिएट टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। यूएसए ने भारत को, नीदरलैंड ने पाकिस्तान को और नेपाल ने इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी। जिम्बाब्वे जैसी छोटी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया।

आईसीसी अध्यक्ष ने भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को भविष्य के लिए लगातार मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि टीम को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक सहित आने वाले बड़े टूर्नामेंटों को ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारी करनी चाहिए। विश्व कप से पहले विवाद तब शुरू हुआ था, जब बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने भारत आने से इनकार कर दिया था। इसके बाद आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था और उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया था। पाकिस्तान ने इसके बाद बांग्लादेश के समर्थन में विश्व कप के बहिष्कार की धमकी दी थी। पाकिस्तान का कहना था कि आईसीसी बांग्लादेश के साथ गलत व्यवहार कर रही है। पाकिस्तान ने पहले पूरे टूर्नामेंट के बहिष्कार की बात कही, फिर भारत के साथ ग्रुप स्टेज का मुकाबला न खेलने की बात कही। आईसीसी की मध्यस्थता और बांग्लादेश पर किसी तरह का बैन न लगाए जाने के वादे के बाद पाकिस्तान ने यू-टर्न ले लिया और भारत के खिलाफ मैच खेला। पाकिस्तान सुपर-8 से आगे नहीं बढ़ सकी, जबकि भारतीय टीम ने लगातार दूसरा टी20 विश्व कप जीता।

## पूजा गहलोत की कुश्ती के खिलाफ थे पिता, हालात से लड़कर बनाई पहचान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने से पहले कई लड़ाइयां लड़नी पड़ती हैं। भारत की होनहार महिला पहलवान पूजा गहलोत ने अखाड़े में उतरने से पहले कई ऐसी ही जंग लड़ी। आर्थिक तंगी के साथ-साथ पूजा के पिता उन्हें कुश्ती खेलते हुए नहीं देखना चाहते थे। हालांकि, पूजा के बुलंद हौसलों के आगे एक दिन पिता को भी झुकना पड़ा। पूजा गहलोत का जन्म दिल्ली के लांपुर गांव में हुआ। बचपन से ही पूजा को खेलों में खास रुचि थी। कुश्ती का खेल पूजा के दिल के थोड़ा ज्यादा करीब था। हालांकि, उस दौर में लड़कियों का कुश्ती खेलना सामान्य बात नहीं माना जाता था। खुद पूजा के पिता नहीं चाहते थे कि वह इस खेल में करियर बनाएं। पूजा की प्रतिभा को चाचा धर्मवीर सिंह ने पहचाना, और वह ही उनको महज 6 साल की उम्र में अखाड़े लेकर गए। पिता की सख्ती के चलते पूजा ने पहले वॉलीबॉल खेलना शुरू किया लेकिन बाद में वह कुश्ती के खेल में रम गईं। चाचा धर्मवीर ने पूजा को कुश्ती की बारीकियां सिखाईं और इसके बाद पूजा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पूजा ने 2017 में एशियन जूनियर चैंपियनशिप में लाजवाब प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीता। पूजा गहलोत पहली बार साल 2019 में सुर्खियों में आईं। उन्होंने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक को अपने नाम किया। इस चैंपियनशिप से पहले कंधे की चोट के कारण पूजा को दो साल तक कुश्ती से दूर रहना पड़ा था। हालांकि, पूजा ने जबरदस्त वापसी करते हुए हर किसी को दिखाया कि वह इस खेल के लिए ही बनी हुई हैं। साल 2022 में कॉमनवेल्थ गेम्स में पूजा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिला।

**एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप**

## इंग्लैंड ने फाइनल में भारत को 2-0 से हराया

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर में दूसरे स्थान पर रही। शनिवार को हैदराबाद के जीएमसी बालायोगी हॉकी ग्राउंड में हुए फाइनल मुकाबले में टीम को इंग्लैंड के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड की ओर से ग्रेस बाल्सडन (13वें मिनट) और एलिजाबेथ नील (43वें मिनट) ने गोल किए। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। नवनीत कौर ने शुरुआती दो मिनट के अंदर ही अपनी टीम के लिए एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। हालांकि, इस सेट पीस से उन्होंने जो ड्रैग फ्लिक लगाई, उसे इंग्लैंड की गोलकीपर ने रोक दिया। मेजबान टीम ने जबरदस्त अनुशासन दिखाया। उन्होंने अपने डिफेंस को मजबूत बनाए रखा और साथ ही विरोधी टीम के पाले में भी सेंध लगाने की कोशिशें जारी रखीं। हालांकि, पहले क्वार्टर के आखिर में इंग्लैंड ने मैच में अपनी पकड़ मज़बूत कर ली और दो मिनट शेष रहते एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। ग्रेस बाल्सडन (13वें मिनट) ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने अपनी ड्रैग फ्लिक से गोल किया और इस टूर्नामेंट में पेनल्टी कॉर्नर से अपना पांचवां गोल दागते हुए इंग्लैंड को 1-0 की बढ़त दिला दी।दूसरा क्वार्टर भी पहले क्वार्टर जैसा ही रहा। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों ही टीमों ने एक-दूसरे को ज्यादा मौके नहीं दिए। पहले हाफ में 8 बार सर्कल में घुसने के बावजूद भारत ने इंग्लैंड के डिफेंस को तो चुनौती दी, लेकिन वह इंग्लैंड की गोलकीपर को भेदने में नाकाम रहा। इसका फायदा उठाते हुए मेहमान टीम हाफ टाइम तक अपनी एक गोल की बढ़त बनाए रखने में कामयाब रही। बढ़त हासिल करने के बाद, इंग्लैंड ने गेंद को बेहतरीन तरीके से पास किया और मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी। भारत को दबाव बनाने के कुछ मौके मिले, लेकिन मेहमान टीम का डिफेंस मजबूती से डटा रहा।

## कार्लोस अल्कारेज को मिली हार

### मेदवेदेव ने इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में दी मात



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** रूस के डेनिल मेदवेदेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्कारेज को मात दी। इस तरह अल्कारेज को 16 मैचों बाद पहली हार का सामना करना पड़ा।

डेनिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह अल्कारेज का 16 मैचों से चला आ रहा विजयी अभियान समाप्त हो गया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया।

### मेदवेदेव का अब सिनर से होगा सामना

फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्कारेज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्कारेज और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया। मेदवेदेव इससे पहले अल्कारेज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्कारेज पर पहली जीत है। सिनर ने ज्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में गुइडो एंड्रेओज़ी और मैनुअल गिनार्ड ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटीन वाचेरोट को 7-6 (3), 6-3 से पराजित किया। मिश्रित युगल में बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और लॉयड ग्लासपूल को 6-3 2-6, 10-7 से हराया।

**आईसीसी का कड़ा एक्शन**

## पाकिस्तानी बल्लेबाज सलमान अली आगा को लगी फटकार, खाते में जुड़ा डिमेरिट पॉइंट




**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान अपना आपा खोना पाकिस्तानी क्रिकेटर सलमान अली आगा को भारी पड़ गया है। आईसीसी ने आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उन्हें आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई है। शुक्रवार को ढाका में खेले गए मैच के दौरान सलमान आगा को बांग्लादेशी कप्तान मेहदी हसन मिराज ने रन आउट किया था। इस विवादित रन आउट को आगा ने 'खेल भावना के खिलाफ' माना। आउट होकर पवेलियन लौटते समय उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए हेलमेट और ग्लव्स सीमा रेखा (बाउंड्री) के पास फेंक दिए थे। अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघनः उन्हें आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का दोषी पाया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खेल सामग्री या उपकरणों के साथ दुर्व्यवहार से संबंधित है।

## फीफा वर्ल्ड कप 2026: प्लेऑफ के लिए प्राइवेट प्लेन से मेक्सिको जाएगा इराक

**बगदाद, एजेंसी।** इराक फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अदनान दिरजल ने पुष्टि की है कि इराक की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम फीफा वर्ल्ड कप 2026 के इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ में हिस्सा लेने के लिए मेक्सिको जाएगी। यह मुकाबला 31 मार्च को मेक्सिको के मोंटेरे शहर में खेला जाएगा। कठिन परिस्थितियों के बावजूद टीम ने इस अहम मैच के लिए तैयारी शुरू कर दी है।बंद हवाई क्षेत्र के बीच यात्रा की चुनौती मध्य पूर्व क्षेत्र में 28 फरवरी से हवाई क्षेत्र बंद है। यह स्थिति अमेरिका और इजराइल के हमलों तथा इसके जवाब में ईरान द्वारा मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद पैदा हुई। इन हालात के कारण यात्रा करना मुश्किल हो गया था, लेकिन इसके बावजूद इराक की टीम प्राइवेट प्लेन से मेक्सिको रवाना होगी। मेक्सिको ने सभी खिलाड़ियों को पहले ही वीजा जारी कर दिए हैं, जिससे टीम की यात्रा संभव हो पाई है।

### फीफा भी कर रहा है मदद

इराक फुटबॉल संघ के प्रमुख अदनान दिरजल ने बताया कि फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने भी इस मामले में मदद के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि फीफा महासचिव मथियास ग्राफस्ट्रॉम को टीम की यात्रा में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के लिए कहा गया है। दिरजल ने बताया कि टीम इस सप्ताह के अंत तक प्राइवेट विमान से मेक्सिको के लिए रवाना होगी।




### खिलाड़ियों से सिर्फ एक लक्ष्य पर ध्यान देने की अपील

दिरजल ने खिलाड़ियों और स्टाफ से अपील की कि वे सभी कठिन परिस्थितियों के बावजूद केवल एक लक्ष्य पर ध्यान दें। उन्होंने कहा, 'हमारे पास सिर्फ 17 दिन बचे हैं और हमें पूरी तरह मैच की तैयारी पर ध्यान देना है। हमारा एक ही लक्ष्य है – वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करना।' उन्होंने यह भी कहा कि इराक फुटबॉल संघ और कोचिंग स्टाफ खिलाड़ियों को बेहतर माहौल देने की पूरी कोशिश कर रहे हैं ताकि वे इस महत्वपूर्ण मैच पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### राजीव कुमार को मिली अंतरिम जमानत, मनीष की अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने एआई समिट में हुए विरोध प्रदर्शन मामले में आरोपी राजीव कुमार को 28 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी है। साथ ही अदालत ने उसे जांच में शामिल होने और जांच अधिकारी के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित बंसल ने राजीव की याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि याचिकाकर्ता 16 मार्च को जांच



अधिकारी के साथ जांच में शामिल होगा और आगे भी जब-जब बुलाया जाए, जांच में सहयोग करेगा। सुनवाई के दौरान आरोपी की ओर से अधिवक्ता नागेंद्र कुमार और अमरीश रंजन पांडेय ने दलील दी कि उनका मुवक्किल व्यक्तिगत हैसियत में एक मीडिया कंसल्टेंट है और उसने समिट के लिए स्वतंत्र रूप से पंजीकरण कराया था। बचाव पक्ष ने कहा कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड साफ है और वह जांच में सहयोग करने के लिए तैयार है। वहीं, आरोपी मनीष शर्मा की अग्रिम जमानत याचिका पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत इस पर अब 18 मार्च को फैसला सुनाएगी। यह मामला 20 फरवरी को हुए उस विरोध प्रदर्शन से जुड़ा है, जब भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाइसी) के कुछ कार्यकर्ता एआई समिट के आयोजन स्थल में घुस गए थे और विरोध प्रदर्शन किया था।

### फ्री में ट्रेन टिकट, चाय से लेकर खाना तक मुफ्त

नई दिल्ली।, एजेंसी। रेलवे यात्रियों को ट्रेनों में मुफ्त चाय-नाश्ता, खाना, नीचे की बर्थ, लग्जरी लॉउंज जैसी विशेष सुविधाएं देगा। यह कदम बजट एयरलाइंस की ओर आकर्षित हो



रहे यात्रियों को अपने साथ बनाए रखने की रणानीतिक दूरगामी सोच है। रेलवे लॉयलिटी प्रोग्राम शुरू करने जा रहा है। इसमें अक्सर ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को प्रति किमी. के हिसाब से रिवॉर्ड प्वाइंट्स दिए जाएंगे। इन्हें वह खानपान से लेकर किराये में कहीं भी कैश करा सकेंगे। रेलवे बोर्ड के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि आईआरसीटीसी पोर्टल को डिजिटल वॉलेट की तरह अपडेट किया जाएगा। यात्री जितनी लंबी दूरी तय करेगा, उतने अधिक रेल प्वाइंट्स उसे मिलेंगे। प्वाइंट्स यात्री के आधार-लिंक्ड आईआरसीटीसी खाते में जमा होंगे, जिससे धोखाधड़ी की गुंजाइश शून्य रहेगी। प्वाइंट्स को कैश की तरह प्रयोग किया जा सकेगा। इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर अप्रैल से वंदे भारत व तेजस एक्सप्रेस प्रीमियम ट्रेनों में शुरू किया जा सकता है। सफल होने के बाद सभी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में लागू किया जाएगा। रेलवे का दावा है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा लॉयल्टी प्रोग्राम होगा। इसमें 7000 से अधिक रेलवे स्टेशन, साढ़े तीन हजार किमी. दूरी की ट्रेनें और प्रतिदिन तीन करोड़ यात्रियों को शामिल किया जाएगा। यात्री को टिकट बुकिंग के समय बेस किराये में छूट मिलेगी। या प्वाइंट्स के आधार पर पूरी टिकट मुफ्त में मिलेगी। सफर के दौरान रेलवे स्टेशन के लग्जरी लाउंज में भी मुफ्त आराम कर सकेंगे। ई-कैटरिंग से ऑर्डर कर ट्रेन में पसंद का मुफ्त भोजन मंगा सकेंगे। थर्ड एसी से सेकेंड एसी और सेकेंड एसी से फर्स्ट एसी में टिकट अपग्रेड करने की सुविधा मिलेगी। लॉयलिटी प्रोगाम बजट एयरलाइंस से मिल रही चुनौती के बीच रेलवे के लिए वरदान साबित होगा। छोटी दूरी की फ्लाइट्स और लग्जरी बसों की ओर बढ़ते यात्रियों को वापस ट्रेनों में लाया जा सकेगा। इसके अलावा ऑफ सीजन बुकिंग के दौरान रेलवे प्वाइंट्स की वैल्यू बढ़ा सकती है, ताकि सीटें खाली न रहें।

# चांदनी चौक के प्रसिद्ध चाट पकौड़ी के स्वाद पर एलपीजी किल्लत का ग्रहण

नई दिल्ली, एजेंसी। व्यावसायिक एलपीजी की किल्लत से चांदनी चौक स्थित सदी पुराने ऐतिहासिक चाट-नाश्ते की दुकानों का संचालन भी संकट में है। किसी तरह सिलिंडर का जुगाड़ कर खुलते इन चाट प्रेमियों के अहम ठिकानों के अगले दिन का ठिकाना नहीं है। फिलहाल ये खुल रहे हैं, पर किसी भी दिन इन पर ताला लटका मिल सकता है।

इनके प्रेमी न सिर्फ दिल्ली-एनसीआर बल्कि बाकि राज्यों व विदेश से लोग है। वैसे, सिलिंडर संकट के बीच व्यंजनों व चाट-पकौड़े के समृद्ध संसार के मेन्यू में कटौती हो गई है। यहीं हाल मुगलई व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध जामा मस्जिद और दरियागंज के प्रसिद्ध रेस्तरां का है। जहां इस किल्लत में कोयला, लकड़ी, इंडक्शन तथा डीजल का भी इस्तेमाल किया जाने लगा है। चांदनी चौक मुख्य मार्ग स्थित 164 वर्ष पुरानी मिठाई व नाश्ते की दुकान घंटेवाला के संचालक ईंधन की किल्लत से काफी मुश्किलों से हो पा रहा है। दुकान के मालिक सुशांत जैन के अनुसार, उन्होंने बताया कि इंडेक्शन का इस्तेमाल बढ़ा दिया है, लेकिन उसे भी ज्यादा नहीं कर सकते हैं, क्योंकि बिजली



का लोड बढ़वाने के साथ पूरी वायरिंग बदलवानी होगी। इसलिए ऐसी स्थित में नाश्ते में आलू की चाट, ब्रेड पकौड़े, बेडमी पूरी के साथ मिठाईयों में कलाकंद व मिल्क मेक का निर्माण बंद कर दिया है, लेकिन दाम नहीं बढ़ाया है। क्योंकि, इसमें अधिक एलपीजी खर्च होता है। उन्होंने बताया कि सड़क के दूसरी ओर पीएनजी लाइन है। वह आइजीएल से आग्रह करेंगे कि वह इस ओर भी कनेक्शन दें।

दरीबा स्थित प्रसिद्ध जलेबी वाले की दुकान पर स्वाद लेने दूर-दूर से लोग पहुंचे हुए हैं। इसके संचालक अभिषेक जैन के अनुसार, एक-एक सिलिंडर के जुगाड़ के लिए भटकना पड़ रहा है। कालाबाजारी में 4,000 रुपये तक में सिलिंडर मिल रही है। उन्होंने कहा कि हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि दुकान खोले और ग्राहकों की सेवा करें। जलेबी वाले की जलेबी, रबड़ी और समोसे प्रसिद्ध है। वह कहते हैं लोग दूर-दूर से उम्मीद में स्वाद लेने आते हैं। ऐसे में हम उन्हें निराश नहीं कर सकते। इसलिए किसी सामान का दाम भी नहीं बढ़ाया है। आज से नहीं मिलेगा नटराज के दही भल्ले का स्वाद चाट प्रेमियों का एक और ठिकाना 80 वर्ष पुरानी नटराज की दुकान है, जो दही भल्ले और चाट के लिए सबकी जुबान पर चढ़ा हुआ है। नटराज के मालिक महेंदर शर्मा के अनुसार,एलपीजी का जो स्टाक है, वह आज भर का ही है। हो सकता है कि रविवार को काफी निराशा के साथ दुकान बंद करनी पड़े। उन्होंने कहा कि ईंधन का जुगाड़ कर रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। चांदनी चौक की पराठे वाली गली पराठों के लिए प्रसिद्ध है। यहां का स्वाद भी 100 वर्ष से भी अधिक पुराना है।

# कानून के दम पर हक की जीत, गलत बिलिंग और गलत ऑर्डर पर कंपनियों को देना पड़ा भारी हर्जाना

नई दिल्ली, एजेंसी। उपभोक्ता जागरूक हों तो उनके अधिकार पर कोई डाका नहीं डाल सकता है। बंगाल के सिलीगुड़ी में गुरुंग बस्ती के रहने वाले अजय झा ने इसे साबित किया है। कई साल उन्होंने कानूनी लड़ाई लड़ी और कंपनी ने उनकी जितनी रकम डकार ली थी, उससे दो गुने से अधिक उन्होंने हासिल की। दरअसल, अजय झा ने तीन मई 2016 को कैपिटल फाइनेंस कंपनी से कर्ज लेकर एलईडी टीवी खरीदी। कर्ज भरने को उसी साल जून से प्रति महीने 1606 रुपये की किस्त निर्धारित हुई। अजय झा के बैंक खाते से फाइनेंस कंपनी ने रकम काटनी शुरू कर दी। उनसे चेक पर हस्ताक्षर करवा कर पहले से ही कंपनी प्रबंधन ने रख लिए थे। इएमआइ की एक चेक बाउंस हुई तो उन्होंने बैंक से जानकारी ली। तब उनको पता चला कि फाइनेंस कंपनी ने 400 रुपये गलत तरीके से उनके खाते से काटे हैं। रुपये अतिरिक्त निकल जाने से जब दूसरा चेक जो लगाया गया तो वह बाउंस हो गया। इतना ही नहीं, छानबीन में पता चला कि जून से लेकर नवंबर तक कंपनी ने कभी 100 तो कभी 400, कुल 15 बार में 1983.30 रुपये उनके बैंक खाते से अतिरिक्त काट लिए। उन्होंने फाइनेंस कंपनी



प्रबंधन से शिकायत की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। तब उन्होंने कानून का सहारा लिया। अजय ने बैंक प्रबंधन से बात कर पहले खाता फ्रीज कराया। फाइनेंस कंपनी को मेल कर समस्या समाधान की गुहार लगाई, लेकिन कंचनी प्रतिनिधि ने लोक अदालत में घसीटने की वसी दी। तब अजय ने 13 दिसंबर 2016 को दस्तावेज के साथ जिला उपभोक्तावाद नियोग में मुकदमें को आवेदन दिया। इसे आयोग ने खारिज कर दिया। निवारण के आयोग में अपील की। एसडी आदेश पर डीसीआरसी ने मुकदमा कर सुनवाई शुरू की। कहनेस कंपनी 1563 30 रुपये की। कटौती को सुबूतों के आधार पर जाकर साबित नहीं कर सकी। 16 जनवरी 2005 को फाइनेंस कंपनी को छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ गलत तरीके से कटौती की गई राहत लौटाने का आदेश दिया गया। विवाद की वजह से उपभोक्ता के क्रेडिट स्कोर पर असर के वलते मानसिक और आर्थिक परेशानी जो हुई, उसके लिए पांच हजार रुपये और मुकदमा लड़ने में हुर खर्च के लिए पांच हजार रुपये भी देने का आदेश दिया गया। दो हजार रुपये आयोन के खाते में जया कराने का निर्देश भी दिया गया। अजय कहते है कि बात सिर्फ हजार रुपये की नई बल्कि अपने अधिकार की है। अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की है। कर्ज के लिए फाइनेंस कंपनी ब्याज के साथ प्रति महीने निर्धारित तिथि पर ईमआई ले रही थी।

### दिल्ली का हाल ! एक माह से सड़क पर बह रहा नाले का गंदा पानी, आंखें मूंदे बैठे अधिकारी

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्वी दिल्ली में सेवाधाम रोड पर नाला ओवरफ्लो होने के कारण करीब एक माह से सड़क पर गंदा पानी बह रहा है। इससे पैदल यात्रियों और स्कूली बच्चों



को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क पर नाले का गंदा पानी जमा रहने से लोगों के आवाजाही परेशानी खड़ी हो रही है। समस्या के बारे में अधिकारियों के पास कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या बरकरार है। यूनाइटेड आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष जगदीश चौधरी ने बताया कि सेवाधाम मेन रोड पर बना नाला खराब हालत में है और नियमित साफ-सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर भर रहा है। श्री राम बाल भारती स्कूल के सामने करीब एक माह से नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिसके कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। स्थिति यह है कि स्कूल के गेट तक पानी फैला हुआ है। इससे बच्चों और अभिभावकों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लंबे समय से गंदा पानी जमा रहन के कारण लोगों में संक्रमण फेलने का डर बना रहता है। पैदल यात्रियों के बगल से वाहनों के गुजरने पर गंदे पानी के छींटे उनके कपड़ों पर पड़ जाते हैं। स्कूल के पास कई दिनों से नाले का गंदा पानी जमा है।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'ओडिशा पर्व' में की शिरकत, बोलीं- उड़िया समाज है मेरा विस्तारित परिवार

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिणी दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में चल रहे 'ओडिशा पर्व-2026' में शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शामिल हुईं। राजधानी दिल्ली में रहने वाले उड़िया समुदाय को सांस्कृतिक उत्सव की शुभकामना देते हुए उन्हें अपना 'विस्तारित परिवार' बताया। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि दिल्ली में ओडिशा की संस्कृति, कला, संगीत, नृत्य और परंपराओं को इतने भव्य रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। दिल्ली में रहने वाला हर उड़िया परिवार आज भी अपनी जड़ों, अपनी सांस्कृतिक विरासत और अपनी मातृभूमि से गहराई से जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में लगभग 15 लाख लोग ओडिशा से जुड़े हुए हैं और यही इस महानगर की विशेषता है कि यहां देश के हर राज्य और हर संस्कृति के लोग मिलकर रहते हैं। दिल्ली सभी को खुले दिल से अपनाती है। हर नागरिक को यह विश्वास दिलाती है कि यह शहर उनका अपना है। उन्होंने ओडिशा में रहने वाले लोगों को भी आश्वस्त किया कि दिल्ली में रहने वाले उनके परिवारजन सुरक्षित हैं और दिल्ली सरकार उनकी हर आवश्यकता और चिंता का पूरा ध्यान रखती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने पहली बार उत्कल दिवस को सरकारी स्तर पर भव्य रूप से आयोजित कर समाज के लोगों का सम्मान किया है। वहीं, ओडिशा में भी डबल इंजन की सरकार है।

# भारत आ रहे एलपीजी गैस टैंकरों को मिलेगी सुरक्षा, फारस की खाड़ी के पास नौसेना के युद्धपोत तैनात

ईरान, एजेंसी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारतीय नौसेना ने फारस की खाड़ी के पास अपने कई युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार ये युद्धपोत भारत आने वाले व्यापारिक जहाजों को जरूरत पड़ने पर सहायता देने के लिए तैयार रखे गए हैं। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार सूत्रों ने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाजों को इस क्षेत्र में इसलिए तैनात किया गया है, ताकि भारतीय व्यापारिक जहाजों और उनके चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसी बीच शनिवार को ईरानी अधिकारियों ने भारत की ओर जा रहे दो भारतीय झंडे वाले एलपीजी जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी। इनमें से एक जहाज शिवालिक है, जो जहाज निगरानी वेबसाइट के अनुसार फिलहाल ओमान के पास देखा गया था। इसके 21 मार्च तक अपने गंतव्य पर पहुंचने की संभावना है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को फारस की खाड़ी क्षेत्र की समुद्री स्थिति, भारतीय नाविकों और जहाजों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार फारस की खाड़ी में



24 भारतीय ध्वज वाले जहाजों पर 668 भारतीय नाविक काम कर रहे हैं, जबकि होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में तीन जहाजों पर 76 भारतीय नाविक मौजूद हैं। मंत्रालय ने बताया कि डीजी शिपिंग जहाज मालिकों, आरपीएसएल एजेंसियों और भारतीय मिशनों के साथ समन्वय बनाए हुए है। सभी जहाजों और चालक दल की लगातार निगरानी की जा रही है। 24 घंटे के नियंत्रण कक्ष के सक्रिय होने के बाद से अब तक 2,425 से अधिक कॉल और 4,441 ईमेल प्राप्त हुए हैं। 223 से ज्यादा फंसे भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई है।

भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने भी कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद ईरान भारत की ओर जाने वाले जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रास्ता देगा। उन्होंने भारत और ईरान को पुराने मित्र बताते हुए कहा कि दोनों देशों के हित और भविष्य जुड़े हुए हैं। वहीं भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा कि ईरान कभी भी होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना नहीं चाहता था। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा हालात के कारण जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है और दुनिया के नेताओं को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर युद्ध रोकने का दबाव बनाना चाहिए, क्योंकि बढ़ती तेल कीमतों से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है।

● जारी संघर्ष का असर वैश्विक समुद्री सुरक्षा पर साफ नजर आने लगा

# पश्चिम एशिया के समुद्री मार्गों पर हमले, अब तक 17 जहाजों को बनाया गया निशाना

ओमान, एजेंसी। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर वैश्विक समुद्री सुरक्षा पर साफ नजर आने लगा है। पिछले दो हफ्तों में क्षेत्र के प्रमुख समुद्री मार्गों पर कम से कम 17 जहाजों पर हमले हुए हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग और व्यापार को लेकर चिंता बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार ये घटनाएं फारस की खाड़ी, हॉर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी के आसपास हुई हैं। ऐसे में लगातार हो रहे हमलों और ड्रोन गतिविधियों ने इस पूरे समुद्री क्षेत्र को बेहद संवेदनशील बना दिया है। इस बात की जानकारी सीएनएन ने यूनाइटेड किंगडम मरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) के डेटा का हवाला देते हुए दी है। ये हमले एक मार्च से फारस की खाड़ी, हॉर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी के आसपास हुए हैं। इतना ही नहीं इन हमलों में एक भारतीय नागरिक की मौत भी हो चुकी है। संघर्ष के बीच समुद्री मार्गो पर हो रहे हमलों के बीच जॉइंट मरीटाइम इन्फॉर्मेशन सेंटर (जेएमआईसी) और यूकेएमटीओ ने चेतावनी जारी की है कि फारस की खाड़ी, हॉर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी में समुद्री खतरा गंभीर है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य में सामान्य रूप से रोजाना लगभग 138 जहाज गुजरते हैं, लेकिन अब सिर्फ 2 जहाज प्रतिदिन गुजर रहे हैं। हमले अब सिर्फ पश्चिमी देशों के जहाजों पर नहीं हो रहे, बल्कि सभी देशों और प्रकार के जहाज प्रभावित हैं। हाल ही में फुजैरा ऑयल टर्मिनल पर हमला हुआ, जिससे पता चलता है कि अब पोर्ट और ईंधन आपूर्ति सुविधाएं भी निशाना बन रही हैं।

जारी हमलों के बीच समुद्री क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक व्यवधान भी तेजी से बढ़ रहे हैं। जहाजों के नेविगेशन सिस्टम में जीएनएसएस और जीपीएस से जुड़ी गड़बड़ी, जामिंग और स्पूफिंग की घटनाएं सामने आ



रही हैं, जिससे जहाजों की सही लोकेशन का पता लगाना मुश्किल हो रहा है। एआईएस डेटा के अनुसार कई जहाज ऐसे दिखाई दे रहे हैं जो 30 नॉट्स से ज्यादा की असंभव गति से चलते हुए दर्ज हो रहे हैं या उनकी लोकेशन जमीन पर दिख रही है। यह तकनीकी बाधाएं सिर्फ फारस की खाड़ी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका असर रेड सी और बाब-एल-मांडब जलडमरूमध्य तक भी देखा जा रहा है। ऐसे में इस स्थिति का असर वैश्विक व्यापार पर भी पड़ रहा है।

# ईरान युद्ध के बीच फर्जी एआई वीडियो से प्रोपेगैंडा फैलाने का आरोप, यूएई में 10 गिरफ्तार

अबुधावी, एजेंसी। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। यूएई में ईरान युद्ध को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक और फर्जी वीडियो प्रसारित करने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किए गए हैं। इसके साथ ही इन लोगों के खिलाफ त्वरित सुनवाई के आदेश दिए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी वाम के अनुसार यूएई के अटॉर्नी जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्सी ने कहा कि सोशल मीडिया की निगरानी के दौरान ऐसे वीडियो सामने आए, जिनमें लोगों को गुमराह करने वाली सामग्री साझा की गई। आरोपियों की राष्ट्रीयता का खुलासा नहीं किया गया है। जांच में पाया गया कि कुछ वीडियो में वास्तविक फुटेज का इस्तेमाल करते हुए उन्हें गलत संदर्भ में पेश किया गया। वहीं, कई क्लिप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से तैयार किए गए थे। इनमें विस्फोट, प्रमुख इमारतों पर हमले या यूएई के अलग-अलग इलाकों में बड़े पैमाने पर आग लगने जैसे दृश्य दिखाए गए थे। अटॉर्नी जनरल के अनुसार, कुछ वीडियो में बच्चों की भावनाओं का इस्तेमाल करते हुए सुरक्षा खतरे का झूठा संकेत दिया गया। वहीं, अन्य क्लिप में विदेशी घटनाओं को यूएई से जोड़कर दिखाया गया। उनका कहना है कि ऐसे प्रयासों का उद्देश्य लोगों को भ्रमित करना और डर का माहौल पैदा करना था। अभियोजन पक्ष ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और उन्हें हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इस तरह के अपराधों के लिए कम से कम एक वर्ष की जेल और 1 लाख दिरहम से कम नहीं जुर्माने का प्रावधान है। अटॉर्नी जनरल ने साफ चेतावनी दी है कि साइबर स्पेस या नई तकनीक का गलत इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं होगा। देश की सुरक्षा और शांति से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे रक्षा प्रणालियों से जुड़े वीडियो या ऐसी कोई भी जानकारी शेयर न करें जिससे समाज में डर पैदा हो।

# ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीदें धूमिल, इस्राइली पीएम नेतन्याहू के सामने नई चुनौती

इस्लायल, एजेंसी। ईरान के खिलाफ युद्ध में सैन्य हमलों और शीर्ष नेतृत्व पर हमले के बावजूद तेहरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना कमजोर पड़ती दिख रही है। ऐसे में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अब एक नई राजनीतिक चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस्राइली सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व अब इस युद्ध को मध्य पूर्व की रणनीतिक तस्वीर बदलने वाली कार्रवाई के रूप में पेश कर रहा है, जबकि तेहरान में शासन परिवर्तन का लक्ष्य पूरा होता नहीं दिख रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इस्राइल के सैन्य व राजनीतिक नेतृत्व की ओर से ईरान के खिलाफ युद्ध को मध्य पूर्व की शक्ति संतुलन को बदल देने वाली कार्रवाई बताया जा रहा है। तेल अवीव स्थित पत्रकार और यूएस-इस्राइल थिंक टैंक इस्राइल पॉलिसी फोरम से जुड़े नीति सलाहकार नेरी जिलबर के अनुसार, नेतन्याहू इस युद्ध को ऐतिहासिक जीत बताने की कोशिश कर रहे हैं। यदि तेहरान की मौजूदा सत्ता कमजोर या समाप्त हो जाती, तो लेबनान में हिज्बुल्लाह और गाजा में हमास जैसे समूहों को मिलने वाली वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और हथियारों की आपूर्ति पर गहरा असर पड़ सकता था। इस्राइल का मानना रहा है कि इससे क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण पूरी तरह बदल



सकता है। इस्राइल ने कई बार ईरानी जनता से मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ उठ खड़े होने की अपील भी की। इस्राइल के भीतर कुछ लोग नेतन्याहू के इन संकेतों को इस रूप में देख रहे हैं कि संभवतः युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ रहा है। तेजी से बढ़ती तेल कीमतों के कारण अमेरिका की सरकार पर भी संघर्ष समाप्त करने का दबाव बताया जा रहा है। जून 2025 के बाद सिर्फ आठ महीने में ही इस्राइल फिर युद्ध में लौट आया। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान मिसाइल कार्यक्रम फिर खड़ा कर रहा था और उसे तथा अपने परमाणु कार्यक्रम को गहराई में भूमिगत ले जाने की योजना बना रहा था। इस्राइल के अखबार येदियोथ अहरोनोथ के रक्षा संवाददाता ने लिखा है कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के भीतर आंतरिक तनाव व कुछ मामलों में सैनिकों के पलायन जैसी घटनाएं सामने आई हैं। नेतन्याहू का संकेत है कि इस्राइल युद्ध के जरिए परिस्थितियां बदल पीछे हट सकता है। हालांकि तेहरान में सत्ता बरकरार रहने की स्थिति नेतन्याहू के लिए जोखिम भी पैदा कर सकती है। विश्लेषक नेरी जिलबर के अनुसार, नेतन्याहू की पूर्ण विजय की घोषणाएं वास्तविकता में नहीं बदलतीं हैं तो यह उनके खिलाफ जा सकता है।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने की बैठक

## एलपीजी सिलेंडरों की ब्लैक मार्केटिंग पर रोक लगाने, कालाबाजारी या अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में घरेलू एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर हाल के दिनों में सामने आई कुछ असुविधाओं और उपभोक्ताओं की शिकायतों पर गंभीर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने रविवार को गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिले में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) शालिनी खालखो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक (एलपीजी विक्रय) मो. मंसूर अख्तर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**प्रखंड व जिला स्तर पर होगी नियमित समीक्षा**

उपायुक्त ने बताया कि एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रखंड और जिला स्तर पर कमेटी गठित करने का डीएसओ को निर्देश दिया। प्रखंड स्तर पर प्रत्येक पखवाड़े प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) की अध्यक्षता में बैठक होगी, जबकि जिला स्तर पर प्रत्येक पखवाड़े जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) बैठक कर स्थिति की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा प्रत्येक माह उपायुक्त स्तर पर भी समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

**ब्लैक मार्केटिंग और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई**

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि एलपीजी सिलेंडरों की ब्लैक मार्केटिंग, कालाबाजारी या अवैध भंडारण की शिकायत मिलने पर संबंधित पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। आमजन ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 8986660333, 06542-242409 और 06542-241000 पर दर्ज करा सकते हैं।

**गैस एजेंसियों को सिंगल हेल्पलाइन नंबर जारी करने का निर्देश**

बैठक में तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिया गया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जिला स्तर पर एक सिंगल हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए, ताकि गैस से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए उपभोक्ताओं को अलग-अलग स्थानों पर संपर्क नहीं करना पड़े।

**घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य, निर्धारित अंतराल पर करें बुकिंग**

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है। उपभोक्ता शहरी क्षेत्र में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिनों के अंतराल पर ही सिलेंडर बुक करें। साथ ही निर्धारित सरकारी शुल्क पर ही गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

**कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों का वितरण प्राथमिकता के अनुसार**

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी की निगरानी में तेल विपणन कंपनियां और गैस एजेंसियां प्राथमिकता के आधार पर कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों का वितरण सुनिश्चित करें, ताकि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

**उपभोक्ताओं से अनावश्यक बुकिंग नहीं करने की अपील**

जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या घबराहट में आकर अनावश्यक बुकिंग नहीं करें। जिले में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और स्थिति पूरी तरह सामान्य है। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि बोकारो जिले में एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

# सरहुल पूजा महोत्सव में डीआइजी व पुलिस अधीक्षक भी हुए शामिल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के सेक्टर 12 पुलिस लाइन मैदान में पुलिस परिवार की तरफ से सरहुल पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। सरहुल पूजा महोत्सव में डीआईजी बोकारो आनंद प्रकाश, एसपी बोकारो हरविंदर सिंह सभी डीएसपी के साथ-साथ तमाम पुलिस के पदाधिकारी और पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी ने शिरकत की। इस दौरान पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की गई। बोकारो पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष ने डीआईजी एसपी और तमाम डीएसपी को आदिवासी पगड़ी और बांडी पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान मंदार की थाप पर सभी अधिकारी नृत्य करते नजर आए। इस कार्यक्रम में आदिवासी समाज की महिलाओं ने भी सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की। बोकारो के डीआईजी आनंद प्रकाश ने कहा कि सरहुल प्रकृति का पर्व है इसे समृद्धि का भी प्रतीक माना जाता है ।हमारे आदिवासी जनजातीय समाज में इस परंपरा को बचाए रखना की जरूरत है। हमें इस राज्य में जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए भी तत्पर होना होगा। क्योंकि अगर जल जंगल जमीन नहीं रहेगा तो हमारा अस्तित्व भी नहीं रहने वाला। इसीलिए हम सभी को इस प्रकृति को बचाने के लिए काम करना चाहिए।





# बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ ने मनाया महिला दिवस



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ के कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस यूनियन के उपाध्यक्ष स्वेता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मनाया गया ' इसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्टील फेडरेशन के महामंत्री सह एन जे सी एस सदस्य,सह राष्ट्रीय ठेका श्रम सलाहाकार बोर्ड के सदस्य रंजय कुमार भी उपस्थित रहे ' उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के बिना पूरा संसार अधूरा है भारतीय मजदूर संघ महिलाओं के सम्मान और अधिकार के लिये 8 मार्च से 15 मार्च तक महिला पखवाड़ा दिवस मनाने का राष्ट्रीय स्तर पर निर्णय लिया था जो एक सराहनीय कदम है। आज महिला प्रत्येक क्षेत्र मे अग्रणी की भूमिका निभा रहीं हैं ' बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ के महामंत्री विनोद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिला मजदूर, किसान, कर्मचारी, छात्रा, शिक्षिका, वैज्ञानिक, कलाकार और समाज के हर क्षेत्र में संघर्षरत बहनों—को हार्दिक शुभकामनाएँ और अभिनंदन करता हूँ। महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यह उन ऐतिहासिक संघर्षों की याद दिलाने का दिन है जिनके बल पर महिलाओं ने समान अधिकार, सम्मानजनक काम, समान वेतन, सामाजिक न्याय और गरिमापूर्ण जीवन के लिए लंबी लड़ाइयाँ लड़ी हैं। आज भी कार्यस्थलों पर असमान वेतन, असुरक्षित काम के हालात, असंगठित क्षेत्र में भारी संख्या में काम करने वाली महिलाओं की समस्याएँ और सामाजिक भेदभाव जैसी चुनौतियाँ हमारे सामने मौजूद हैं। हमारा दायित्व है कि हम महिलाओं के श्रम, योगदान और नेतृत्व को सम्मान दें तथा समानता, स्वतंत्रता और न्याय पर आधारित समाज के निर्माण के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करें। आइए, इस अवसर पर हम यह संकल्प लें कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, सुरक्षित कार्यस्थल, समान अवसर और सामाजिक सम्मान सुनिश्चित करने के लिए अपने संघर्ष को और मजबूत करेंगे। इस अवसर पर महिला मोर्चा के नगर अध्यक्ष ममता गोस्वामी ,शारदा कुमारी, कुमारी स्वाति, सीमा सिंह, सुनीता श्रीवास्तव, नीलम उपाध्याय, सीमा शर्मा, मुनि, पूजा सिन्हा, रीता कुमारी, छाया श्रीवास्तव तथा यूनियन के मंत्री शशि भूषण सिंह, आशीष कुमार,अनिल कुमार, राजेश कुमार महतो, अरविंद कुमार सिंह, सुभाष कर्मकार उपस्थित रहे।

# तेनुघाट उपकारा में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन





**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट स्थित उपकारा में आज जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन के साथ मेडिकल कैंप भी लगाया गया। शिविर में व्यवहार न्यायालय तेनुघाट के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय ने बीएनएनएसएस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैदियों के मामलों का निष्पादन किस प्रकार किया जाता है। उन्होंने जेल बंदियों को ईद एवं रामनवमी पर्व की बधाई दी। कानूनी जागरूकता शिविर की अगुवाई कर रहे प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय ने बंदियों को बताया कि कानून सभी के लिए बराबर है चाहे वह अमीर हो या गरीब इसलिए हमें हमेशा कानून के दायरे में रहकर कार्य करना चाहिए। ताकि आप किसी भी प्रकार के गलत कार्य से बच सके। आगे बंदियों को बताया कि जेल में पीएलवी हमेशा आते हैं और उन्हें बंदी अपने समस्या बता सकते हैं। अगर आपको किसी प्रकार की समस्या है तो वह जानकारी लेकर न्यायालय में आते हैं और आपकी समस्या का समाधान हो सकता है। वहीं शिविर में अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट के चिकित्सा प्रभारी डॉ शंभू कुमार ने बंदियों को बताया कि ज्यादातर लोग जमानत मिल जाने के बाद न्यायालय नहीं आते हैं, जिससे उनका दुबारा वारंट होता है और जेल जाने की हालात हो जाते हैं। इसलिए उन्हें हमेशा अपने अधिवक्ता से बात कर अपने मुकदमा की जानकारी लेना चाहिए। पैनल अधिवक्ता राकेश कुमार ने कहा कि जब यहां पैनल अधिवक्ता और पीएलवी आते हैं तो आप उनसे अपनी न्यायालय में चलनेवाले मुकदमा के बारे में जानकारी ले सकते हैं। स्वागत भाषण एवं मंच संचालन कर रहे अधिवक्ता सुभाष कटरियार ने बताया कि सरकार द्वारा हमेशा जेल प्रशासन को निर्देश दिया जाता है कि यहां रह रहे बंदी को सभी तरह की सुविधा मिलनी चाहिए और आपके सभी तरह के सुविधा प्रदान होती है। धन्यवाद ज्ञापन कर रहे जेलर नीरज कुमार ने बताया कि प्रतिमाह जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर के साथ-साथ मेडिकल कैंप भी लगाया जाता है। जिसमें सभी बंदी अपना इलाज करवाते हैं और स्वस्थ होते हैं। आज भी कई बंदियों ने अपने इलाज कराया। इस अवसर पर संजय कुमार मंडल, इस्तियाक अंसारी, विजय कुमार, मदन प्रजापति सहित जेल कर्मी भी मौजूद थे।

# बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने की चुनाव में हिस्सा लेने वाले प्रत्याशियों की सूची जारी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ के आगामी चुनाव सत्र 2026झ्र29 के अंतर्गत आज चुनाव समिति द्वारा अंतिम प्रत्याशी सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया। इस अवसर पर सभी प्रत्याशियों की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया के अगले चरणों की जानकारी भी साझा की गई। चुनाव समिति ने बताया कि आगामी चुनाव 22 मार्च 2026 को गुप्त मतदान के माध्यम से सम्पन्न कराया जाएगा। इस चुनाव में कुल 33 पदों के लिए चुनाव होगा, जिसमें अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष तथा विभागवार 28 कार्यसमिति सदस्य एवं 2 महिला प्रतिनिधि शामिल हैं। चुनाव समिति ने सभी प्रत्याशियों से अपील की है कि वे चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सकारात्मक माहौल में सम्पन्न कराने में सहयोग करें तथा कर्मचारियों के मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से सामने रखें। इस अवसर पर संघ की ओर से मीडिया के माध्यम से बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन से एक विनम्र अनुरोध भी किया गया। संघ द्वारा 23/10/2024 को यूनियन कार्यालय के आवंटन हेतु पत्र दिया गया था, जिसका 01/12/2025 को स्मरण पत्र भी दिया गया, लेकिन अभी तक इस विषय पर कोई ठोस व्यवस्था नहीं हो पाई है। वर्तमान परिस्थिति में संघ के प्रतिनिधियों को बैठक एवं संगठनात्मक कार्यों के लिए सड़क, मैदान या खुले स्थानों पर बैठक करनी पड़ती है। पहले केवल पुरुष सदस्य होने के कारण कठिनाई अपेक्षाकृत कम थी, परंतु अब संघ की कार्यसमिति में महिला प्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए संघ ने प्रबंधन से अनुरोध किया है कि महिला सुरक्षा, सम्मान एवं संगठनात्मक कार्यों की गरिमा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द एक उपयुक्त यूनियन कार्यालय का आवंटन किया जाए, ताकि संघ अपने कार्यों को व्यवस्थित एवं सम्मानजनक वातावरण में संचालित कर सके।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष ने किया दावत-ए- इफ्तार का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के सेक्टर 4 स्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के आवासीय कार्यालय में रविवार को दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया। इफ्तार कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सहित महागठबंधन के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। रोजेदारों ने सामूहिक रूप से इफ्तार किया और एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। इस मौके पर मौजूद नेताओं ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव का संदेश देता है।



# विकास कार्यों को गति देना हमारी प्राथमिकता : मंत्री योगेंद्र प्रसाद

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड के पेयजल, स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गोमिया प्रखंड क्षेत्र के साड़म पूर्वी पंचायत अंतर्गत दलाल टोला में कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उन्हें फूल-माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि समाज के हर वर्ग की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति देना हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं।

# यूजीसी बिल के पक्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को हीरापुर एलसीरोड स्थित लक्सेस होटल में एक विचार गोष्ठी का आयोजन अखिल भारतीय अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में किया गया। यूजीसी की नई गाइड लाइन के पक्ष में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता गणपत महतो ने की। संचालन गोपाल यादव व धन्यवाद ज्ञापन दयाराम यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ओम सुधा ने कहा कि यूजीसी गाइड लाइन राष्ट्रहित में में है. यह बात किसी से छुपी हुयी नहीं है की विश्वविद्यालय में दलितों -आदिवासियों के साथ- साथ पिछड़ों के साथ भी भेदभाव होता है। भेदभाव के खिलाफ कानून के पक्ष में समाज के हर जाति-वर्ग के लोगों को खड़ा होना होना चाहिए। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महेश यादव ने कहा की दलित, पिछड़ा, आदिवासी समाज सदियों से भेदभाव झेल रहा है। विश्वविद्यालय कैंपस भी अछूता नहीं है।हम इस मामले में कानून लागू होने तक लड़ेंगे। हमारा संगठन इस मुद्दे पर पूरे देश में आंदोलन कर रहा है। आगामी 24 मई को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में इस मुद्दे पर राष्ट्रीय अधिवेशन किया जा रहा है, जिसमे राष्ट्रीय आंदोलन की रूप रेखा तय की जाएगी।मौके पर रामप्रवेश यादव, अधिवक्ता राकेश यादव, शिवदत्त, गुलशन खातून, दयाराम यादव, अशोक कुमार रवानी, लाली महतो, अजय दास, सत्येंद्र शर्मा, अभिषेक दास, डॉ कामता प्रसाद यादव, रामसेवक पासवान, अभय कुमार, मनोज कुमार यादव, रंजन गुप्ता, ऋषि कुमार, संजय कुमार महतो, जयलाल प्रसाद, राजकुमार गोप समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# बोकारो चैप्टर ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

## जीएसटी, जीएसटी ट्रीब्यूनल एवं इनपुट टैक्स क्रेडिट पर हुई विस्तृत चर्चा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** द इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स बोकारो चैप्टर के तत्वावधान में बोकारो शहर के सेक्टर 5 स्थित सीएमए भवन में आज दिन रविवार को "जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) में वर्तमान परिवर्तन एवं विवादों के समाधान तथा माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) की समीक्षा, व्यावहारिक पहलू एवं इनपुट टैक्स क्रेडिट के सापेक्ष विवादों के समाधान" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता कोलकाता से पधारे प्रैक्टिसिंग चार्टर्ड अकाउंटेंट गोपाल सोनीका, मुख्य वक्ता के रूप में, बतौर मुख्य अतिथि बोकारो इस्पात संयंत्र वित्त एवं लेखा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक निर्मल कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएसएल के वित्त व लेखा विभाग के पूर्व महाप्रबंधक सुरेंद्र नाथ चौबे सेल/एसआरयू के मुख्य महाप्रबंधक पीसी मिश्रा सहित बीएसएल वित्त व लेखा विभाग के अन्य उप महाप्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक, अन्य वरीय अधिशासी, प्रैक्टिसिंग कॉस्ट अकाउंटेंट, बोकारो चैप्टर के फेकल्टी,सीएमटी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सेमिनार का प्रारंभ मुख्य अतिथि सीजीएम निर्मल कुमार सिंह, मुख्य वक्ता प्रैक्टिसिंग अकाउंटेंट गोपाल सोनीका, बीएसएल के वित्त एवं लेखा विभाग के पूर्व जीएम व बोकारो चैप्टर के भूतपूर्व अध्यक्ष व सचिव रह चुके एसएन चौबे, बोकारो चैप्टर के पूर्व सचिव व बीएसएल के वित्त एवं एवं लेखा विभाग के महाप्रबंधक रमेश चंद्रा बीएसएल के वित्त एवं लेखा विभाग के महाप्रबंधक सह बोकारो चैप्टर के वर्तमान उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, बोकारो इस्पात संयंत्र के वित्त व लेखा विभाग के डीजीएम व बोकारो चैप्टर के सचिव मनोज कुमार एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम का संचालन बीएसएल के वरीय अधिशासी कृष्ण चंद्र ने किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात बीएसएल के उप महाप्रबंधक सह बोकारो चैप्टर के वरीय फैकेल्टी वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बोकारो चैप्टर ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट के इतिहास, गतिविधियों एवं अन्य कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 1969 से प्रारंभ यह चैप्टर आज तक 500 से ज्यादा क्वालिफाइड लागत लेखाकार दे चुका है। इसके अतिरिक्त बोकारो चैप्टर ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट को दो बार ईस्टर्न इंडिया के बेस्ट चैप्टर का अवार्ड भी मिल चुका है। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं वरीय प्रोफेशनल्स का स्वागत, पुष्पगुच्छ देकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात बीएसएल के वित्त व लेखा विभाग के महाप्रबंधक सह बोकारो चैप्टर के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रोफेशनल्स का स्वागत गुलाब का पुष्प प्रदान कर किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि एसएन चौबे ने बोकारो चैप्टर की पृष्ठभूमि एवं गतिविधियों की चर्चा करते हुए बोकारो चैप्टर की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री निर्मल कुमार सिंह ने बताया कि जिस प्रकार बहादुर सैनिक देश की सीमा पर हमारे राष्ट्र की सुरक्षा करते हैं उसी प्रकार लेखाकार, राष्ट्र के वित्तीय पहलुओं के विभिन्न आयाम पर गहनता से निरीक्षण करते हुए अपनी सेवा प्रदान करते हैं- चाहे किसी सरकारी/ अर्ध सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान या प्रतिष्ठित निजी संस्थान के कर्मचारियों के रूप में अथवा प्रैक्टिसिंग प्रोफेशनल्स के रूप में। उन्होंने छात्रों को अनवरत कड़ी मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य को साधने के प्रति कृत संकल्पित होने को कहा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता गोपाल सोनिका ने जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) में वर्तमान परिवर्तन को विस्तार से बताते हुए विवाद और उलझन से निपटने के तौर तरीके एवं विधिक समाधान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कुछ प्रमुख कोर्ट केसेस का उदाहरण देते हुए उन्होंने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) की समीक्षात्मक व्याख्या की। इसके व्यावहारिक पहलू एवं इनपुट टैक्स क्रेडिट के सापेक्ष में विवादों के समाधान की प्रक्रिया को बताया। टी ब्रेक के बाद आयोजित दूसरे तकनीकी सत्र में माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण का विवरण देते हुए उन्होंने प्रैक्टिसिंग प्रोफेशनल्स एवं आम टैक्स पेयर्स(आम कर दाता) के लिए उपयोगी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने एनुअल रिटर्न फाइलिंग की तैयारी के महत्वपूर्ण बिंदुओं को एलईडी के माध्यम से स्पष्ट करते हुए व्यापक समीक्षात्मक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन बोकारो इस्पात संयंत्र के वित्त व लेखा विभाग के पूर्व अधिशासी एवं बोकारो चैप्टर के मानद निदेशक उदय शंकर भास्कर के द्वारा मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता, विशिष्ट अतिथियों, प्रैक्टिसिंग कॉस्ट अकाउंटेंट, मीडियाकर्मियों एवं छात्र-छात्राओं के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ। श्री भास्कर ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति बोकारो चैप्टर की तरफ से आभार प्रकट करते हुए कहा कि अनवरत परिश्रम ही हमारी सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम के सफल संपादन में बोकारो चैप्टर से जुड़े बोकारो इस्पात संयंत्र के वित्त व लेखा विभाग के वरीय अधिशासियों रमेश चंद्रा धर्मेंद्र कुमार वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव मनोज कुमार डीजीएम धर्मेंद्र कुमार प्रह्लाद कुमार सीएमटी एवं चैप्टर के छात्रों सौरभ मंडल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com